



खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र






Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | गुरुवार, 21 अगस्त, 2025 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु. | वर्ष-7 | अंक-231


### सुप्रीम कोर्ट ने 16 साल की लड़की की शादी को वैध ठहराया

# मुस्लिम पर्सनल लॉ के मुताबिक चल रहा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)।**

जिस देश में वोट डालने की परिपक्वता-उम्र 18 वर्ष निर्धारित की गई है, उसी देश का सुप्रीम कोर्ट 16 वर्ष की कम उम्र में हुई किसी लड़की की शादी को पूरी तरह कानूनी घोषित कर देता है। जिस भारत देश का अपना संविधान और कानून है, उस देश में सुप्रीम कोर्ट मुस्लिम पर्सनल लॉ के नियमों का हवाला देते हुए 16 साल की बच्ची की शादी को वैध करार देता हो, उसके बारे में क्या कहा जाए! यह अच्छा संकेत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट का यह बेजोड़ फैसला यही बताता है कि भारतीय संविधान और कानून से अधिक संगत मुस्लिम पर्सनल लॉ के प्रावधान हैं। यह तब हो रहा है जब देश में समान नागरिक संहिता लागू करने की आवश्यकता महसूस की जा रही हो। फिर एक्टिविज्म पर उतारू सुप्रीम कोर्ट को मतदान की उम्र भी तत्काल प्रभाव से 16 वर्ष कर देनी चाहिए, या उसे मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड से इस बारे में निर्देश लेना चाहिए।

**सुप्रीम कोर्ट ने ताक पर रख दिया संविधान और कानून**




सुप्रीम कोर्ट ने 16 साल की नाबालिग मुस्लिम लड़की की शादी को वैध करार दिया है। यह फैसला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की याचिका खारिज कर दी। एनसीपीसीआर ने पंजाब और हरियाणा हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा 16 साल की मुस्लिम लड़की की शादी को कानूनी तौर पर वैध करार देने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को याचिका दाखिल करने का अधिकार नहीं है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी जिसमें हाई कोर्ट ने 16 साल की मुस्लिम युवती की शादी को कानूनी तौर पर वैध करार दिया था। हाई कोर्ट ने मुस्लिम पर्सनल लॉ के आधार पर शादी को वैध करार दिया था। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग का कहना था कि यह फैसला बाल विवाह निषेध कानून 2006 के विपरीत है। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने मुस्लिम पर्सनल लॉ के आधार पर इस शादी को वैध करार देते हुए एक मुस्लिम जोड़े को सुरक्षा प्रदान की थी।

**मतदान की उम्र 18 साल, पर शादी की उम्र 16 साल!**

उल्लेखनीय है कि पॉक्सो एक्ट के तहत 18 साल से कम उम्र की लड़की से शारीरिक संबंध बनाना अपराध है, भले ही वह लड़की की सहमति से बनाया गया हो।

▶10 पर

### केंद्रीय गृह मंत्री ने लोकसभा में पेश किया संवेदनशील विधेयक

# पीएम-सीएम-मंत्री 30 दिन जेल में रहे तो पद मुक्त

**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)।**



भारत सरकार की तरफ से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तीन विधेयक सदन में पेश किए। विधेयक के मुताबिक अगर प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, किसी राज्य के मुख्यमंत्री या केंद्र शासित प्रदेश के मंत्री को गंभीर आपराधिक मामलों में 30 या उससे अधिक दिनों के लिए गिरफ्तार या हिरासत में लिया जाता है तो उन्हें उनके पद से हटाया जा सकेगा। अमित शाह ने जैसे ही यह विधेयक पेश किया, विपक्षी सांसदों ने विरोध करना शुरू कर दिया। उन्होंने विधेयकों की प्रतियां फाड़कर शाह की तरफ फेंकी। इसके साथ ही वे नारेबाजी करते हुए सदन के बीच में पहुंच गए। इस हंगामे के कारण दो बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ये विधेयक जल्दबाजी में नहीं लाए गए हैं। इन्हें संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भी भेजा जाएगा, जिसमें सभी दलों के सांसद सुझाव दे सकेंगे। शाह ने कहा, हमें इतना भी बेशर्म नहीं होना चाहिए कि गंभीर आरोपों में जेल में होने के बावजूद संवैधानिक पदों पर बने रहें। कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल और एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी जैसे विपक्षी सांसदों ने इस विधेयक का विरोध किया और इसे संविधान और संघीय ढांचे के खिलाफ बताया।

**आपराधिक आरोपों पर लोक-सेवक रहने का अधिकार नहीं**

**विपक्ष के विरोध पर विधेयक को जेपीसी भेजने का निर्णय**

ये तीन विधेयक केंद्र शासित प्रदेश (संशोधन) विधेयक 2025; संविधान (130वां संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 हैं। इनका मकसद यह है कि अगर प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री को किसी गंभीर अपराध में गिरफ्तार कर लगातार तीस दिनों तक जेल में रखा जाता है, तो 31वें दिन वे अपने पद से हटा दिए जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और तमिलनाडु के मंत्री वी. सेंथिल बालाजी ने गिरफ्तारी के बावजूद अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया था। एक विधेयक में प्रावधान है कि अगर कोई मंत्री लगातार तीस दिनों तक किसी ऐसे अपराध के आरोप में हिरासत में रहता है, जिसकी सजा पांच साल या उससे अधिक हो सकती है, तो राष्ट्रपति उन्हें प्रधानमंत्री की सलाह पर 31वें दिन हटा देंगे। अगर प्रधानमंत्री सलाह नहीं देते, तो 31वें दिन के बाद वह व्यक्ति खुद-ब-खुद मंत्री पद से हटा हुआ माना जाएगा। विपक्ष ने इन विधेयकों को तानाशाही वाले और अलोकतांत्रिक बताया और भाजपा पर देश को पुलिस राज्य में बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि ये विधेयक पूरी तरह से तानाशाही वाले हैं और संविधान के खिलाफ हैं। ▶10 पर

### रूसी राजनयिक ने कहा, भारत पर अमेरिकी दबाव गलत

# रूस से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा भारत

**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)**




। रूस से कच्चा तेल खरीद रहे भारत पर अमेरिका का दबाव बिल्कुल अनुचित है। वरिष्ठ रूसी राजनयिक एवं रूसी मिशन के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने कहा, हमें विश्वास है कि बाहरी दबाव के बावजूद भारत-रूस के बीच ऊर्जा सहयोग जारी रहेगा। रूस के राजनयिक ने कहा कि यह भारत के लिए एक चुनौतीपूर्ण स्थिति है और हमें नई दिल्ली के साथ अपने संबंधों पर भरोसा है। रूसी राजनयिक ने कहा कि वाशिंगटन भारत को मित्र देश कहता है, पर दोस्त जैसा व्यवहार नहीं करता।

**अमेरिका भारत को दोस्त कहता है, पर दोस्त जैसा नहीं**

रूस के विरुद्ध पश्चिमी देशों के दंडात्मक उपायों पर रूसी राजनयिक ने कहा कि प्रतिबंध उन लोगों पर ही प्रहार कर रहे हैं जो इन्हें लगा रहे हैं। पश्चिमी देशों की ओर से लगाए जा रहे दंडात्मक उपाय उनका ही नुकसान कर रहे हैं। बाबुश्किन ने कहा, प्रतिबंध उन लोगों पर ही प्रहार कर रहे हैं जो इन्हें लगा रहे हैं। मौजूदा वैश्विक उथल-पुथल के बीच स्थिरता लाने वाली ताकत के रूप में ब्रिक्स की भूमिका बढ़ेगी। बाबुश्कि की यह टिप्पणी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ को दोगुना कर 50 प्रतिशत करने के बाद भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में तनाव की पृष्ठभूमि में आई है। इसमें रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त जुर्माना भी शामिल है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इस महीने एक कार्यकारी आदेश जारी कर नई दिल्ली द्वारा रूसी तेल की निरंतर खरीद के लिए दंड के रूप में भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया। रूस से कच्चे तेल की खरीद का बचाव करते हुए भारत यह कहता रहा है कि उसकी ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हित और बाजार की गतिशीलता से प्रेरित है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद पश्चिमी देशों द्वारा मास्को पर प्रतिबंध लगाने और उसकी आपूर्ति बंद करने के बाद भारत ने छूट पर बेचे जाने वाले रूसी तेल को खरीदना शुरू कर दिया। ▶10 पर

### चुनाव आयोग ने फिर जारी किया ताजा बुलेटिन

## किसी भी पार्टी ने दर्ज नहीं कराई आपत्ति




**पटना, 20 अगस्त (एजेंसियां)।**

राष्ट्रीय चुनाव आयोग द्वारा बिहार में किए जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में बार-बार आग्रह और आह्वान के बावजूद अब तक किसी भी राजनीतिक दल ने चुनाव आयोग में एक भी आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। चुनाव आयोग ने साफ-साफ कहा है कि बिहार की अंतिम मतदाता सूची में कोई भी योग्य मतदाता छूटेगा नहीं और कोई भी अयोग्य मतदाता जुड़ेगा नहीं।

उधर, एसआईआर प्रक्रिया के विरोध में इंडी गठबंधन चुनाव आयोग पर लगातार हमलावर है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अन्य विपक्षी नेता मतदाता पुनरीक्षण कार्य के विरोध में वोट अधिकार यात्रा कर रहे हैं। ▶10 पर

### लोकसभा से पारित हुआ ऑनलाइन गेमिंग विधेयक 2025

## बच्चों को गेमिंग की लत से बचाने की सार्थक पहल




**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)।**

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन व विनियमन विधेयक, 2025 पेश किया। जिसे निचले सदन ने पास कर दिया। सरकार की ओर से सदन में पेश किए गए बिल में पैसे के इस्तेमाल से खेली जाने वाले ऑनलाइन गेम्स पर पूर्ण प्रतिबंध की बात कही गई है। इन गेम्स के कारण बच्चों और युवाओं को इसकी लत लग जाती है। इसके अलावा उन्हें वित्तीय नुकसान भी होता और इस कारण आत्महत्याएं भी होती हैं। सरकार का अनुमान है कि लगभग 45 करोड़ लोग हर साल ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग में करीब 20,000 करोड़ रुपए गंवाते हैं। ▶10 पर

### अब सरकार ने बनाई अयोग्य राशन कार्ड धारकों की लिस्ट

## 1.17 करोड़ लोगों के नाम काटने का राज्यों को निर्देश



**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)।**

केंद्र की मोदी सरकार ने राशन कार्ड धारकों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सरकार ऐसे कार्ड धारकों की लिस्ट तैयार कर रही है जो मुफ्त राशन योजना के लिए पात्र नहीं हैं, सरकार की मानें तो वे ऐसे लोग हैं जिनकी आय ज्यादा है और वो टैक्स भरते हैं या फिर उनके घरों में लोग चार पहिया वाहनों के मालिक हैं। केंद्र ने इसको लेकर राज्य सरकारों को 1 करोड़ से ज्यादा लोगों के नाम काटने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि ऐसे लोगों पर अंकुश लगाया जा सके। दरअसल केंद्र सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने आयकर विभाग (करदाता), कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (निदेशक) और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (चार पहिया वाहन मालिक) ▶10 पर

### एनसीईआरटी ने जारी किया नया पाठ्य मॉड्यूल

## पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर के बारे में पढ़ेंगे छात्र




**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)।**

एनसीईआरटी ने अपने नए पाठ्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर को शामिल किया है। इसमें ऑपरेशन सिंदूर को सैन्य सफलता, तकनीकी सफलता और राजनीतिक संदेश, सब एक साथ बताया गया है। एनसीईआरटी ने दो मॉड्यूल जारी किए हैं, एक प्रारंभिक (कक्षा 3 से 5), मिडिल स्टेज (कक्षा 6 से 8) के लिए और दूसरा सेकेंडरी स्टेज (कक्षा 9 से 12) के लिए।

स्कूली छात्रों के लिए ऑपरेशन सिंदूर पर एनसीईआरटी के नए मॉड्यूल के अनुसार, पहलगाम हमले का सीधे तौर पर पाकिस्तान के सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व ने आदेश दिया था और भारतीय वायु सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कमांड और नियंत्रण केंद्र, रडार, सतह से हवा में मार करने वाले निर्देशित हथियार, ▶10 पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $27^0$

न्यूनतम : $22^0$

### कारोबारी घरानों की सूची में यूपी के 19 अमीर परिवार

# कारोबारी घरानों में उत्तर प्रदेश का दबदबा

***लखनऊ, 20 अगस्त (एजेंसियां)।***

देश के रसूखदार परिवारों और कारोबारी गलियारों में उत्तर प्रदेश का दबदबा बढ़ रहा है। इसी का नतीजा है कि बार्कलेज हुरुन इंडिया की ओर से जारी देश के सबसे मूल्यवान कारोबारी घरानों की सूची में उत्तर प्रदेश के 19 अमीर परिवार शामिल हैं। इनकी नेटवर्थ करीब 10 लाख करोड़ रुपए है। इस सूची में पहली बार कानपुर शामिल नहीं है। कानपुर से पिछली सूची में घड़ी डिटर्जेंट और जेके परिवार शामिल थीं।

एक साल में यूपी के कारोबारी घरानों की सूची में शामिल संख्या 16 से बढ़कर 19 हो गई है।

**बार्कलेज हुरुन इंडिया ने जारी की रिपोर्ट**



यूपी के घरानों में लखनऊ की पीटीसी इंडस्ट्रीज और आगरा की अग्रवाल परिवार है। वहीं, 15 घराने नोएडा और दो गाजियाबाद के हैं। लखनऊ की पीटीसी परिवार ने 23400 करोड़ के कारोबार के साथ सूची में जगह बनाई है। अंबानी परिवार 28.2 लाख करोड़ रुपए के मूल्य के साथ सूची में शीर्ष पर है। वहीं, 6.5 लाख करोड़ के साथ कुमार मंगलम बिड़ला परिवार दूसरे और 5.7 लाख करोड़ के साथ जिंदल परिवार तीसरे स्थान पर है।

सूची में शामिल 300 कारोबारी परिवार 20 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार दे रहे हैं। इन परिवारों ने 1.8 लाख करोड़ रुपए आयकर दिया। वहीं, 22 कंपनियों की कमान महिलाओं के हाथों में है। 89 प्रतिशत कंपनियां उत्पाद और 11 प्रतिशत सेवाएं बेचती हैं। देश के सबसे मूल्यवान परिवार बिजनेस की सूची में 300 परिवार हैं। इनका कुल कारोबार 134 लाख करोड़ रुपए है जो तुर्की व फिनलैंड समेत 56 देशों के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से ज्यादा है। ▶10 पर

## अंबानी परिवार की सम्पत्ति अडाणी से दोगुनी

**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)।**

हुरुन-बार्कलेज की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश के 300 सबसे मूल्यवान भारतीय परिवारों के पास 1.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (140 लाख करोड़ रुपए) से अधिक की सम्पत्ति है। यह देश की जीडीपी के 40 प्रतिशत से भी अधिक है। अकेले अंबानी परिवार की सम्पत्ति जीडीपी का 12 प्रतिशत है। अरबपति मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाले अंबानी परिवार के पास 28 लाख करोड़ रुपए की सम्पत्ति है। यह अडाणी परिवार की 14.01 लाख करोड़ रुपए की सम्पत्ति से दोगुनी से भी अधिक है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश के 300 सबसे मूल्यवान भारतीय परिवारों के पास 1.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (140 लाख करोड़ रुपए) से अधिक की सम्पत्ति है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 40 प्रतिशत से भी अधिक है। अकेले अंबानी परिवार की सम्पत्ति देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 12 प्रतिशत है। हुरुन-बार्कलेज की रिपोर्ट के अनुसार, अंबानी परिवार की सम्पत्ति में पिछले वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे यह देश में सबसे मूल्यवान पारिवारिक व्यवसाय के रूप में अपनी रैंकिंग बरकरार रखने में सफल रहा है। वहीं दूसरी ओर, अडाणी समूह पहली पीढ़ी के उद्यमी की ओर से शुरू किया गया देश का सबसे मूल्यवान व्यवसाय है।

रिपोर्ट में दिए गए, आंकड़ों के अनुसार कुमार मंगलम बिड़ला परिवार की सम्पत्ति पिछले साल 20 प्रतिशत बढ़कर 6.47 लाख करोड़ रुपए हो गई। वे पीढ़ी दर पीढ़ी आधार पर सम्पत्ति अर्जित करने वाले परिवारों की सूची में एक स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ▶10 पर



# पाक के कराची में बरसात से भारी तबाही,10 लोगों की मौत

इस्लामाबाद,20 अगस्त (एजेंसियां) ।

**पाकिस्तान के प्रमुख बंदरगाह शहर कराची में मंगलवार को बारिश ने भारी तबाही मचाई। सिंध सरकार ने स्थिति की गंभीरता को देखते लोगों से कामकाज बंद रखने की अपील की है। भारी बारिश के कारण सारा शहर बाढ़ की चपेट में है।घरों में पानी भर गया है। बिजली के करंट का झटका लगने, डूबने और दीवारें गिरने की घटनाओं में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई है।**

अभी भी कई इलाकों में बिजली गुल है। इस दौरान इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बाधित रहीं। गुलशन-ए-हदीद में सबसे ज्यादा 170 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। अभी भी कामकाजी और अन्य लोग मलीर सहित कई इलाकों में कई फीट पानी भर जाने के कारण फंसे हुए हैं। बाशिंदों को यह स्थिति 2022 की विनाशकारी बारिश की याद दिलाती है।

खबर के अनुसार, पाकिस्तान का दक्षिणी हिस्सा मंगलवार को मानसून की सबसे भीषण बारिश से तबाह हो गया। बारिश ने महानगर कराची में भारी तबाही मचाई है। सभी प्रमुख सड़कें और अंडरपास जलमग्न है और जनजीवन अस्त-व्यस्त है। दिन के पहले पहर शुरू हुई बारिश सूर्यास्त तक थोड़े समय के लिए, रुक-रुक कर जारी रही। बरसात से कराची का पहले से जर्जर बुनियादी ढांचा चरमरा गया।

सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने प्रांत के सरकारी, अर्ध-सरकारी, स्वायत्त और निजी संस्थानों के लिए सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की। उन्होंने स्कूलों को भी बंद रखने का आदेश जारी किया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने फोन पर उनसे बातचीत कर हालात का जायजा लिया।

बलोचिस्तान के 15 जिलों में हो रही बरसात: प्रांतीय आपदा अधिकारी मोहम्मद यूनिस ने बताया कि बलोचिस्तान के 15 जिलों में भी बारिश हो रही है और प्रांत को सिंध से जोड़ने वाला मुख्य राजमार्ग भारी वाहनों के लिए बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि दो जिलों में 40 से 50 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं।

पूर्वानुमान और चेतावनी: पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग ने आने वाले दिनों में सिंध और बलोचिस्तान के कुछ हिस्सों में मूसलाधार बारिश का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से तेज मानसूनी हवाएं लगातार मुल्क में प्रवेश कर रही हैं। यह हवाएं खासकर दक्षिणी क्षेत्रों को प्रभावित कर रही हैं। विभाग ने चेतावनी दी है कि मूसलाधार बारिश से कराची, हैदराबाद, बदीन, सजावल और आसपास के जिलों सहित सिंध के निचले इलाकों में बाढ़ आ सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### बलोचिस्तान में पाकिस्तान की संघीय सरकार समर्थित चार लोगों की हत्या



**क्वेटा (बलोचिस्तान) पाकिस्तान।** बलोचिस्तान प्रांत के पंजगुर में पाकिस्तान की संघीय समर्थित समूह पर सशस्त्र हमले में चार लोगों की मौत हो गई। यह हमला सोमवार देररात पंजगुर के सोर्डो इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक घर पर किया। हमले में एक व्यक्ति घायल भी हो गया। द बलोचिस्तान पोस्ट ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। मृतकों की पहचान गुलाम सरवर के बेटे इस्लाम और निजाम (दोनों गेचक, सोर्डो निवासी), हबीबुल्लाह पुत्र शाह मोहम्मद (ग्रेशा, खुजदार निवासी) और अली अहमद (क्वेटा निवासी) के रूप में हुई है। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि मारे गए लोग पाकिस्तान की संघीय समर्थक समर्थित सशस्त्र समूह से जुड़े थे। ऐसे लोगों को इलाके में डेथ स्क्वाड कहा जाता है।इन समूहों पर जबरन गायब करने, राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं की हत्या करने, मादक पदार्थों की तस्करी व फिरौती के लिए अपहरण जैसी आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। इस हमले की अभी तक किसी भी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, अतीत में ऐसी घटनाओं की जिम्मेदारी अक्सर बलोच स्वतंत्रता समर्थक सशस्त्र समूहों ने ली है। बलोचिस्तान में आजादी समर्थकों की आवाज को दबाने के लिए पाकिस्तान ने बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों की तैनाती की है।

### स्विट्जरलैंड ने की रूस-यूक्रेन शांति वार्ता की मेजबानी की पेशकश



**बर्न।** स्विट्जरलैंड ने संकेत दिया है कि वह रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता की मेजबानी करने को तैयार है। स्विस विदेश मंत्री इग्नाजियो कैसिस ने मंगलवार को बर्न में एक कूटनीतिक सम्मेलन के दौरान कहा कि यदि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इन वार्ताओं में शामिल होते हैं तो स्विट्जरलैंड इसके लिए विशेष इंतजाम करेगा। कैसिस ने स्विस प्रसारक एसआरएफ से बातचीत में कहा, हम इसके लिए तैयार हैं और हमारे प्रति दिखाए गए भरोसे के लिए आभारी हैं। हमने हमेशा अपनी तत्परता जताई है, लेकिन यह सब बड़ी शक्तियों की इच्छा पर निर्भर करेगा। स्विस विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया कि पुतिन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के वारंट को देखते हुए सरकार ने कानूनी स्थिति की समीक्षा कर ली है। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि ऐसी बैठक सुचारु रूप से कैसे आयोजित करनी है। हमारी विशेष भूमिका और जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय होने के कारण हम यह कर सकते हैं। स्विस विदेश मंत्रालय ने रूसी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से भी कहा कि यदि सभी पक्षों की इच्छा और जरूरत हो तो स्विट्जरलैंड अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है, जिसमें मेजबान या मध्यस्थ की भूमिका निभाना भी शामिल है।

### आ गया नया फीचर, व्हाट्सऐप यूजर्स कॉल को पहले से ही कर सकेंगे शेड्यूल

WhatsApp

**सैन फ्रांसिस्को।** व्हाट्सऐप में एक नया शेड्यूल सेल फीचर आ गया है। इस फीचर के जरिए अब व्हाट्सऐप यूजर्स कॉल को पहले से ही शेड्यूल कर सकते हैं। फीचर एंड्रॉयड और आईओएस दोनों यूजर्स के लिए है। मेटा के स्वामित्व वाला इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप धीरे-धीरे एमएस टीम और जूम जैसे फीचर्स ला रहा है। पहले से ही कई ऑफिस में कॉल और ग्रुप चैट्स के लिए व्हाट्सऐप का यूज हो रहा है, क्योंकि लोग इस पर ज्यादा सक्रिय हैं। अब शेड्यूल कॉल जैसे फीचर इसे ऑफिस वालों के लिए और भी उपयोगी बना देंगे। आप पहले से ही कॉल शेड्यूल कर सकते हैं। यूजर्स ग्रुप या फिर किस एक व्यक्ति के साथ कॉल शेड्यूल कर सकता है। अब कॉल्स टैब में अपकमिंग कॉल्स को देख कर सकेंगे मैनेज व्हाट्सऐप ने अपने ब्लॉग पोस्ट में बताया है कि यूजर्स कॉल्स टैब में अपनी सभी अपकमिंग कॉल्स को देख और मैनेज कर सकते हैं। साथ ही कॉल में शामिल लोगों की लिस्ट और कॉल लिंक भी देख सकते हैं। इन्हें आप अपने पर्सनल कैलेंडर में जोड़ भी सकते हैं या दूसरों के साथ शेयर कर सकते हैं। शेड्यूल की गई कॉल शुरू होने पर उसमें शामिल सभी लोगों को एक नोटिफिकेशन मिलेगा। इसके अलावा कंपनी ने ग्रुप कॉल पर यूजर्स के लिए अपनी बात कहने के कई नए तरीके पेश किए हैं। अब ग्रुप कॉल में शामिल लोग हाथ उठाकर बता सकते हैं कि वे कुछ बोलना चाहते हैं या बिना किसी रुकावट के बातचीत में शामिल होने अपना रिएक्शन भेज सकते हैं। यह बिल्कुल एमएस टीम पर ग्रुप कॉल में मिलने वाले रइसे हैंड फीचर जैसा ही है।

# वैज्ञानिकों ने की सिजोफ्रेनिया की बीमारी से जुड़े जीन की खोज

लंदन,20 अगस्त (एजेंसियां) ।

ब्रिटिश शोधकर्ताओं ने सिजोफ्रेनिया की बीमारी से जुड़े आठ नए जीन की खोज की है, जिससे भविष्य में इसके उपचार और समझ को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। वैज्ञानिकों ने इस महत्वपूर्ण अध्ययन में प्रोटीन-कोडिंग जीन में दुर्लभ और उच्च-प्रभाव वाले उत्परिवर्तनों (म्यूटेशन) पर ध्यान केंद्रित किया। ये म्यूटेशन सिजोफ्रेनिया से पीड़ित मरीजों में सामान्य पाए गए। शोध में दो प्रमुख जीन स्टेज1 और जीएनएफ 136 की पहचान की गई, जिनके बारे में मजबूत आनुवंशिक सबूत मिले हैं।

इसके अलावा छह अन्य जीन एसएलसी6ए1, केएलसी1, पीसीएलओ, झेडएमवायएनडी11, बीएचसीएल2 और सीजीआरआरएफ से भी अपेक्षाकृत मध्यम स्तर का संबंध पाया गया। इनमें से एसएलसी6ए1 और केएलसीज1 पहले ऐसे जीन हैं, जो केवल मिसेंस वेरिएंट के जरिए सिजोफ्रेनिया से जुड़े पाए गए। यह एक विशेष प्रकार का म्यूटेशन है, जिसमें प्रोटीन के अमीनो-एसिड अनुक्रम में बदलाव आ जाता है। कार्डिफ विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की छात्रा सोफी चिक ने कहा कि ये निष्कर्ष बेहद अहम हैं, क्योंकि ये दिखाते हैं कि सिजोफ्रेनिया कोशिकाओं के डीएनए संगठन में बदलाव और मस्तिष्क कोशिकाओं द्वारा जीएबीए (जीएबीए) नामक रसायन का उपयोग करके संचार करने के तरीके में व्यवधान से जुड़ा हो सकता है। उन्होंने बताया कि ये परिणाम सिजोफ्रेनिया के जटिल तंत्रिका जीव विज्ञान की समझ को और गहरा करते हैं तथा दवा खोज और बेहतर उपचार की दिशा में नई उम्मीद जगाते हैं। इस अध्ययन में 28,898 सिजोफ्रेनिया मरीजों, 1,03,041 स्वस्थ व्यक्तियों और इस बीमारी से प्रभावित 3,444 परिवारों के आनुवंशिक डेटा का गहन विश्लेषण किया गया। शोधकर्ताओं का कहना है कि इन विशिष्ट जीन्स की पहचान करना काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन यह सफलता सिजोफ्रेनिया और अन्य तंत्रिका-विकास संबंधी (न्यूरोडेवलपमेंटल) बीमारियों के बीच साझा आनुवंशिक जड़ों को और मजबूत सबूत प्रदान करती है। मुख्य लेखक और कार्डिफ यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के डॉ. इलियट रीस का कहना है कि हालांकि इन आनुवंशिक खोजों को व्यावहारिक उपचार में बदलने में समय लगेगा।



### चीन में 75 वर्षीय बुजुर्ग को चैटबॉट से हो गया प्यार.....फिर क्या पत्नी को तलाक देने को तैयार



**बीजिंग।** पिछले कुछ महीनों से दुनियाभर में एआई का हल्ला मचा हुआ है। घर से लेकर कंपनियों तक में एआई का असर महसूस कर रही है। अब यह तकनीक लोगों की पर्सनल लाइफ में भी अपनी जगह बना रही है। चीन में एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां एक बुजुर्ग को एक एआई चैटबॉट से प्यार हो गया और वह इसके लिए अपनी पत्नी को तलाक देना चाहता है। यह सुनकर उसके घर वाले भी परेशान हुए और उन्होंने बड़ी मुश्किल से बुजुर्ग को मनाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 75 वर्षीय बुजुर्ग का नाम जियांग है और वहां रोजाना घंटो चैटबॉट से बातें करते हैं। चैटबॉट ने प्रश्नों के उत्तर में जियांग की खूब तारीफ की और इसकारण उन्हें उससे प्यार हो गया। जियांग को घंटों फोन पर लगा देखकर एक दिन उनकी पत्नी ने उनसे इस बारे में सवाल किया। जियांग ने इसका ऐसा जवाब दिया कि उनके घर के सब लोग हैरान रह गए। उन्होंने कहा कि वह अपने ऑनलाइन पार्टनर के साथ प्यार में हैं और अपनी पत्नी को तलाक देना चाहते हैं। यह सुनकर उनकी पत्नी और बच्चे परेशान हो गए। जियांग की चैटबॉट से चैटिंग की लत से घर वाले परेशान हो गए। बात जब तलाक तक पहुंच गई, तब उनके बड़े बेटों को बीच-बचाव करना पड़ा। उन्होंने बड़ी मुश्किल से जियांग को समझाया। उन्होंने बताया कि वहां फोन पर जिससे बात करते हैं, वह कोई इंसान नहीं बल्कि प्रोग्राम किया गया चैटबॉट है। इसके बाद जियांग को यह बात समझ आई और वे तलाक की बात से पीछे हटे।

# यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी के प्रयासों के बीच अमेरिकी शीर्ष जनरल डैन केन ने यूरोपीय रक्षा प्रमुखों से मुलाकात की



वाशिंगटन,20 अगस्त (एजेंसियां) ।

अमेरिका के शीर्ष जनरल ने यहां यूरोपीय रक्षा प्रमुखों से मुलाकात की है। एक रक्षा अधिकारी के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप के शीर्ष सैन्य सलाहकार जनरल डैन केन ने मंगलवार शाम अपने समकक्ष यूरोप के कई सैन्य प्रमुखों से मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई जब ट्रंप ने संकेत दिया कि यूक्रेन में नाटो के नेतृत्व वाली एक शांति सेना हो सकती है।

समझा जा रहा है कि यूरोपीय रक्षा प्रमुखों के साथ केन की चर्चा में जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, फिनलैंड और इटली के उनके समकक्ष शामिल रहे। बताया गया है कि नाटो के सैन्य प्रमुखों के बीच बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चर्चा होनी है। इस ऑनलाइन चर्चा का नेतृत्व जनरल एलेक्सस ग्रिंकेविच करेंगे। ग्रिंकेविच यूरोप में अमेरिका के शीर्ष कमांडर हैं और नाटो के वरिष्ठ सैन्य कमांडर के रूप में कार्यरत हैं। केन भी इसमें शामिल होंगे।

इस बीच व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने राष्ट्रपति ट्रंप के इस बयान को दोहराया कि यूक्रेन में कोई भी अमेरिकी थल सैनिक तैनात नहीं किया जाएगा, लेकिन अमेरिका सुरक्षा गारंटी के समन्वय में मदद करेगा। लेविट ने कहा, राष्ट्रपति समझते हैं कि स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा गारंटी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा टीम को यूरोप में मित्रों के साथ समन्वय करने और यूक्रेन व रूस के साथ भी इन मामलों पर सहयोग और चर्चा जारी रखने का निर्देश दिया है। खबर के अनुसार, व्हाइट हाउस की प्रवक्ता ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की से मिलने के लिए सहमत हो गए हैं। यूरोपीय नेताओं ने भी व्हाइट हाउस की बैठक के एक दिन बाद बातचीत की है। इस चर्चा में यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने की दिशा में ठोस प्रगति के कुछ ही संकेत मिले। इस बीच, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने मंगलवार को किसी बैठक की प्रतिबद्धता से परहेज किया। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के बीच किसी भी संभावित शिखर सम्मेलन की अत्यंत सावधानी से तैयारी की जानी चाहिए।

### इजराइल के हमले में हमास कमांडर शमाला और आतंकी नज्जर मारे गए




**तेल अवीव (इजराइल)।** गाजा पट्टी में युद्धरत इजराइली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने आतंकवादी समूह हमास के कमांडर मोहम्मद नाइफ अबू शमाला को मार गिराया। वह हमास की नुखबा कंपनी का कमांडर था। आईडीएफ ने एक्स पर शमाला के फोटो के साथ एक पोस्ट में कहा कि हमास आतंकी मोहम्मद नाइफ अबू शमाला सात अक्टूबर, 2023 के नरसंहार के दौरान मारास पोस्ट से भाग गया था। गाजा पट्टी में युद्ध के दौरान शमाला ने आईडीएफ सैनिकों के खिलाफ कई हमले किए। एक अन्य पोस्ट में आईडीएफ ने कहा कि सुरक्षा बलों ने हमास आतंकवादी जिहाद कमाल सलीम नज्जर को ढेर कर दिया। नज्जर सात अक्टूबर के नरसंहार के दौरान इजराइली नागरिक यार्डेन बिबास के अपहरण में शामिल था। उसे 10 अगस्त को मार गिराया गया। खबर के अनुसार सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि लगभग 60 हजार इजराइली रिजर्व सैनिकों को बुधवार से गाजा शहर में हमास के खिलाफ हमले के लिए आदेश मिलने वाले हैं। अगर गाजा शहर में हमला जारी रहता है, तो यह सैनिक इस अभियान के दौरान लगभग 1,30,000 इजराइली सैनिकों के साथ तैनात रहेंगे।

# नेपाल में आईवीएफ क्लिनिक के संचालन पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई अंतरिम रोक, सेरोगेसी पर भी पाबंदी

काठमांडू,20 अगस्त (एजेंसियां) ।

**नेपाल में इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) और सरोगेसी प्रथाओं पर देश की सबसे बड़ी अदालत ने अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट ने इस मामले में।अंतिम फैसला नहीं आने तक देश के सभी आईवीएफ क्लिनिक को बंद करने और सेरोगेसी पर भी रोक लगा दी है।**



कोर्ट में दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट की एकल खंडपीठ ने यह अंतरिम आदेश दिया है। जस्टिस टेक प्रसाद ढुंगाना की एक एकल पीठ ने नि:संतान दंपतियों के लिए चलाए जा रहे आईवीएफ क्लिनिक के संचालन पर रोक लगा दी है।

सर्वोच्च अदालत ने अपने फैसले में संबंधित अधिकारियों से कहा है कि वे महिलाओं के डिंब संग्रह, भंडारण और प्रत्यारोपण की अनुमति तब तक न दें जब तक कि रिट को अंतिम रूप नहीं दिया जाता। इसी तरह, अदालत ने सेरोगेसी की चल रही प्रथा की प्रभावी सरकारी निगरानी को लेकर सरकार को 15 दिनों के भीतर हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है।

अधिवक्ता अंकिता त्रिपाठी कोर्ट में एक रिट दायर की थी जिसमें तर्क दिया गया है कि आईवीएफ क्लीनिकों की बढ़ती संख्या के बावजूद, शुक्राणु और अंडा दान, भ्रूण उपयोग और सरोगेसी जैसे संवेदनशील मुद्दों की निगरानी करने के लिए कोई व्यापक कानून नहीं है।

इस रिट में यह भी कहा गया था कि एक ही दाता का उपयोग करने वाले कई क्लीनिकों, सहमति के बिना आनुवंशिक सामग्री का उपयोग और सरोगेसी को निरंतर बढ़ावा देता है। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा सेरोगेसी को लेकर पहले भी आदेश जारी किया जा चुका है जिसमें सरोगेसी को एक व्यापार के रूप में निषिद्ध किया गया है।

अधिवक्ता त्रिपाठी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश में बांझपन प्रबंधन सेवाओं पर स्वास्थ्य और जनसंख्या मंत्रालय के नए शुरू किए गए दिशा-निर्देश अपर्याप्त बताते हुए ठोस कानून बनाए की तरफ ध्यानाकर्षण किया है। हाल ही में नेपाल सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईवीएफ क्लिनिक के संचालन को लेकर एक दिशा-निर्देश जारी करते हुए 20 से 35 वर्ष उम्र के पुरुष और महिलो को अंडानुौर शुक्राणु का दान करने की छूट दी थी। इस कानून की आड़ में कम उम्र की लड़कियों और लड़कों को पैसे का लालच देकर डिंब और शुक्राणु दान का व्यापार होने की आशंका को लेकर रिट दायर की गई थी।

# ह्यूमनॉइड रोबोट गेम्स में 16 देशों की 280 टीमें ले रही भाग

बीजिंग,20 अगस्त (एजेंसियां) ।



चीन की राजधानी बीजिंग में आयोजित ह्यूमनॉइड रोबोट गेम्स में दुनिया भर के 16 देशों से आई 280 टीमें और 500 से ज्यादा रोबोट्स हिस्सा ले रहे हैं। इन खेलों में बास्केटबॉल, फुटबॉल, रेसिंग और किक बॉक्सिंग जैसे 26 खेल शामिल हैं। आयोजन की शुरुआत 1500 मीटर की रेस से हुई, जिसमें चीन की मशहूर कंपनी यूनिट्री रोबोटिक्स का रोबोट विजेता बना। यूनिट्री रोबोटिक्स के एच1 मॉडल ने रेस में पहला और तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि बीजिंग की कंपनी एक्स-ह्यूमनॉइड का टिएन कुंग अल्ट्रा रोबोट दूसरे स्थान पर रहा। एच 1 रोबोट की कीमत लगभग 6.5 लाख युआन (करीब 80 लाख रुपये) बताई जा रही है।

यही रोबोट इस साल चीन के स्प्रिंग फेस्टिवल गाला में डांसर्स के साथ पारंपरिक नृत्य कर चुका है। खेलों में रोबोट्स का प्रदर्शन दर्शकों के लिए रोमांचक रहा। फुटबॉल मैच में कई रोबोट्स ने गेंद पर किक मारने की कोशिश की, लेकिन कुछ संतुलन खोकर गिर गए, जिन्हें इंसानों की मदद से मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। किक बॉक्सिंग में रोबोट्स ने ग्लव्स पहनकर मुकाबला किया, जो काफी दिलचस्प रहा। इसके अलावा, पॉप म्यूजिक पर रोबोट्स का डांस परफॉर्मेंस भी दर्शकों को खूब पसंद आया।

इस प्रतियोगिता में केवल बड़ी कंपनियां ही नहीं, बल्कि विश्वविद्यालयों के छात्र भी शामिल हुए। शेडोंग जियाओटोंग यूनिवर्सिटी की एक टीम ने मात्र 50,000 युआन के बजट में अपना रोबोट तैयार किया, जिसने बास्केटबॉल इवेंट में हिस्सा लिया। हालांकि, तकनीकी खामियां भी देखने को मिलीं। कई रोबोट्स शुरुआत में ही दौड़ पूरी नहीं कर पाए, कुछ स्टार्टिंग लाइन से आगे नहीं बढ़े। शेडोंग की योबोटिक्स कंपनी का जिंगझे ताइशान रोबोट गिरने के बाद उसका हाथ टूट गया, लेकिन उसने दौड़ पूरी कर सबका दिल जीत लिया। आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन रोबोट्स की क्षमताओं को परखने और उनकी सीमाओं को समझने का एक बड़ा मंच है।

### ऑपरेशन सिंदूर से हुई तबाही को छिपा रहा पाक, आर्मी चीफ मुनीर अपने ही लोगों को बना रहे बेवकूफ

**इस्लामाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के सामने गिड़गिड़ाने वाले पाकिस्तान के सेना प्रमुख विदेश जाकर अपनी तारीफ के पुल बांध रहे हैं। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने बेल्जियम में कहा कि उन्होंने भारत को सीजफायर की मांग करने पर मजबूर किया। भारत ने खुले मंच पर साफ कहा है कि पाकिस्तान में तबाही के बाद पाक के ही डीजीएमओ ने संपर्क किया था। पाकिस्तान ने सीजफायर की मांग रखी जिसे भारत ने मान ली थी। भारत ने कहा है कि दोनों देशों के युद्धविराम में अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप की कोई भूमिका नहीं थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 11 अगस्त को बुसेल्स में आयोजित एक कार्यक्रम में पाक सेना प्रमुखा असीम मुनीर ने दावा किया था कि भारत ने पहले युद्धविराम की पहल की थी। इस कार्यक्रम में करीब 500 लोग मौजूद थे। वहीं किसी को भी मोबाइल फोन या फिर रिकॉर्डिंग डिवाइस ले जाने की इजाजत नहीं थी। इस कार्यक्रम में करीब 40 मिनट तक मुनीर अपने मुंह मियां मिट्ठू बनते रहे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने भारतीय विमान मार गिराए और मुंहतोड़ जवाब दिया। मुनीर ने कहा कि भारत केवल संवेदना के लिए खुद को आतंकवाद का शिकार बताता है जबकि भारत खुद पाकिस्तान में सीमा पार आतंकवाद का समर्थन करता है। मुनीर ने कहा कि भारत के पास ट्रंप के दखल और सीजफायर के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं था। यह पहली बार नहीं है जब मुनीर ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दावे किए हैं। बीते दिनों वॉशिंगटन में भी मुनीर ने इस तरह की बयानबाजी की थी।

## जो कल कह रहे थे चुनाव आयोग ने अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारी

# वे अब खुद फर्जी डाटा के लिए चुनाव आयोग से मांग रहे माफी

## धराशाई हो गई राहुल गांधी और उसके विदेशी हैंडलर्स की साजिश

**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)।** सीएसडीएस के संजय कुमार ने महाराष्ट्र चुनाव को लेकर शेयर किए फर्जी डाटा को डिलीट कर माफी मांगी है। इसी फर्जी डाटा के दम पर राहुल गांधी के वोट चोरी के कैंपेन को कांग्रेस आगे बढ़ा रही थी। संजय कुमार ने पहले कहा था कि चुनाव आयोग को राहुल गांधी के आरोपों का जवाब देना चाहिए। बाद में जब मुख्य चुनाव आयुक्त ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सभी आरोपों के सिलसिलेवार जवाब दिए तो संजय कुमार ने एक लेख में लिखा - चुनाव आयोग ने अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार ली है।

संजय कुमार के फर्जी डाटा के आधार पर कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने 18 अगस्त 2025 को एक्स पर एक ग्राफिक शेयर कर चुनाव आयोग पर सवाल उठाए थे। उन्होंने दावा किया था कि 2024 के लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बीच छह महीनों में रामटेक और देवलाली जैसे क्षेत्रों से करीब 40 प्रतिशत वोटर हटा दिए गए। वहीं, नासिक वेस्ट और हिंगना में करीब 45 प्रतिशत वोटर बढ़ गए। चुनाव आयोग पर तंज कसते हुए उन्होंने लिखा, अब ये कहेंगे कि 2 और 2 जोड़ने से 420 होता है। इस डेटा का स्रोत लोकनीति-सीएसडीएस था।

खुद को प्रोफेसर और रिसर्चर बताने वाले संजय कुमार के फर्जी डाटा के पीछे कांग्रेस की भक्ति और विदेशी फंडिंग की शक्ति है। उसने फर्जी डाटा शेयर कर न सिर्फ आम लोगों में भ्रम फैलाया, बल्कि लगातार भारत की सर्वोच्च चुनावी संस्था चुनाव आयोग को भी निशाना बनाया और जब उसका खेल पकड़ में आ गया, तो चुपचाप अपने फर्जी डाटा को डिलीट कर माफी मांग ली। इस साजिश की शुरुआत 11 अगस्त 2025 को हुई, जब संजय कुमार ने दावा किया कि महाराष्ट्र चुनावों को लेकर चुनाव आयोग को सफाई देनी चाहिए। उसने सीएनबीसी आवाज जैसे बड़े चैनल पर जाकर अपनी बात को और हवा दी। 17 अगस्त 2025 को संजय कुमार ने एक स्क्रीनशॉट शेयर किया, जिसमें महाराष्ट्र के चुनावी डेटा का दावा पेश किया गया। इस डेटा में कहा गया कि नासिक वेस्ट में 2024 के लोकसभा चुनाव से विधानसभा चुनाव तक वोटरों की संख्या 47.38 प्रतिशत बढ़ी, जबकि हिंगना में 43.08 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ये आंकड़े देखने में तो चौंकाने वाले थे, लेकिन इनकी सच्चाई कहीं और थी। इस फर्जी डेटा को शेयर करते ही हंगामा मच गया। कांग्रेस ने इसे दोनों हाथों से लपक लिया। कांग्रेसी नेताओं ने इसे एटम बम तक कह डाला। लेकिन सच्चाई यह थी कि ये सारा डेटा झूठ का पुलिंदा था, जिसे संजय कुमार ने जानबूझकर गढ़ा था। बाद में पता चला कि उसकी टीम ने 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों के डेटा को गलत तरीके से पढ़ा और तुलना की, जिससे ये भ्रामक आंकड़े सामने आए।



संजय कुमार ने अपनी साजिश को और मजबूत करने के लिए नवभारत टाइम्स में एक ओपिनियन आर्टिकल लिखा, जो 18 अगस्त 2025 को प्रकाशित हुआ। इस लेख में उसने 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद उठे विवाद को फिर से हवा दी। उसने राहुल गांधी के उस दावे को दोहराया, जिसमें कहा गया था कि प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में फर्जी वोटर जोड़े गए और वोट प्रतिशत बढ़ाकर धांधली की गई। विपक्ष का तर्क था कि मुख्यमंत्री के अपने क्षेत्र में पांच महीनों में मतदाता सूची में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और कुछ बूथों पर 20-50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी गई। संजय ने इसको आधार बनाकर चुनाव आयोग पर उंगली उठाई और उसे असफल ठहराने की कोशिश की।

संजय ने लिखा कि चुनाव आयोग को दोनों चुनावों की मतदाता सूचि सार्वजनिक करनी चाहिए थी, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया, जो उसकी नाकामी को दर्शाता है। लेकिन सच्चाई यह है कि चुनाव आयोग ने 24 दिसंबर 2024 को कांग्रेस को लिखित जवाब दे दिया था, जिसमें इन आरोपों को निराधार और बेतुका करार दिया गया था। आयोग ने अपनी वेबसाइट पर भी ये जवाब रखा, लेकिन संजय कुमार ने इसे नजरअंदाज कर दिया और अपना एजेंडा चलाया।

जब इस फर्जी डेटा की पोल खुलने लगी, तो संजय कुमार को मजबूरी में पीछे हटना पड़ा। उसने अपने ट्वीट को डिलीट कर दिया और 18 अगस्त 2025 की रात एक माफी ट्वीट जारी किया।

उसने लिखा, मैं महाराष्ट्र चुनावों को लेकर किए गए ट्वीट्स के लिए दिल से माफी मांगता हूं। 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों के डेटा की तुलना में गलती हो गई। हमारी डेटा टीम ने इसे गलत पढ़ लिया। ट्वीट हटा दिया गया है और मेरा इरादा किसी तरह की गलत जानकारी फैलाने का नहीं था। लेकिन क्या ये माफी सचमुच दिल से आई? बिल्कुल नहीं! ये तो बस कानूनी कार्रवाई से बचने का एक सस्ता नाटक था। सोशल मीडिया यूजर्स ने तुरंत इसकी आलोचना की और कहा कि ये माफी मजबूरी में दी गई है। कई लोगों का मानना है कि संजय ने जानबूझकर गलत डेटा फैलाया, ताकि कांग्रेस को फायदा हो और जब पकड़ा गया, तो उसने पीछे हटने का ढोंग किया।

राहुल गांधी ने संजय कुमार के फर्जी डेटा पर आंख मूंदकर भरोसा किया और अपनी सारी प्रतिष्ठा दांव पर लगा दी। वैसे, राहुल की कितनी प्रतिष्ठा बची है, अब इसका अंदाजा भी कोई नहीं लगा पा रहा। सीएसडीएस ने अपनी गलती मानी, तो राहुल और उसके विदेशी हैंडलर्स का सपना धराशायी हो गया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ये सारी साजिश कांग्रेस के विदेशी समर्थकों के इशारे पर रची गई थी, ताकि भारत की चुनावी प्रणाली को बदनाम किया जा सके। राहुल का ये कदम न सिर्फ उसकी अज्ञानता को दिखाता है, बल्कि उसकी टीम की लापरवाही और जल्दबाजी को भी उजागर करता है।

सीएसडीएस कोई साधारण शोध संस्थान नहीं है।

यह एक ऐसी मशीन है, जो विदेशी फंडिंग और राजनीतिक एजेंडा के बल पर देश को अंदर से कमजोर करने का काम कर रही है। फोर्ड फाउंडेशन, गेट्स फाउंडेशन, आईडीआरसी (कनाडा), डीएफआईडी (यूके), नॉराड (नॉर्वे), ह्यूलेट फाउंडेशन और डच एजेंसियों जैसे संगठनों से मिलने वाला पैसा सीएसडीएस को हिंदू समाज को जाति के आधार पर बांटने और गलत नैरेटिव बनाने में मदद करता है। इसके लोकनीति प्रोग्राम के तहत हिंदुओं को ओबीसी, ईबीसी, दलित, और सवर्ण में बांटकर वोटिंग पैटर्न पर डेटा जारी किया जाता है, जो द हिन्दू और जैसे अखबारों में बड़े-बड़े शीर्षकों के साथ छपता है। लेकिन मुसलमानों की अंदरूनी जातीय दरारों (जैसे दलित मुसलमान, अशरफ, अज्लाफ, अरज़ल) पर चुप्पी साध ली जाती है। ये साफ है कि सीएसडीएस का मकसद हिंदू समाज को तोड़ना और कांग्रेस को फायदा पहुंचाना है। योगेंद्र यादव से लेकर संजय कुमार तक, ये लोग लगातार इस एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। ये कोई भूल नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश है, जिसका मकसद भारत की एकता को कमजोर करना है।

### कांग्रेस का एक और झूठ बेनकाब

राहुल गांधी ने बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन (एसआईआर) के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। वोट अधिकार यात्रा के तहत गरीब लोगों के वोट काटे जाने का प्रोपेगेंडा चला रहे हैं। इन्हीं में एक नाम रंजू देवी का भी है। रंजू देवी को 18 अगस्त 2025 को राहुल गांधी की औरंगाबाद सभा में वोटर लिस्ट से नाम कटने की शिकायत करते सुना गया था। रंजू देवी ने दावा किया था कि सिर्फ उनका ही नहीं बल्कि परिवार में भी 6 लोगों का नाम वोटर लिस्ट से कटा है। इसके बाद अब रंजू देवी का वीडियो सामने आया है, जिसमें वह बता रहीं है कि वार्ड सचिव के कहने पर उन्होंने यह दावा किया। रंजू देवी बताती हैं कि वो सचिव उन्हें बहकाकर ले गए कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव आपकी समस्या का समाधान करेंगे। रंजू देवी आगे कहती हैं, हम देहात की महिला हैं, जैसा जो बताता है वो सुन लेते हैं। राहुल गांधी ने रंजू देवी को बहका कर झूठ तो बुलवा लिया लेकिन तथ्यों को नहीं छिपा सके। इंडज ने रंजू देवी को 01 अगस्त 2025 को बनी नई वोटर लिस्ट भी दिखाई, जिसमें उन्होंने अपना और परिवार समेत 6 लोगों का नाम पाया। रंजू देवी ने वोटर लिस्ट देखकर कहा कि अब वे संतुष्ट हैं।

# मोदी की स्नातक डिग्री विवाद मामले में फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट ने टाला

**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्नातक डिग्री विवाद से संबंधित मामले में बुधवार को अपना फैसला टाल दिया।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की एकल पीठ ने इस मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद 27 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रखा लिया था। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) को अदालत को रिकॉर्ड दिखाने में कोई आपत्ति नहीं है।

उच्च न्यायालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय की याचिका पर सुनवाई के बाद 23 जनवरी, 2017 को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के आदेश पर रोक लगा दी थी।



सीआईसी ने 21 दिसंबर, 2016 को आवेदक नीरज को उन सभी विद्यार्थियों के अभिलेखों के निरीक्षण की अनुमति दी थी, जिन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से 1978 में स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। विश्वविद्यालय का कहना है कि श्री मोदी ने इसी वर्ष अपनी स्नातक की डिग्री प्राप्त की थी।

उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान विश्वविद्यालय का पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सीआईसी के 2016 के आदेश को रद्द करने की गुहार लगाई थी।

श्री मेहता ने हालाँकि, दलील देते हुए कहा था कि विश्वविद्यालय को अदालत को संबंधित डिग्री का रिकॉर्ड दिखाने में कोई आपत्ति नहीं है।

उन्होंने कहा, विश्वविद्यालय को अदालत को रिकॉर्ड दिखाने में कोई आपत्ति नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी की कला स्नातक की डिग्री 1978 की है।

# पहली बार डल झील में आयोजित होगा खेलो इंडिया

**जम्मू, 20 अगस्त (ब्यूरो)।** श्रीनगर की प्रतिष्ठित डल झील 21 से 23 अगस्त तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025 के उद्घाटन के साथ एथलेटिक्स, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता के मंच में बदल जाएगी। युवा मामले और खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से जम्मू कश्मीर खेल परिषद द्वारा आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य जल-आधारित प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देना, कश्मीर की सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन करना और खेल और विरासत के मिश्रण के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना है।



डल झील पहली बार खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल की मेजबानी कर रहा है। यह फेस्टिवल 21 से 23 अगस्त 2025 को आयोजित किया जा रहा है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि कश्मीर की खूबसूरत झील के बीच राष्ट्रीय खेलों का केंद्र होगा। इसमें देश के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 400 से ज्यादा एथलीट वाटर स्कीइंग , ड्रैगन बोट रेस और हंटा स्प्रिंट जैसे मनोरंजक प्रदर्शन कार्यक्रम जिसमें रोइंग , कैनोइंग और कयाकिंग प्रतिस्पर्धा करने के लिए झील पर जुटेंगे। 2.37 करोड़ रुपए के बजट से स्वीकृत इस तीन दिवसीय आयोजन में कयाकिंग, कैनोइंग, रोइंग और अन्य खेलों के सैकड़ों एथलीटों के साथ-साथ हजारों आगंतुकों और दर्शकों के आने की उम्मीद है। शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर इसका केंद्र होगा, जबकि डल झील के झिलमिलाते पानी को रेसिंग लेन, तैरते मंच और रोशन सांस्कृतिक स्थलों में बदल दिया जाएगा।

आयोजक इस महोत्सव को केवल एक खेल प्रतियोगिता से कहीं अधिक बताते हैं। इसे इको-टूरिज्म, राष्ट्रीय एकता और युवा जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। लोगो में बर्फ से ढके पहाड़ों और देवदार के पेड़ों के बीच डल झील पर एक शिकारा दिखाया गया है, जो कश्मीर की पहचान, पवित्रता और पारिस्थितिक समृद्धि का प्रतीक है। पानी पर इसका प्रतिबिंब डल झील की शांति और दर्पण जैसे आकर्षण को दर्शाता है। इसके साथ ही, खेलो इंडिया तिरंगा प्रतीक खेलों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता का प्रतिनिधित्व करता है।

शुभंकर, एक जीवंत हिमालयन किंगफिशर, चपलता, एकाग्रता और युवा ऊर्जा को दर्शाता है। झेलम और डल झील के आसपास पाए जाने वाले किंगफिशर से प्रेरित होकर, इसे नारंगी और नीले रंगों में डिजाइन किया गया है - जो ऊर्जा, उत्साह और कश्मीर के प्रतिष्ठित जल का प्रतिनिधित्व करते हैं। किंगफिशर शुभंकर ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करेगा, जो पर्यावरण के अनुकूल खेलों और युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों, रैलियों और सभी प्रचार अभियानों में दिखाई देगा।

पानी पर, प्रतियोगिताओं के पूरक के रूप में पेपरमाशी कला, खेल फोटोग्राफी और कश्मीरी शिल्प के साथ-साथ आदिवासी सांस्कृतिक प्रदर्शनियों की तैरती हुई प्रदर्शनियां भी होंगी। डोगरी, गुज्जर, बकरवाल, पहाड़ी और कश्मीरी पंडित समुदायों के पारंपरिक लोक नृत्य तैरते हुए मंचों पर प्रस्तुत किए जाएंगे। रात में, बुलिवर्ड, शिकारा घाट और हाउसबोट सजावटी रोशनियों से जगमगा उठेंगे, जबकि लाइव सेलिब्रिटी प्रदर्शन, जिम्नास्टिक प्रदर्शन और संगीत समारोह आकर्षण का केंद्र होंगे।

## राधाकृष्णन ने उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया



**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)।** उप राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस एतिहासिक मौके पर प्रधानमंत्री उप राष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के प्रस्तावक बने।

इस अवसर पर उनके साथ श्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और राजग सहयोगी दलों के वरिष्ठ नेता तथा जनता दल यूनाइटेड से ललन सिंह और संजय झा, लोजपा (रामविलास) से चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी के अलावा और भी कई केन्द्रीय मंत्री मौजूद थे।

श्री राधाकृष्णन का नामांकन चार सेटों में दाखिल हुआ है। जिनमें से प्रत्येक पर 20 प्रस्तावकों और 20 अनुमोदकों के हस्ताक्षर हैं। पहले सेट में मुख्य प्रस्तावक के रूप में प्रधानमंत्री मोदी के हस्ताक्षर हैं, जबकि बाकी सेटों में केंद्रीय मंत्रियों और वरिष्ठ राजग नेताओं के हस्ताक्षर हैं, जो गठबंधन में व्यापक सहमति को दर्शाता है।

उप राष्ट्रपति उम्मीदवार राधाकृष्णन के इस एतिहासिक मौके पर संसद भवन में नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान मंत्रियों और सांसदों सहित राजग के लगभग 160 सदस्य उपस्थित रहे। श्री राधाकृष्णन को नामित करने का निर्णय केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के आवास पर आयोजित राजग के नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर जनसुनवाई के दौरान हुआ हमला

**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार को जनसुनवाई के दौरान एक शख्स ने हमला कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के समय मुख्यमंत्री गुप्ता आम लोगों की शिकायतें सुन रहीं थीं। एक शख्स भी अपनी शिकायत लेकर वहां पहुंचा और उसने श्रीमती गुप्ता पर हमला कर दिया। उसके इस हमले की वजह का फिलहाल पता नहीं चला है।

पुलिस हमलावर शख्स को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। लोकतंत्र में असहमति और विरोध की जगह होती है, लेकिन हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है।

उन्होंने कहा उम्मीद है कि दिल्ली पुलिस, दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। आशा है मुख्यमंत्री पूरी तरह सुरक्षित हैं।

### हमले के बाद सीएम रेखा गुप्ता का पहला बयान, कहा- हौसले नहीं टूटेंगे



**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को 'जन सुनवाई' के दौरान खुद पर हुए हमले को लेकर पहली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस हमले को कायराना प्रयास बताया और कहा कि स्वाभाविक है कि इस हमले के बाद मैं सदमे में थी, लेकिन अब बेहतर महसूस कर रही हूं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आज सुबह जनसुनवाई के दौरान मेरे ऊपर हुआ हमला केवल मेरे ऊपर नहीं, बल्कि दिल्ली की सेवा और जनता की भलाई के लिए हमारे संकल्प पर किया गया एक कायराना प्रयास है। स्वाभाविक है कि इस हमले के बाद मैं सदमे में थी, लेकिन अब बेहतर महसूस कर रही हूं। मैं अपने सभी शुभचिंतकों से निवेदन करती हूं कि कृपया मुझसे मिलने के लिए परेशान न हों। मैं बहुत जल्द ही आपके बीच काम करती हुई दिखाई दूंगी। सीएम रेखा गुप्ता ने आगे कहा, ऐसे हमले मेरे हौसले और जनता की सेवा के संकल्प को कभी तोड़ नहीं सकते। अब मैं पहले से कहीं अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ आपके बीच रहूंगी। जनसुनवाई और जनता की समस्याओं का समाधान पहले की तरह ही गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेगा। आपका विश्वास और समर्थन ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। आपके अपार स्नेह, आशीर्वाद और शुभकामनाओं के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करती हूं।

## मोदी सरकार भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने के मिशन पर अडिग : मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को 'खेलो भारत नीति-2025' पर युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की अध्यक्षता की। उन्होंने इस बात को दोहराया कि मोदी सरकार देश को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने के मिशन पर जुटी है। बैठक के बाद खेल मंत्री ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किया, बुधवार को नई दिल्ली में खेलो भारत नीति-2025 पर युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की अध्यक्षता की। मोदी सरकार भारत को एक वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने के मिशन पर अडिग है। इस परिवर्तनकारी नीति का उद्देश्य जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को पोषित करके, बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हुए पूरे देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देकर इस लक्ष्य को साकार करना है।भारत सरकार ने जुलाई 2025 में खेलो भारत नीति 2025 का शुभारंभ किया था। पांच स्तंभों पर आधारित इस नीति का उद्देश्य देश के खेल परिदृश्य में परिवर्तन लाना है। पहला बुनियादी ढांचा टैलेंट की खोज और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाकर वैश्विक मंच पर देश की उत्कृष्टता प्राप्त करने पर केंद्रित है, जबकि इस नीति का दूसरा स्तंभ आर्थिक विकास के लिए खेल, विनिर्माण, पर्यटन और खेल प्रौद्योगिकी जैसे उद्योगों को बढ़ावा देना है। तीसरा स्तंभ सामाजिक विकास के लिए खेल, खेलों के जरिए सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हुए समावेशिता, स्वास्थ्य और शिक्षा को बढ़ावा देता है। चौथा स्तंभ खेल को सांस्कृतिक आधार बनाते हुए समुदायों को शारीरिक गतिविधियों में शामिल करने की कोशिश करता है।

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# 'जब वी मेट' के लिए पहले भूमिका चावला को किया गया था साइन, जानें क्यों हुईं करीना से रिप्लेस



फिल्मों की दुनिया में कई ऐसी कलाकार होती हैं, जिनकी मेहनत और लगन उन्हें सफलता की ऊंचाइयों तक ले जाती है। उनमें से एक नाम है भूमिका चावला। एक साधारण से परिवार में जन्मी भूमिका ने अपने हुनर और मेहनत से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाई है। वह दर्शकों के बीच सलमान खान की फिल्म 'तेरे नाम' के बाद ज्यादा लोकप्रिय हुई, यहां से सभी को लगा कि वह बॉलीवुड में सिक्का जमाने वाली हैं।

उन्हें 'जब वी मेट', 'मुन्नाभाई एमबीबीएस', और 'बाजीराव मस्तानी' जैसी हिट फिल्में भी ऑफर हुई थीं, लेकिन ये फिल्में उनकी झोली में आने के बाद भी किसी और के पास चली गईं।

भूमिका चावला का जन्म 21 अगस्त 1978 को नई दिल्ली में हुआ था। उनका परिवार पंजाबी था और पिता भारतीय सेना में ऑफिसर थे। सेना में पोस्टिंग के कारण उनका परिवार अलग-अलग जगहों पर शिफ्ट होता रहता था। वह तीन भाई-बहनों में सबसे छोटी थीं। बचपन से ही उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ एक्टिंग और ग्लैमर की दुनिया में रुचि थी। 1997 में उन्होंने मुंबई का रुख किया। यहां उन्होंने टीवी विज्ञापनों और म्यूजिक वीडियो में काम करना शुरू किया। धीरे-धीरे उन्होंने टीवी सीरियल में भी काम किया और अपनी एक्टिंग का हुनर दिखाया।



भूमिका ने 2000 में तेलुगु फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की। यह उनकी पहली फिल्म थी, लेकिन सफलता इतनी बड़ी थी कि उन्हें तेलुगु फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला। इसके बाद उन्होंने तेलुगु, तमिल और हिंदी फिल्मों में लगातार काम किया और दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई। उनकी तेलुगु फिल्में 'कुशी', 'ओक्काडु' और 'सिम्हाद्री' बड़ी हिट रहीं, वहीं तमिल फिल्मों 'बद्री' और 'सिल्लुनु ओरु काधल' ने भी खूब तारीफें बटोरीं। साल 2003 उनकी जिंदगी में बेहद खास रहा। इस साल उन्होंने सलमान खान की फिल्म 'तेरे नाम' से बॉलीवुड में एंट्री की। इस फिल्म ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया, बल्कि भूमिका की लोकप्रियता को भी चार चांद लगा दिए। इस फिल्म के चलते बॉलीवुड में भूमिका का बोलबाला शुरू होने लगा और उन्हें कई फिल्मों के ऑफर मिलने लगे, जिनमें 'जब वी मेट', 'मुन्नाभाई एमबीबीएस', और 'बाजीराव मस्तानी' जैसी फिल्में शामिल थीं। 'जब वी मेट' में उनकी जोड़ी बॉबी देओल के साथ बनने वाली थी, लेकिन उन्हें रिप्लेस कर दिया गया।

भूमिका ने रेडियो होस्ट सिद्धार्थ कनन के पॉडकास्ट में बताया था कि 'जब वी मेट' का नाम पहले 'ट्रेन' रखा गया था। फिल्म का प्रोडक्शन हाउस बदला, तो हीरो भी बदल दिया गया। फिल्म का टाइटल और यहां तक कि उन्हें भी रिप्लेस कर दिया गया। इसी तरह 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' में भी हुआ। भूमिका ने हिंदी के अलावा, पंजाबी, मलयालम, कन्नड़ और तमिल फिल्मों में भी खूब काम किया और तेलुगु फिल्मफेयर पुरस्कार, नंदी पुरस्कार और जी सिने अवॉर्ड जैसे अवॉर्ड्स अपने नाम किए। 'तेरे नाम' के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ डेब्यू का पुरस्कार भी मिला।



# पवन सिंह लेकर आए नया महादेव एंथम 'शकंरा'

हाल ही में रिलीज पावर स्टार पवन सिंह के नए गाने में भक्ति और जोश का जबरदस्त मेल देखने को मिला है, जिसे लोग अब 'महादेव एंथम' कह रहे हैं। यह गाना सिर्फ एक भक्ति गीत नहीं, बल्कि एनर्जी से भरा एंथम है, जो शिव भक्तों के दिलों को छू रहा है। जैसे ही यह गाना रिलीज हुआ, सोशल मीडिया पर छा गया और यूट्यूब पर लाखों लोगों ने इसे सुनना शुरू कर दिया। इस गाने में पवन सिंह की आवाज दर्शकों पर एक बार फिर अपना जादू बिखेर रही है। दमदार लहजे में गाया गया यह गाना न केवल भक्तों को झूमने पर मजबूर करता है, बल्कि शिव भक्ति के नए रूप को भी दिखाता है। इसमें एक खास बात यह है कि गाने में रैप भी शामिल है, जिसे किंगस्टफ ने पेश किया है। यह रैप आज के युवाओं को ध्यान में रखते हुए जोड़ा गया है, जिससे गाना ज्यादा जोशीला हो गया है।गाने में पवन सिंह की जबरदस्त स्क्रीन प्रेज़ेंस देखने को मिलती है, जहां वे गुंडों से भिड़ते नजर आते हैं। एक सीन में तो वे एक गुंडे को एक जोरदार किक मारकर दूर फेंक देते हैं, जो दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है।

गाने का संगीत और बोल ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है, जिसे उल्लुमनाती ने लिखे और तैयार किए हैं।इसके अलावा, गाने के डांस स्टेप्स भी बेहद आसान और फॉलो करने लायक हैं, जिससे यह सोशल मीडिया पर रील्स और शॉर्ट वीडियो में भी तेजी से ट्रेंड कर रहा है। इसे मशहूर कोरियोग्राफर और डायरेक्टर गणेश आचार्य ने डायरेक्ट किया है। कुल मिलाकर, शंकरा गाना भक्ति, एक्शन और ट्रेंडिंग म्यूजिक का तड़कता-भड़कता कॉम्बिनेशन है, जिसे पवन सिंह ने अपने खास अंदाज में लोगों तक पहुंचाया है।इस गाने को लेकर हाल ही में पवन सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, 'शंकरा'... नए युग का महादेव एंथम आ गया है! शक्ति, भक्ति और ऊर्जा का ऐसा अनुभव पहले कभी नहीं हुआ।



## कंचना 4 में नोरा फतेही की एंट्री, बोलीं

# तमिल डेब्यू के लिए परफेक्ट फिल्म

अभिनेत्री नोरा फतेही लोकप्रिय तमिल हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'कंचना' के चौथे भाग 'कंचना 4' के साथ तमिल सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। इस मोस्टअवेटेड फिल्म में नोरा मुख्य भूमिका निभाएंगी।

नोरा ने 'कंचना 4' चुनने की वजह भी बताई। उन्होंने कहा, जब मुझे यह फिल्म ऑफर हुई, तो मुझे लगा कि तमिल सिनेमा में डेब्यू के लिए यह एकदम सही प्रोजेक्ट है। इस फ्रेंचाइजी की पहले से ही मजबूत पहचान है और इसकी अनोखी स्क्रिप्ट ने मुझे आकर्षित किया।

नोरा फतेही ने आगे बताया, क्राइम-कॉमेडी ड्रामा 'मडगांव एक्सप्रेस' की सफलता के बाद मैं एक और कॉमेडी फिल्म का हिस्सा बनना चाहती थी और इस प्रोजेक्ट के साथ मुझे वही रास्ता नजर आया। मैं इस फिल्म में काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं।''

नोरा ने बताया कि तमिल भाषा सीखना आसान नहीं है। फिल्म के लिए तमिल भाषा सीखना चुनौतीपूर्ण रहा है। उन्होंने बताया, ''भाषा हमेशा एक चुनौती होती है, लेकिन मुझे चुनौतियां पसंद हैं। मैंने पहले हिंदी, तेलुगू और मलयालम में भी काम किया है और अब तमिल मेरे लिए सबसे मुश्किल भाषा है और इसमें काम करने को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं।

नोरा फतेही ने यह भी बताया कि वह अपने किरदार को पर्दे पर उतारने के लिए किस तरह से तैयारी कर रही हैं।

उन्होंने बताया, मैं अपने लाइन्स की रिहर्सल करने और उच्चारण पर काम करने के लिए अतिरिक्त समय दे रही हूं। इसके लिए खूब प्रैक्टिस करती हूं। सेट पर मिला प्रोत्साहन सबसे बड़ी प्रेरणा रहा।उन्होंने कहा, क्रू को उम्मीद नहीं थी कि मैं कॉमिक सीन में इतनी सहज रहूंगी। ऐसी प्रतिक्रिया मुझे और बेहतर करने के लिए प्रेरित करती है। यह संस्कृति और भाषा का सम्मान करने के साथ-साथ अपना सर्वश्रेष्ठ देने का मौका है। मुझे टीम का भी काफी सपोर्ट मिलता है।''

नोरा ने तमिल और बॉलीवुड सिनेमा के अंतर को भी रेखांकित किया। उनके मुताबिक, ''तमिल सिनेमा कहानी और परफॉर्मेंस पर केंद्रित है, जबकि बॉलीवुड की अपनी भव्यता और एनर्जी है। दोनों इंडस्ट्री से सीखना मेरे लिए रोमांचक अनुभव है।''



# शंकर महादेवन और उनके बेटों का भक्ति गीत जय श्री गणेश रिलीज

गायक शंकर महादेवन ने अपने दोनों बेटों सिद्धार्थ और शिवम महादेवन के साथ मिलकर बुधवार को भक्ति गीत 'जय श्री गणेश' रिलीज किया। यह गीत गणेश चतुर्थी के उत्साह और भक्ति को जीवंत करता है। गायक ने गीत को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'जय श्री गणेश' भगवान गणेश की प्रेरणा से भरा एक उत्सवपूर्ण गीत है। यह भक्ति और आनंद का एक समान मिश्रण है। मुझे खुशी होगी, अगर लोग इस गीत के साथ बप्पा का स्वागत करेंगे। सिद्धार्थ महादेवन ने बताया कि 'जय श्री गणेश' का माहौल बिल्कुल उत्सव मनाने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह गीत सुनते ही किसी का भी तुरंत आरती में शामिल होकर झूमकर नाचने का मन करेगा। शिवम महादेवन ने कहा, अपने पिता और भाई के साथ गणपति बप्पा को समर्पित इस गीत को गाना मेरे लिए बहुत खास है। हम ऐसा गीत बनाना चाहते थे, जो हर घर में खुशियां और उत्सव का माहौल लेकर आए। 'जय श्री गणेश' अब दुनिया भर में टाइम्स म्यूजिक और सभी बड़े म्यूजिक प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। इस गीत को भगवान गणेश के लिए एक भव्य भक्ति गीत बताया जा रहा है, जिसका संगीत केदार पंडित ने तैयार किया है और बोल नचिकेत जोग ने लिखे हैं।

इससे पहले, शंकर महादेवन ने मुंबई में रेस्टोरेंट्स की एक श्रृंखला शुरू करने की बात कही थी, जिसकी प्रेरणा लेखक आरके नारायण के काल्पनिक शहर मालगुडी से ली गई है। उनके रेस्टोरेंट्स मुंबई के लोकप्रिय इलाकों जैसे चेंबूर, बोरिवली और लोअर परेल में होंगे।

# बॉलीवुड स्टार अमिताभ बच्चन के बंगले में घुसा बारिश का पानी

मुंबई में इन दिनों भारी बारिश हो रही है। इससे आम लोगों से लेकर बॉलीवुड स्टार्स तक परेशान हैं। इसी बीच एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो में दिख रहा है कि बॉलीवुड स्टार अमिताभ बच्चन के जुहू वाले घर में पानी भर गया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो वायरल है। इसमें अमिताभ बच्चन के जुहू वाले बंगले प्रतीक्षा के सामने और अंदर पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। वीडियो में एक शख्स मुंबई की बारिश के बारे में लोगों को बताते दिख रहा है, कैसे लोग पानी से परेशानी झेल रहे हैं। मुंबई में इन दिनों जहां देखो पानी ही पानी है। इसी बीच वो अमिताभ बच्चन के घर का रुख करता है और दिखाता है कि उनके घर में भी बारिश का पानी भर गया है।

बता दें कि अमिताभ बच्चन की तबीयत भी इन दिनों सही नहीं है। हाल ही में उन्होंने अपने आधिकारिक ब्लॉग पर 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के सेट से कई तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने अपनी सेहत की भी जानकारी लोगों को दी। इस ब्लॉग की शुरुआत करते हुए बिग बी ने लिखा, ''कभी भी किसी भी चीज को हल्के में न लें।''

अमिताभ ने उस स्थिति की ओर इशारा भी किया, जहां लोग अधिकार या ताकत के आगे झुक जाते हैं, और सही फैसला लेने में हिचकिचाते हैं। उन्होंने लिखा, ''कभी-कभी हम अधिकारों के सामने झुकते हैं,



और अगर सही मायने में झुकें, तो यह ठीक भी होता है, लेकिन अक्सर लोग खुद को ऐसे हालात में पाते हैं, जहां वे सही को लेकर असमंजस में होते हैं... और फिर वे बस किनारे बैठे रहते हैं। ब्लॉग में बिग बी ने कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं। इनमें वे कैमरे के सामने अपने खास अंदाज में मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। उनके चेहरे की चमक यह साफ दिखाती है कि वे आज भी अपने काम को पूरी लगन और मेहनत से करते हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो अमिताभ बच्चन फिलहाल 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन होस्ट कर रहे हैं।

# आज कर्क राशि में गोचर करेंगे शुक्रदेव

हिंदू ज्योतिष शास्त्र में शुक्र देव को विलासिता, प्रेम, वैभव और सुख शांति को प्रभावित करने वाला कारक ग्रह माना गया है। शुक्र देव जब राशि परिवर्तन करते हैं तो सभी राशि के जातकों की ग्रह दशा प्रभावित होती है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि 21 अगस्त को शुक्र कर्क राशि में प्रवेश करेंगे और बुध के साथ युति कर लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण करेंगे। शुक्र आर्द्रा, पुनर्वसु और पुष्य नक्षत्रों में विराजमान रहेंगे। शुक्र मीन राशि में उच्च के होते हैं तो कन्या राशि में नीच के माने जाते हैं। उच्च शुक्र शुभ फलदायी होते हैं नीच शुक्र नकारात्मक परिणाम लेकर आते हैं। नवग्रहों में शामिल छठा ग्रह शुक्र वृषभ और तुला राशि का स्वामी माना जाता है। शुक्र एक शुभ ग्रह है यदि शुक्र कुंडली में मजबूत होता है तो जातकों को इसके अच्छे परिणाम मिलते हैं जबकि कमज़ोर होने पर यह अशुभ फल देता है। शुक्र को 27 नक्षत्रों में से भरणी पूर्वा फाल्गुनी और पूर्वाषाढ़ा नक्षत्रों का स्वामित्व प्राप्त है। ग्रहों में बुध और शनि ग्रह शुक्र के मित्र ग्रह हैं जबकि सूर्य और चंद्रमा इसके शत्रु ग्रह माने जाते हैं।

शुक्र का पौराणिक कथाओं में प्रचलित नाम शुक्राचार्य है जिनके बाद संजीवनी विद्या थी और ये शिव के परम भक्त व महर्षि भृगु ऋषि के पुत्र हैं। सप्ताह में शुक्रवार का दिन शुक्र को समर्पित है। शुक्र के अच्छे फल के लिए महिलाओं का सम्मान करें। परशुराम की आराधना करने से भी शुक्र की कृपा प्राप्त होती है। वैदिक ज्योतिष में शुक्र ग्रह को एक शुभ ग्रह माना गया है। इसके प्रभाव से व्यक्ति को भौतिक शारीरिक और वैवाहिक सुखों की प्राप्ति होती है। इसलिए ज्योतिष में शुक्र ग्रह को भौतिक सुख वैवाहिक सुख भोग-विलास शौहरत कला प्रतिभा सौन्दर्य रोमांस काम-वासना और फैशन-डिजाइनिंग आदि का कारक माना जाता है।

### शुक्र के पास अमृत संजीवनी

अमृत संजीवनी के मालिक शुक्र पृथ्वी के साथ हैं और शुक्र के पास अमृत संजीवनी है। इस कारण इस कारण प्राकृतिक आपदा और अप्रिय घटनाएं जन शून्य स्थानों पर होने की संभावना अधिक है। शुक्र अमृत संजीवनी के कारण दुर्घटना के शिकार लोगों को बचाने में सफल रहेंगे।

### शुक्र का स्वभाव

ज्योतिष शास्त्र में शुक्र ग्रह को एक महत्वपूर्ण ग्रह माना गया है। कलयुग में शुक्र को सबसे प्रभावशाली ग्रहों में रखा गया है। जन्म कुंडली में शुक्र यदि शुभ हो तो व्यक्ति को वैभव प्रदान करता है। शुभ शुक्र जीवन में सुख समृद्धि और विलासता का कारक बना जाता है। वहीं जब शुक्र अशुभ होता है तो व्यक्ति को बीमार, अपयश, और सुखों में लाता है।

### शुक्र व्यक्ति को कलात्मक बनाता

शुभ शुक्र व्यक्ति को कला के क्षेत्र में निपुण बनाता है। शुक्र प्रधान व्यक्ति इंटरटेनमेंट के क्षेत्र में नाम कमाता है। शुक्र व्यक्ति को मीडिया, फिल्म, संगीत, फैशन आदि में रूचि पैदा करता है।

### शुक्र का शुभ-अशुभ प्रभाव

शुक्र के राशि परिवर्तन से भौतिक सुख और वैवाहिक सुख में वृद्धि होगी। कानूनी मामलों में वृद्धि होगी। देश की अर्थव्यवस्था के लिए शुभ रहेगा। शुक्र के राशि बदलने से खाने की चीजों की कीमतें सामान्य रहेंगी। सब्जियां, तिलहन और दलहन की कीमतें कम होंगी। मशीनरी समान महंगे हो सकते हैं। व्यापार में तेजी रहेगी। सोने चांदी के भाव में वृद्धि होगी। दूध से बनी चीजों का उत्पादन बढ़ सकता है। सुख-सुविधाओं की चीजों में बढ़ोत्तरी भी हो सकती है। रोजगार के क्षेत्रों में वृद्धि होगी। आय में बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही राजनीति में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। शुक्र के अशुभ प्रभाव से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी होती है।

### शुक्र ग्रह के उपाय

लक्ष्मी माता की उपासना करें। सफेद वस्त्र दान करें। भोजन का कुछ हिस्सा गाय, कौवे और कुत्ते को दें। शुक्रवार का व्रत रखें और उस दिन खटाई न खाएं। चमकदार सफेद एवं गुलाबी रंग का प्रयोग करें। श्री सूक्त का पाठ करें। शुक्रवार के दिन दही, खीर, ज्वार, इत्र, रंग-बिरंगे कपड़े, चांदी, चावल इत्यादि वस्तुएं दान करें।




## शुक्र के इस गोचर का सभी 12 राशियों पर शुभ-अशुभ प्रभाव।

### मेष राशि

शुक्र का गोचर आपके लिए बहुत ज्यादा अनुकूल नहीं है। यह आपको मानसिक अशांति दे सकता है और यह आप के सुखों में भी कमी ला सकता है। इस दौरान अपनी सेहत का ध्यान रखें। लेन-देन के मामलों में भी सावधानी बरतें अन्यथा धनहानि की संभावना रहेगी। व्यापार के प्रति इनका गोचर अपेक्षाकृत बेहतर रहेगा। मकान वाहन के क्रय का योग बनेगा। शादी विवाह से संबंधित वार्ता कुछ रुकावट के बाद संपन्न होगी। कर्म भाव पर शुभ दृष्टि के प्रभाव स्वरूप कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। नए लोगों से मेलजोल भी बढेगा।

### वृषभ राशि

आपके साहस में वृद्धि होगी। आपके द्वारा लिए गए निर्णय सराहनीय होंगे। हालांकि घर में परिजनों से आपकी बहसबाजी हो सकती है। शुक्र की भाग्य भाव पर दृष्टि के फलस्वरूप धर्म-कर्म के मामलों में रुचि बढ़ेगी। यात्रा देशाटन का लाभ मिलेगा। विदेशी कंपनियों में सर्विस आदि के लिए प्रयास करना अथवा विदेशी नागरिकता के लिए वीजा का आवेदन करना भी सफल रहेगा।

### मिथुन राशि

आपको अपनी सेहत पर ध्यान रखना होगा। इस दौरान आपके खर्चों में बढ़ोतरी होगी। मकान वाहन से संबंधित क्रय का संकल्प भी पूर्ण हो सकता है। वहीं कार्यक्षेत्र में आपके विरोधियों का प्रभाव बढ़ सकता है इसलिए झगड़े विवाद से दूर रहें। कोर्ट कचहरी के मामले भी बाहर ही सुलझा लें तो बेहतर रहेगा। कुछ ऐसा करेंगे जिससे सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### कर्क राशि

आपका मन थोड़ा बेचैन रहेगा। मन में किसी चीज़ को लेकर चिंता का भाव देखने को मिल सकता है। हालांकि आपको अपने लक्ष्य पर ध्यान देना होगा। आपकी सोची समझी सभी रणनीतियां कारगर सिद्ध होंगी और कोई भी नया कार्य आरंभ करना हो अथवा अनुबंध पर हस्ताक्षर करना हो तो अवसर अनुकूल रहेगा। शादी-विवाह संबंधित वार्ता सफल रहेगी। ससुराल पक्ष से भी सहयोग मिलेगा। उच्चाधिकारियों से मधुर संबंध बनाए रखें।

### सिंह राशि

शुक्र का गोचर आपके खर्चों को बढ़ाएगा। इस दौरान आप महंगी वस्तुओं को खरीदेंगे। सेहत की दृष्टि से भी आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। खासकर अपनी दाहिनी आंख का ध्यान रखें। अत्यधिक यात्रा के कारण थकान का भी अनुभव करेंगे। इनकी शत्रु भाव पर दृष्टि के फलस्वरुप आपके गुप्त शत्रु बढ़ेंगे किंतु कोर्ट कचहरी के मामलों में निर्णय आपके पक्ष में आने के संकेत। ननिहाल पक्ष से भी सहयोग की उम्मीद कर सकते हैं। बैंक या किसी साहूकार से उधार न लें।

### कन्या राशि

आपको आर्थिक लाभ तो होगा परंतु परिजनों से विवाद बढ़ने की भी संभावना है। किसी प्रकार के व्यापार को शुरू करने के लिए समय अनुकूल रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा बहुत दिनों का दिया गया धन वापस आने की उम्मीद। इनकी पंचमभाव पर दृष्टि के प्रभाव स्वरूप संतान संबंधी चिंता से मुक्ति मिलेगी। नव दंपति के लिए संतान प्राप्ति एवं प्रादुर्भाव के भी योग। नए प्रेम प्रसंग बन सकते हैं। हालांकि इसमें सावधानी बरतना भी लाजमी होगा।

### तुला राशि

कर्म भाव में शुक्र गोचर आपको कामयाबी दिलाएगा। नौकरी में पदोन्नति एवं प्रभाव वृद्धि तो होगी स्थान परिवर्तन के भी योग बनेंगे। केंद्र अथवा राज्य सरकार से जुड़े कार्यो का निपटारा होगा। शासन सत्ता का पूर्ण उपयोग करें। चुनाव संबंधी कोई निर्णय भी लेना चाह रहे हों तो अवसर अच्छा है लाभ उठाएं। इनकी शुभ दृष्टि चतुर्थ भाव पर पड़ने के फलस्वरूप मित्रों अथवा संबंधियों से सहयोग तथा भौतिक सुखों की वृद्धि के भी योग।

### वृश्चिक राशि

इस अवधि में आपको विदेशी मामलों से जुड़े हुए कार्यो का निपटारा होगा। विदेशी कंपनियों के साथ सर्विस आदि का अनुबंध भी हासिल वरना अथवा विदेशी नागरिकता के लिए वीजा आदि का आवेदन करना भी सफल रहेगा। धर्म-कर्म के मामलों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। इनकी पराक्रम भाव पर दृष्टि के फलस्वरूप आपके द्वारा लिए गए निर्णय और किए गए कार्यो की सराहना होगी। प्रतियोगी छात्रों के लिए समय और भी अनुकूल रहेगा।

### धनु राशि

यह गोचर आपकी सेहत पर विपरीत असर डाल सकता है। विशेषकर हृदय और पेट संबंधी तंत्रों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। यही योग आपको मान सम्मान भी दिलाएगा। आपके विरोधी नीचा दिखाने की पूरी कोशिश करेंगे, इसलिए कार्यक्षेत्र में झगड़े विवाद से बचें, बेहतर रहेगा कि काम निपटाने और सीधे घर आए। आकस्मिक धन प्राप्ति के योग एवं उधार दिया गया धन भी वापस मिलने की उम्मीद। धनभाव पर दृष्टि के प्रभाव स्वरूप किसी महंगी वस्तु का क्रय कर सकते हैं।

### मकर राशि

यह गोचर आपके दांपत्य जीवन में कुछ कड़वाहट ला सकता है किंतु शादी विवाह से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यापारियों के लिए यह योग और भी उत्तम रहेगा। केंद्र अथवा राज्य सरकार से जुड़े प्रतिष्ठानों में सर्विस आदि का आवेदन करना अथवा नए अनुबंध पर हस्ताक्षर करना भी बेहतर रहेगा। यात्रा देशाटन का लाभ मिलेगा विदेशी वीजा के लिए भी आवेदन करना सफल रहेगा। लग्न भाव पर इनकी शुभ दृष्टि के प्रभाव स्वरूप सम्मान में वृद्धि होगी आपके निर्णयों की भी सराहना होगी।

### कुंभ राशि

आपके शत्रुओं की संख्या बढ़ेगी। आपके अपने ही लोग आपको नीचा दिखाने की पूरी कोशिश करेंगे और कुछ न कुछ षड्यंत्र आपके खिलाफ करते रहेंगे सावधान रहें। अपने और माता पिता के स्वास्थ्य के प्रति भी चिंतनशील रहें। कोर्ट कचहरी के मामले भी बाहर ही सुलझा लें तो बेहतर रहेगा। इनकी व्यय भाव पर दृष्टि के परिणाम स्वरूप विलासिता की वस्तुओं पर अधिक खर्च होगा, कष्टकर यात्रा के भी योग। विदेशी कंपनियों एवं विदेश में रह रहे मित्रों से लाभ की उम्मीद।

### मीन राशि

शिक्षा के क्षेत्र में आप कामयाब होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में मनमुटाव बढ़ सकता है। विद्यार्थियों के लिए परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए और प्रयास करने होंगे। नव दंपति को संतान प्राप्ति एवं प्रादुर्भाव के योग के साथ-साथ संतान संबंधी किसी भी चिंता से मुक्ति मिलेगी। शुक्र के लाभ भाव पर दृष्टि के फलस्वरूप आय के साधन बढ़ेंगे। थोड़ी मेहनत करने पर भी लाभ की अधिक उम्मीद कर सकते हैं।



डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान, जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

# साल का दूसरा गुरु पुष्य योग, मिथुन-तुला सहित अन्य राशियों के जातक शुभ योग से पाएंगे लाभ



गुरु पुष्य योग का शुभ संयोग 21 अगस्त को बनने जा रहा है। बेहद ही शुभ ये योग दिवाली के दिन के बराबर लाभ दिलाने वाला होता है। जब भी गुरुवार के दिन पुष्य नक्षत्र प्रभाव में आता है तब गुरु पुष्य योग का संयोग बनता है। इस साल तीन दिन गुरु पुष्य योग बन रहे हैं, जिसमें से यह दूसरा होगा। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा करने का असीम फल मिलता है।

इसके साथ ही इस दिन नया काम शुरू कर सकते हैं। अपने कारोबार का विस्तार कर सकते हैं। खरीदारी करने के लिए भी यह दिन बेहद शुभ माना जाता है। सोने-चांदी, वाहन, संपत्ति भी इस दिन खरीद सकते हैं। माना जाता है कि इस दिन खरीदी गई वस्तु लंबे समय तक काम में आती है और उससे इच्छित लाभ भी मिलता है। 21 अगस्त को बनने जा रहे गुरु पुष्य योग के संयोग से कन्या सहित 5 राशियों को जमकर लाभ मिलेगा।

### मिथुन राशि, आपकी योजनाएं होंगी सफल

मिथुन राशि के जातकों को गुरु पुष्य योग से शुभ परिणाम मिलने वाले हैं। आपकी योजनाएं सफल होंगी। अगर आप नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं तो आपके लिए दिन अच्छा रहेगा। अटके हुए काम भी तेजी से पूरे होंगे। इसके साथ ही आपको पिता या पितातुल्य लोगों का भरपूर सहयोग मिलेगा। परिवार में आपके सुख समृद्धि का वास रहेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**उपायः विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।**

### कर्क राशि, आर्थिक दिक्कतें होंगी दूर

कर्क राशि वालों को गुरु पुष्य योग से उम्मीद से बढ़कर लाभ मिलने के आसार हैं। कल आपके अटके हुए कार्यों में तेजी आएगी। आप सोच समझकर फैसले लेंगे और धन खर्च करेंगे। अच्छी बात यह है कि आपको गुरु या गुरुतुल्य लोगों से मार्गदर्शन मिलेगा जिससे आप सही कदम उठाएंगे। परिवार में आपके सुख शांति रहेगी। आपकी आर्थिक परेशानियां भी दूर होती नजर आएंगी।

**उपायः भगवान विष्णु को केसर वाला दूध अर्पित करें।**

### कन्या राशि, जमकर कमाई के मौके मिलेंगे

कन्या राशि के जातकों के लिए गुरु पुष्य योग स्पेशल रहने वाला है। कारोबार के विस्तार की आपकी योजनाएं सही दिशा में आगे बढ़ेंगी। मानसिक रूप से आप मजबूत महसूस करेंगे। दीर्घकालिक निवेश की योजना बना रहे हैं तो कल का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। दोस्तों की मदद से आपको जमकर कमाई के मौके मिलेंगे। परिवार में अनुकूल माहौल रहेगा।

**उपायः विष्णु चालीसा का पाठ करें।**

### तुला राशि, सुख सुविधाओं में होगा इजाफा

तुला राशि वालों को गुरु पुष्य योग से बंपर लाभ मिल सकता है। आपको साझेदारी में किए जाने वाले कार्यों में अच्छे परिणाम मिल सकता है। पार्टनरशिप में नया काम शुरू कर सकते हैं। इसके साथ ही अपने जीवनसाथी के नाम पर आप निवेश कर सकते हैं। आपको पैतृक संपत्ति का लाभ मिल सकता है। इसके साथ ही आपकी सुख सुविधाओं में बढ़ोतरी होने के आसार हैं।

**उपायः जरूरतमंदों को पीले वस्त्रों का दान करें।**

### धनु राशि, मनचाही सफलता मिलने के आसार

धनु राशि के जातकों के लिए गुरु पुष्य योग शानदार रहने वाला है। क्रिएटिव क्षेत्र के लोगों के कार्यों की सराहना हो सकती है। आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। आप कहीं धन का निवेश कर सकते हैं। कारोबार में आपको मनचाही सफलता मिल सकती है। रोजगार की तलाश में भटक रहे लोगों को कहीं से उम्मीद की किरण नजर आ सकती है। परिवार से भी आपको भरपूर सहयोग मिलेगा।

**उपायः घर से निकलते हुए पीले चंदन का तिलक लगाएं।**

# भाद्रपद माह की 23 को अमावस्या

## जानें स्नान- दान पूजा का शुभ मुहूर्त

हिंदू धर्म में अमावस्या की तिथि को बहुत विशेष माना जाता है। साल 2025 में अगस्त माह की अमावस्या को भाद्रपद माह की अमावस्या के नाम से जाना जाता है। अमावस्या तिथि पितरों का तर्पण करने और श्राद्ध के लिए सबसे उत्तम तिथि मानी जाती है। इस दिन स्नान, दान का विशेष महत्व होता है। अमावस्या तिथि के दिन पितृ दोष से मुक्ति पाने के लिए इस दिन पवित्र नदी में स्नान करना चाहिए।

भाद्रपद माह की अमावस्या तिथि को लेकर लोगों में संशय बना हुआ है। 22 या 23 अगस्त किस दिन पड़ रही है भाद्रपद माह की अमावस्या। भाद्रपद अमावस्या की तिथि की शुरुआत 22 अगस्त को सुबह 11 बजकर 55 मिनट पर होगी। अमावस्या तिथि का समापन 23 अगस्त को सुबह 11 बजकर 35 मिनट पर होगा। इसीलिए भाद्रपद माह की अमावस्या 23 अगस्त, शनिवार के दिन पड़ रही है। शनिवार के दिन अमावस्या तिथि पड़ती है तो इस तिथि को शनि अमावस्या कहेंगे।

अमावस्या तिथि को कालसर्प दोष निवारण की पूजा करने के लिए उपयुक्त माना जाता है। साथ ही इस दिन पितरों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध और तर्पण भी करना उपयुक्त माना जाता है।

### इस दिन बनने वाले शुभ योग

अमावस्या तिथि के दिन परिघ योग का निर्माण हो रहा है। इस दिन मघा नक्षत्र रहेगा। इस दिन शनिवार के दिन और शनि अमावस्या होने के कारण इस दिन महत्व और अधिक बढ़ जाएगा। इस दिन आप शनि देव का भी आशीर्वाद ले सकते हैं।

### इस मुहूर्त में करें स्नान-दान

अमावस्या तिथि के दिन स्नान और दान करने के लिए सबसे अच्छा मुहूर्त सुबह सूर्योदय से पहले का होता है यानि ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान और दान करें । इस दिन ब्रह्म मुहूर्त का समय रहेगा ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजकर 34 मिनट से लेकर सुबह 5 बजकर 22 मिनट तक।

# शनि अमावस्या पर इन उपाय से चमक सकती है आपकी फूटी किस्मत





हिंदू धर्म में अमावस्या की तिथि को बहुत विशेष माना जाता है। साल 2025 में अगस्त माह की अमावस्या को भाद्रपद माह की अमावस्या के नाम से जाना जाता है। अमावस्या तिथि पितरों का तर्पण करने और श्राद्ध के लिए सबसे उत्तम तिथि मानी जाती है। इस दिन स्नान, दान का विशेष महत्व होता है। अमावस्या तिथि के दिन पितृ दोष से मुक्ति पाने के लिए इस दिन पवित्र नदी में स्नान करना चाहिए।

अगस्त माह में पड़ने वाली अमावस्या तिथि को बहुत विशेष माना जा रहा है। भाद्रपद माह की अमावस्या 23 अगस्त, 2025 शनिवार के दिन पड़ रही है। इस अमावस्या को शनि अमावस्या के नाम से भी जाना जाएगा। इस दिन अपने पितरों के आशीर्वाद के साथ-साथ यह दिन शनि देव की कृपा प्राप्त करने के लिए फलदायी माना जा रहा है।

शनि अमावस्या की शुरुआत 22 अगस्त को सुबह 11 बजकर 55 मिनट पर होगी। वहीं शनि अमावस्या तिथि का समापन 23 अगस्त को सुबह 11 बजकर 35 मिनट पर होगा। इस दिन शनि देव की पूजा-अर्चना और दान से शनि दोष से मुक्ति और शनिदेव की कृपा प्राप्त की जा सकती है।

### शनि अमावस्या पर अचूक उपाय

पितरों को प्रसन्न करने के लिए शनि अमावस्या को बहुत खास माना गया है। इस दिन पितरों के नाम का दीप दान करें। इस दिन अपने घर की दक्षिण दिशा में एक दीपक जरूर जलाएं, ऐसा करने से पितृ प्रसन्न होते हैं और आशीर्वाद देते हैं।

शनि अमावस्या के दिन शनि देव की मूर्ति पर सरसों या तिल का तेल चढ़ाएं। तेल चढ़ाते समय शनि देव के मंत्र 'शं शनैश्चराय नम' का जाप 108 करें।

शनि अमावस्या के दिन काले तिल, लोहे, उड़द की दाल का दान जरूर करें। इस दान को महादान कहा जाता है।

गुड और आटे की गोलियां बनाकर चीटियों को खिलाने से मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है, साथ ही शनि दोष कम होता है।

इस दिन दीप दान करें, शाम को एक पीपल के पेड़ पर, घर के मुख्य द्वार पर बांयी ओर जरूर जलाएं, एक दीपक भगवान शिव के मंदिर में जलाएं।

शनि अमावस्या के दिन किसी जरूरतमंद को सवा किलो उड़द की दाल दान करें।

साथ ही इस दिन काले जूतों का दान करें।

हनुमान चालीसा का पाठ करें और हनुमान मंदिर में जाकर चमेली का तेल चढ़ाएं।

शुभ लाभ — खबरें जो सोच बदल दे

संपादकीय

## महाभियोग की नौबत

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग की नौबत...यकीनन संविधान और लोकतंत्र के लिए एक भयावह, चुनौतीपूर्ण और अस्वीकृति की स्थिति है। संवैधानिक व्यवस्था में यह नौबत क्यों आनी चाहिए? क्या मुख्य चुनाव आयुक्त शारीरिक और मानसिक तौर पर अक्षम हो गए हैं? क्या उनकी साख और निष्पक्षता निर्णायक तौर पर सवालिया अथवा आशंकित हो गई है? क्या मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ भ्रष्टाचार अथवा पक्षपात के आरोप कानून साबित हो चुके हैं और अदालत ने फैसला सुना दिया है? विपक्ष की राजनीति के मद्देनजर महाभियोग की नौबत भी पक्षपाती है। विपक्ष के 'वोट चोरी' के आरोप ही पर्याप्त नहीं हैं कि मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया संसद में शुरू की जाए। किसी भी संवैधानिक संस्था या पदासीन अधिकारी के खिलाफ महाभियोग मोहभंग और अस्वीकृति की पराकाष्ठा है। यह नौबत ही क्यों आनी चाहिए? यदि राजनीतिक नेतृत्व और प्रतिनिधित्व का एक ही पक्ष महाभियोग की बात करने लगे, तो वह उस संवैधानिक संस्था अथवा अधिकारी के प्रति दुराग्रह की भावना है। निश्चित तौर पर उसकी पृष्ठभूमि में प्रतिशोध का भाव भी निहित होगा। एक पक्ष के पूर्वाग्रहों से संवैधानिक और संसदीय व्यवस्थाएं नहीं चल सकतीं। कुछ उदाहरण सामने हैं। अप्रैल, 2018 में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश जस्टिस दीपक मिश्रा के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव विपक्ष ने राज्यसभा में दिया। आरोप खोखले, कुत्सित और पूर्वाग्रही थे, लिहाजा ऐसे ही कुछ आधारों पर तत्कालीन सभापति वेंकैया नायडू ने उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इसी तरह तत्कालीन उपराष्ट्रपति एवं सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ राज्यसभा में ही कांग्रेस नेतृत्व वाले विपक्ष ने महाभियोग का नोटिस दिया। प्रस्ताव में उन्हें पक्षपाती करार दिया गया कि वह विपक्ष को उसका पक्ष रखने को पर्याप्त समय नहीं देते हैं। बहरहाल अपरिहार्य कारणों से वह प्रस्ताव भी खारिज हो गया, लेकिन इस अंतराल में, मीडिया के विभिन्न प्रारूपों में, इन संवैधानिक हस्तियों के खिलाफ जो कुछ लिखा या कहा गया, यकीनन उन हस्तियों पर कीचड़ उछाले गए, उसकी भरपाई कौन करेगा? अब बारी मुख्य चुनाव आयुक्त की है। सोशल मीडिया पर उन्हें 'केंचुआ' करार दिया जा रहा है। क्या यह उपमा उचित है? बेशक संविधान के अनुच्छेद 324 (5) में मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की व्यवस्था दी गई है, लेकिन 'महाभियोग' शब्द का कहीं भी उल्लेख नहीं है। 'वोट चोरी' पर विपक्ष और मुख्य चुनाव आयुक्त के बीच विरोधाभास हैं। यह स्पष्ट है कि संसद में दो-तिहाई बहुमत विपक्ष के पास नहीं है और बेशक सत्ता पक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त को जरूर बचाएगा। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री वाली चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति की है। वह पक्ष महाभियोग को सफल क्यों होने देगा? इस यथार्थ के बावजूद और ध्रुवीकरण की राजनीति के मद्देनजर यह नेरेटिव फैलाना शुरू किया गया है कि विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विमर्श कर रहा है। विपक्षी गठबंधन के अधिकतर दल इसके पक्ष में हैं। 'वोट चोरी' का मामला अभी सर्वोच्च अदालत में है और अगली सुनवाई 22 अगस्त को होनी है। अदालत के अंतरिम आदेश के मुताबिक, आयोग ने मतदाता सूचियों से काटे गए 65.64 लाख नामों को अपनी वेबसाइट्स पर सार्वजनिक कर दिया है। दावा यह भी किया जा रहा है कि नाम काटने के 'कारण' भी बताए गए हैं। अब आयोग ने 'आधार कार्ड' को स्वीकार करना भी शुरू कर दिया है। इस कार्ड के साथ आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। मतदाताओं की निजता का मुद्दा भी अदालत के विचाराधीन है। विपक्ष को सर्वोच्च अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए था।

यकीनन संविधान और लोकतंत्र के लिए एक भयावह, चुनौतीपूर्ण और अस्वीकृति की स्थिति है। संवैधानिक व्यवस्था में यह नौबत क्यों आनी चाहिए? क्या मुख्य चुनाव आयुक्त शारीरिक और मानसिक तौर पर अक्षम हो गए हैं? क्या उनकी साख और निष्पक्षता निर्णायक तौर पर सवालिया अथवा आशंकित हो गई है? क्या मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ भ्रष्टाचार अथवा पक्षपात के आरोप कानून साबित हो चुके हैं और अदालत ने फैसला सुना दिया है? विपक्ष की राजनीति के मद्देनजर महाभियोग की नौबत भी पक्षपाती है। विपक्ष के 'वोट चोरी' के आरोप ही पर्याप्त नहीं हैं कि मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया संसद में शुरू की जाए। किसी भी संवैधानिक संस्था या पदासीन अधिकारी के खिलाफ महाभियोग मोहभंग और अस्वीकृति की पराकाष्ठा है। यह नौबत ही क्यों आनी चाहिए? यदि राजनीतिक नेतृत्व और प्रतिनिधित्व का एक ही पक्ष महाभियोग की बात करने लगे, तो वह उस संवैधानिक संस्था अथवा अधिकारी के प्रति दुराग्रह की भावना है। निश्चित तौर पर उसकी पृष्ठभूमि में प्रतिशोध का भाव भी निहित होगा। एक पक्ष के पूर्वाग्रहों से संवैधानिक और संसदीय व्यवस्थाएं नहीं चल सकतीं। कुछ उदाहरण सामने हैं।

### कुत्तों में उलझी न्यायपालिका और विधायिका

# गली के कुत्तों पर गली-गली बवाल



डॉ. मोतीलाल गुप्ता 'आदित्य'

पिछले कुछ समय से दिल्ली एनसीआर सहित देश के विभिन्न हिस्सों में कुत्तों द्वारा बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों आदि पर गंभीर हमलों की घटनाओं के चलते लोगों की तीव्र प्रतिक्रिया दिखाई देती है। लोगों का कहना है कि गलियों में घूमने वाले आवारा कुत्तों के कारण उनका घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। पता नहीं कब कौन सा कुत्ता किसे काट ले। बच्चे के घर से बाहर निकलते ही उसे मार डाले। दिल्ली के कई रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों और कुछ नागरिकों ने कुत्तों के हमलों और काटने की घटनाओं पर गंभीर चिंता जताते हुए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। इन शिकायतों में कहा गया था कि दिल्ली में गलियों के कुत्तों की संख्या लगभग 10 लाख तक पहुंच चुकी है और इनके कारण लोगों की सुरक्षा खतरे में है। खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों पर हमलों की घटनाओं का हवाला दिया गया।

11 अगस्त 2025 को, एक दो-न्यायधीशों की बेंच-जिसमें न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन शामिल थे उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में सड़कों पर रहने वाले सभी कुत्तों को आठ सप्ताह में शेल्टर होम्स (आश्रय गृहों) में स्थानांतरित करने का आदेश दिया । इस फैसले में कहा गया था कि गलियों के कुत्तों को किसी भी हाल में सार्वजनिक जगह पर वापस नहीं छोड़ा जाए। शेल्टर होम (आश्रय-स्थल) में पर्याप्त स्टाफ, सीसीटीवी और हेल्पलाइन व्यवस्था हों। यह भी कि इस प्रक्रिया में कोई बाधा डाले तो कठोर कार्रवाई हो सकती है।

सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय के बाद तो देशभर में पशु-प्रेमी और ऐसे संगठनों ने सड़कों पर उतर कर अपना जबरदस्त विरोध प्रकट किया। इन संगठनों ने इस विषय पर पुनर्विचार की मांग की और कहा कि यह निर्णय व्यवहारिक नहीं है। इस निर्णय के कारण गलियों के कुत्तों के साथ क्रूरता होगी। उधर गलियों के कुत्तों से परेशान लोग भी निर्णय के पक्ष में खड़े हो गए। मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस मामले पर दो न्यायाधीशों के बदले तीन न्यायाधीशों की बेंच बना दी है। सर्वोच्च न्यायालय की तीन सदस्य पीठ में जस्टिस विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया शामिल हैं। इस पीठ ने आवारा कुत्तों को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाई है और मामले सुनवाई जारी है।

गली के कुत्तों पर उठा यह बवाल न्यायपालिका के गलियारों से निकलकर अब गलियों और सड़कों से होते हुए राजनीति के गलियारों में भी जा पहुंचा। संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को क्रूर और दूरदर्शिता-रहित बताया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा और पशु कल्याण साथ चल सकते हैं। उनकी बहन और सांसद प्रियंका वाड्रा ने इस निर्णय को अत्यंत अमानवीय बताया और कहा इतनी जल्दी कुत्तों के लिए आश्रय स्थल बनाकर उन्हें इनमें में स्थानांतरण करने की बात अव्यवहारिक है। कांग्रेस के ही नेता शशि थरूर का कहना था कि समस्या के समाधान और उसके कार्यान्वयन में फोकस एनजीओ यानी गैर सरकारी संगठनों पर होना चाहिए। जानी मानी पशु-प्रेमी और इसके लिए आवाज उठाने वाली पूर्व सांसद मेनका गांधी, जो प्युपल फॉर एनिमल्स (झ्रऋ-) की अध्यक्ष हैं, उन्होंने इस आदेश को अव्यवहारिक बताते हुए कहा कि गलियों के कुत्तों के लिए इतने कम समय में ऐसे आश्रय-स्थल बनाना संभव नहीं है और इससे सरकार पर अत्यधिक वित्तीय बोझ पड़ेगा। तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने भी इस निर्णय को क्रूर और अमानवीय; बताते हुए कहा कि इस निर्णय की समीक्षा होनी चाहिए। इसके विपरीत दिल्ली भाजपा नेता विजय गोयल ने कहा कि हम जनता की इस सुरक्षा के आदेश का स्वागत करते हैं। फिल्म अभिनेता जॉन अब्राहम ने इसे कुत्ता समुदाय के हितों और एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) नियमों के खिलाफ बताते हुए इन आदेशों की समीक्षा की मांग की। पशुओं के हितों के लिए कार्य करने वाली जानी-मानी संस्था पेटा इंडिया ने कहा कि इस निर्णय में वैज्ञानिक दृष्टिकोण नहीं दिखाई देता। उन्होंने इसके लिए नसबंदी अपनाने पर जोर दिया।

इस विषय पर विचार से पहले भारत में गलियों के कुत्तों की स्थिति पर एक नज़र डालना जरूरी है। भारत में आवारा कुत्तों की अनुमानित कुल संख्या को लेकर दो अलग-अलग आंकड़े सामने आए हैं। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में लगभग 1.53 करोड़ आवारा कुत्ते हैं, जबकि अन्य रिपोर्ट्स में यह संख्या 6 करोड़ तक बताई गई है। यह विसंगति विभिन्न स्रोतों और अनुमानों के कारण हो सकती है। मार्स पेट केयर / पेट होमलेसनेस इंडेक्स की वैश्विक रिपोर्ट (2021-22 के आसपास जारी हुई) में भारत में 6.2 करोड़ गली के कुत्तों का अनुमान था। प्रश्न यह है कि आवारा कुत्तों की इस बड़ी समस्या से कैसे निपटा जाए? क्या समाधान निकाला जाए, जो सरकारों के स्तर पर भी व्यावहारिक हो और जिसे मूर्त रूप दिया जा सके। सिर ही कुत्तों द्वारा नागरिकों विशेषकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों पर हमलों पर लगाम लग सके और बेज़ुबान जीव भी अपना जीवन यापन कर सकें।

इसके लिए पशु जनसंख्या नियंत्रण नियम 2023 बनाए गए हैं। जिसके अंतर्गत नगर निगमों और पंचायतों द्वारा सड़क के कुत्तों को पकड़ने, नगर निगम/एनजीओ विशेष टीमों द्वारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी करने, टीकाकरण, खासकर, एंटी-रेबीज़ के टीके लगाने और पकड़े गए कुत्तों को, जहां से पकड़े गए थे, फिर वापस उसी इलाके में छोड़ने के प्रावधान हैं। लेकिन इन नियमों के पालन की स्थिति चिंताजनक है। बड़ी-बड़ी नगर पालिकाओं तक में भी कुत्ते-बिल्लियों की नसबंदी की व्यवस्था नहीं है। रेबीज के टीके भी कितनों को लगे और कितनों को नहीं, कौन देखता है।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यह धरती केवल मनुष्यों के लिए नहीं बल्कि सभी पशु-पक्षियों और जीव-जंतुओं के लिए भी है। मुझे लगता है कि इसके लिए एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाना चाहिए और ऐसे प्रावधान भी किए जाने चाहिए कि नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके। इसके लिए नगर-निगमों व नगरपालिकाओं आदि में पशु - पक्षी अस्पताल और आवश्यकतानुसार बीमार व कमजोर पशुओं के लिए आश्रय स्थल भी बनाए जाने चाहिए। आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए आश्रय-स्थलों के अलावा अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जाना चाहिए। आज भारत में, विशेषकर शहरों में ज्यादातर कुत्ता-प्रेमी अपने देश के कुत्तों के बजाए आयातित, विदेशी नस्ल के कुत्तों को पालते हैं। सरकार विदेशी - नस्ल के कुत्तों पर प्रतिबंध लगा कर अपने देश के सड़कों और गलियों में रहने वाले कुत्तों को आश्रय की व्यवस्था कर सकती है। ऑल पेट डॉग्स स्टेटिस्टिक्स के अनुसार, 2023 में भारत में पालतू कुत्तों की अनुमानित संख्या 3.3 करोड़ थी, जो कि 2028 तक 5.1 करोड़ तक बढ़ने की संभावना है। हालांकि पंजीकृत पालतू कुत्तों का प्रतिशत बहुत कम है। हो सकता है कि बहुत सारे पालतू कुत्ते पंजीकृत न हों। इनमें विदेशी नस्ल के कुत्तों की जानकारी ज्ञात नहीं है। लेकिन विदेशी नस्लों को प्रतिबंधित कर हम देसी कुत्तों के आश्रय की व्यवस्था कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त इस कार्य में पशु-प्रेमी संस्थाओं की सहभागिता का सहयोग लेने से सरकारों पर पड़ने वाला बोझ भी कम होगा और गलियों के कुत्तों आदि के प्रबंधन को बेहतर बनाया जा सकेगा। इस कार्य के लिए सरकार द्वारा एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन करते हुए पशु-प्रेमी संस्थाओं और व्यक्तियों व राज्य सरकारों आदि से चर्चा के बाद ऐसे नीतिगत निर्णय लिए जाने चाहिए, जिससे गलियों के कुत्ते और मनुष्य सह अस्तित्व के साथ रह सकें।

देश दुनिया से

## कितने जख्म देगी बेरहम-विनाशक बरसात?



बेरहम बरसात का खौफनाक मंजर थमता नजर नहीं आ रहा है। हर तरफ तबाही ही तबाही मची हुई है। 13 अगस्त बुधवार को लाहुल स्पीति, कुल्लू, श्रीखंड में बादल फटने से काफी तबाही हुई है। उदयपुर की मियाड़ घाटी में बादल फटने से बहुत तबाही हुई है। वहीं श्रीखंड में भी बादल फटने से नुकसान हुआ है। तीर्थन घाटी में भी बादल फटा है। एक दिन में तीन घटनाएं हुई हैं जिससे लोग खौफ में हैं। बरसात के कहर ने बहुत अनमोल जीवन लील लिए हैं। अभी भी पता नहीं कितने लोगों की जान लेगी? 2018 से 14 अगस्त 2025 तक सात सालों में यह तबाही का सिलसिला निर्बाध रूप से चला हुआ है। हर साल बरसात का कहर आता है और सब कुछ बहा कर ले जाता है। सराज, मंडी, करसोग, सयांज, कुल्लू में सबसे पहले बादल फटने की घटनाएं हुई हैं। बरसात के कहर का आगाज 20 जून से हुआ था 14 अगस्त 2025 तक भी यह कहर जारी है। बरसात में अब तक 241 लोगों की जान जा चुकी है और 326 लोग घायल हैं तथा 36 लोग अभी भी लापता हैं। बेरहम बरसात ने बेकसूर लोगों को इतने गहरे जख्म दिए हैं कि आंसुओं का सैलाब नहीं थम रहा है। हिमाचल के हर गांव में करुण क्रंदन मचा हुआ है। लोग सदमे में हैं। ऐसा सदमा लगा है कि इससे उभरने में सदियां लग जाएंगी। हर तरफ मातम छाया हुआ है। आंखें पथरा गई हैं। चूल्हे नहीं जल रहे हैं। राहत शिविरों में रातें कट रही हैं। आपदा से ग्रस्त लोगों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि विपदा पड़ जाएगी। पिछले कई दिनों से खाना-पीना राहत शिविर में ही चल रहा है। अपनों की यादें सता रही हैं, जो बाढ़ में बिछड़ गए हैं और बह गए हैं। डरावनी रात बार-बार याद आती है तो रौंगटे खड़े हो जाते हैं। बेरहम प्रकृति ने चंद मिनटों में तबाही का जो मंजर दिखाया है, बहुत ही भयानक था। सयांज के अभागे गांव पंगलियूर में बाढ़ ने एक ही परिवार के नौ लोगों को छीन लिया। केवल मात्र एक लडक़ी ही जिंदा बची है। वहीं बाड़ा में भी नौ महीने की एक नवजात बच गई है। उसके मां-बाप मौत के आगोश में समा चुके हैं। 30 जून की काली रात ने ऐसी तबाही की इबारत लिखी है कि यह इतिहास बन गई है। आने वाली सात पीढियों को भी यह डरावना बरसात का कहर याद रहेगा। बरसात के इस कहर ने ऐसे जख्म दिए हैं कि जख्म तो भर जाएंगे पर घाव रिसते रहेंगे। सराज में बेरहम प्रकृति ने ऐसी तबाही की है कि लोग इसे ताउम्र नहीं भूल सकते हैं। मंगलवार को चंबा के चुराह में बादल फटने से लोगों के खेत बह गए, गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। 30 जून को करसोग में बादल फटने से बाढ़ की चपेट में आने से लापता ललित कुमार का शव करला के पास सतलुज नदी में बरामद हो गया। अभी बहुत लोग लापता हैं। आलीशान आशियाने मिट्टी बन गए, जमींदोज हो गए हैं, लोग बेघर हो गए हैं। प्रकृति ने सब तहस-नहस कर दिया है। शवों की तलाश के लिए दिन रात टीमें जुटी हैं, लेकिन अभी तक शव नहीं मिल रहे हैं। बाढ़ में बह चुके लोगों के परिजनों के आंसू सूख चुके हैं। बाढ़ में खो चुके अपनों की तलाश में मारे-मारे फिर रहे हैं, पर अपनों की लाशें नहीं मिल रही हैं। जून में हुई त्रासदी इस विनाशकारी प्रकृति के कहर से जनमानस खौफजदा है। कहीं फिर से पहाड़ का मलबा न आ जाए, लोग खौफ के साए में रातें काट रहे हैं। वर्ष 2018 में भी बहुत मानवीय त्रासदी हुई थी और 2024 में भी हिमाचल में प्रकृति के कहर से हजारों लोग मारे गए थे। समेज गांव का नामोनिशान मिट गया था और 42 लोग अकाल बेमौत मारे गए थे। प्रदेश में पहले भी कई भीषण त्रासदियां हो चुकी हैं। कहीं मकानों के ढहने से बच्चों से लेकर बूढ़े बुजुर्ग मारे गए हैं, तो कहीं सैंकड़ों बेजुबान पशुओं की दबकर मौत हो गई। दर्जनों लोग पानी में बह गए और करोड़ों की संपत्ति तबाह हो गई। पहाड़ के मलबे की चपेट में आने से काफी जान-माल का नुकसान हो रहा है। प्रकृति की इस विभीषिका में हजारों लोग अपंग हो गए हैं, बच्चे अनाथ हो जाते हैं। लाशें मलबे में दफन हो गई हैं। सरकार को चाहिए कि प्रत्येक गांव से लेकर शहरों तक आपदा प्रबंधन कमेटियां गठित करनी चाहिएं जिसमें डाक्टर, नर्स व अन्य प्रशिक्षित स्टाफ रखना चाहिए, ताकि त्वरित कार्रवाई करके लोगों को मौत के मुंह से बचाया जा सके। अक्सर देखा गया है कि जब तक आपदा प्रबंधन की टीमें घटना स्थलों पर पहुंचती हैं, तब तक बची हुई सांसें उखड़ जाती हैं, लाशों के ढेर लग जाते हैं। अगर समय पर आपदाग्रस्त लोगों को प्राथमिक सहायता मिल जाए तो हजारों जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सरकार को कालेजों व स्कूलों में भी मॉकड्रिल जैसे आयोजन करने चाहिए, ताकि अचानक होने वाली आपदाओं से अपना व अन्य का बचाव किया जा सके। स्कूलों व कालेजों मे चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना व स्काउट एंड गाइड के स्वंयसेवियों को आपदा से निपटने के लिए पारंगत किया जाए। अगर यही स्वयंसेवी अपने घर व गांवों में लोगों को आपदा से बचने के तरीके बताएं तो काफी हद तक नुकसान को कम किया जा सकता है। सरकार को चाहिए कि आपदा से बचाव के लिए प्रत्येक विभाग के कर्मचारियों को पूर्वाभ्यास करवाया जाए, ताकि समय पर काम आ सके। पुलिस व अग्निशमन के कर्मचारियों को भी समय-समय पर ऐसे आयोजन करते रहना चाहिए। अगर सभी लोग आपदा से बचाव के तरीके समझ जाएंगे तो तबाही कम हो सकती है। प्रकृति के प्रकोप से बचना है तो मानव को अपनी जीवन शैली बदलनी होगी। छेड़छाड़ बंद करनी होगी, नदियों व नालों से दूर मकान बनाने होंगे। अगर अब भी मानव ने प्रकृति पर अत्याचार बंद नहीं किया तो प्रकृति अपना बदला लेती रहेगी और मानव को सबक सिखाती रहेगी। बादल फटते रहेंगे, बाढ़ें आती रहेंगी। सतर्कता बरतनी होगी ताकि फिर कभी ऐसी त्रासदी न झेलनी पड़े। प्रकृति का संरक्षण निहायत जरूरी है, नहीं तो परिणाम घातक होंगे।

आप का नजरिया

## सदन की अनुगूंज

हक और आत्मसम्मान के लम्हों के बीच सदन की बहस के मार्मिक पन्ने और हिमाचल की परंपराएं अनूठी पहल की ख्वाहिश कर लेती हैं। मानसून सत्र की आंखें भीगी तथा लबों पर प्रदेश के अस्तित्व से जुड़े सवाल विधानसभा के माहौल को जवाबदेह बना रहे हैं। विपक्ष का काम रोको प्रस्ताव, सरकार की सहमति का वारिस बनकर जब सदन में गूंजता है, विचारधाराओं से कहीं आगे पक्ष-प्रतिपक्ष के सुझावों की अनुगूंज एक सरीखी हो जाती है। होगा गुस्सा बादलों पर आमादा, मगर जमीन के आंसुओं की अपनी दास्तान अलग थी। ये आंसू न मेरे, न तेरे, हिमाचल की चुनौतियों के सामने हम सबके लिए कुछ नया करने की हिदायत से सने हैं। सुर्खियां तो इस बार भी निकलेंगी, लेकिन आपदा के मुहाने विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच बंटने नहीं चाहिएं। यहां चुराह विधानसभा का दर्द शाहपुर से भिन्न नहीं। आपदा वीआईपी होकर संबोधित नहीं होती, इसीलिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू क्षेत्र विशेष के बजाय पूरे हिमाचल के लिए आर्थिक पैकेज की मांग कर रहे हैं। हिमाचल का मूल्यांकन सही तरह से न तो सामान्य परिस्थितियों में हुआ और न ही आपदा के वक्त भी राज्य की पुकार समझी जा रही है। इसीलिए प्रोजेक्ट स्पेसिफिक राहत के आबंटन में पूरे प्रदेश की त्रासदी नहीं सुनी जा सकती। हिमाचल पगडंडियों से पगडंडियां मिलाते हुए आगे बढने के मील पत्थर चुनता रहा है। अगर कुल्लू-मनाली के रास्ते अवरुद्ध होते हैं, तो कहीं पूरा ऊना जलमग्न होकर चीखोपुकार करता है। कांगड़ा में भाली के मोड़ या दुनेरा के पास सडक़ गायब हो जाती है, तो पठानकोट-चंबा के टूटे संपर्क को जोडऩे की मशक्कत अहम है। आपदा एक रेखांकन कर रही है और पूछ रही है, 'क्या यही है पर्वतीय विकास।' क्या इन्हीं हालात में जीने को जीना कहेगा पूरा प्रदेश। सराज का आपदा के कांटों पर लहूलुहान होना केवल नसीहत नहीं, हिमाचल को नए सिरे से देखने के अल्फाज़ हैं। सदन के भावुक क्षण इस बार आक्रोश को हरा पाएंगे या हमें गुस्से में खुद को दिखाकर सदन का ताप या मान बढ़ाना है। यह दीगर है कि बहस में 'काले झंडे' उतर आए। ये थे आपदा के नाजुक दौर में, इसलिए उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गुस्से को भावुक बनाते हुए सार्वजनिक आचरण की लक्ष्मण रेखाएं तराशीं तो जंजीरों में संयम सीखने की जरूरत को देखा गया। अब बहस अगर तेरे और मेरे काले झंडों में होगी, तो हर दौर की सत्ता को विपक्ष ने फंसाया है। पहली बार राहत की सामग्री में कहीं भाजपा, तो कहीं कांग्रेस का दाग उभर आया। इसी तरह के टकराव के किस्सों की कहानियां अगर सदन सुनता रहेगा, तो कब तक आम हिमाचली अपने योगदान में वोट गिनता रहेगा। बेशक आपदा के बाद राहत के रास्तों पर सियासत के नाखुन भी चुभे हैं। ये तेरे या मेरे नहीं, हम सबके जख्मों पर नमक बनकर दिखाई दिए हैं। इसलिए जब चुराह के विधायक हंसराज अपने हलके के नुकसान का भारीपन लिए सौ करोड़ के अनुमान का जिक्र करते हैं, तो मुख्यमंत्री के तर्क में पूरे प्रदेश के लिए आपदा राहत पैकेज के संदर्भ में अर्थ जुड़ते हैं। अब सवाल यह भी नहीं कि आपदा में कहां किसके चरण पहले पड़े, बल्कि यह है कि केंद्र हमारी उजड़ी बस्तियों के दीये कहां तक जलाएगा। कब गायब खेत की तलाशी में, अपने जज्बात का हल चला कर कोई किसान फिर से फसल के गीत सुनाएगा। हिमाचल का दर्द बड़ा है, लिहाजा केंद्र को भी बड़ा सीना दिखाना होगा। उम्मीद है केंद्र से हिमाचल के हक और आत्मसम्मान लाने में दोनों पक्ष जब एक साथ चलेंगे, तो काले झंडे खुद ही गुस्से की रिवायत भूल जाएंगे। सदन के पटल पर आपदा एक साझी जिम्मेदारी की तरह हर पक्ष को सुन रही है। देखते हैं इस घड़ी हिमाचल का वक्त किस तरह गुजरता है। सदन की एक नई खिडक़ी कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी भी खोलते हैं। प्रदेश के 138 गांवों के नाम जातियों के आधार पर जब गूंजते हैं तो जातिवाद के कई मकबरे सजते हैं। यहां नाम बदलने की गुंजाइश में न धर्म है और न ही कोई रुतबा, बल्कि सामाजिक व राष्ट्रीय परिवर्तन की मुहिम में इन पन्नों को बदलना जरूरी हो जाता है।

विपक्ष का काम रोको प्रस्ताव, सरकार की सहमति का वारिस बनकर जब सदन में गूंजता है, विचारधाराओं से कहीं आगे पक्ष-प्रतिपक्ष के सुझावों की अनुगूंज एक सरीखी हो जाती है। होगा गुस्सा बादलों पर आमादा, मगर जमीन के आंसुओं की अपनी दास्तान अलग थी। ये आंसू न मेरे, न तेरे, हिमाचल की चुनौतियों के सामने हम सबके लिए कुछ नया करने की हिदायत से सने हैं। सुर्खियां तो इस बार भी निकलेंगी, लेकिन आपदा के मुहाने विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच बंटने नहीं चाहिएं। यहां चुराह विधानसभा का दर्द शाहपुर से भिन्न नहीं। आपदा वीआईपी होकर संबोधित नहीं होती, इसीलिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू क्षेत्र विशेष के बजाय पूरे हिमाचल के लिए आर्थिक पैकेज की मांग कर रहे हैं। हिमाचल का मूल्यांकन सही तरह से न तो सामान्य परिस्थितियों में हुआ और न ही आपदा के वक्त भी राज्य की पुकार समझी जा रही है।

कुछ अलग

## वेलकम टू वन्स अगेन गाइज

हैलो गाइज! वेलकम टू वन्स अगेन आपके प्रिय लाइव में! मैं हूं आपकी मोस्ट! मोस्ट! मोस्ट फेवरिट इकलौती यूट्यूबरतो आज मैं आपको लेकर आई हूं खास, अन्टच्ड, वर्जिन थीम बोले तो गोबर! गोबर जिसे अंग्रेजी में डंग बोलते हैं। लेकिन हिंदी में इसे गोबर ही बोलते हैं। वही गोबर जो हर गांव, कस्बे से लेकर शहर, महाशहर की सडक़ों पर आम पाया जाता है। आज का मेरा यह एपिसोड आपके साथ-साथ गोबर को डेडीकेटेड रहेगा। गाइज! गोबर की हिस्ट्री राजा-रानी की हिस्ट्री से पुरानी है। गोबर की हिस्ट्री प्रजा की हिस्ट्री से पुरानी है। गोबर की हिस्ट्री गाय-भैंसों की हिस्ट्री से पुरानी है। दुनिया में जब कोई नहीं था, तब गोबर था। दुनिया में जब कोई नहीं रहेगा, गोबर रहेगा। आई मीन टू से दैट गोबर इज अजर अमर। सो गाइज! तो जो गोबर मैं आज आपको दिखाने जा रही हूं, वह गोबर अमेजन पर ऑनलाइन गाय के गोबर के रूप में भी जागरूक से जागरूक उपभोक्ताओं द्वारा गोबर की सही नॉलेज न होने के कारण बिना किसी शक के खरीदा जा रहा है। गाइज! यह भैंस का गोबर इसलिए है, क्योंकि यह भैंस का गोबर है। ऐसा कम ही होता है कि गाय-भैंस वाला गोबर करे। बैल भैंसे वाला गोबर करे। पर ऐसा होता आज तक किसी ने नहीं देखा है। गोबर की सबसे बड़ी खासियत यह होती है कि नकली दूध बनाया जा सकता है, पर नकली गोबर नहीं। गाइज! यह जो गोबर होता है न! यह तब बनता है जब भैंस घास खाती है। भैंस जितना घास खाएगी, उतना ही गोबर देगी। यदि भैंस भूखी रहेगी तो गोबर कम देगी। गाइज! गोबर और घास का आपस में बहुत ही क्लोज रिलेशन होता है। सारे रिलेशन टूट सकते हैं, पर यह रिलेशन अटूट होता है। अगर भैंस घास नहीं खाएगी तो गोबर भी नहीं देगी।

दृष्टि कोण

## कूटनीति-राजनीति का संतुलनकर्ता भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के ध्वजारोहण समारोह में जो भाषण दिया, वह भारत राष्ट्र की कूटनीतियों को सुदृढ़ता तथा विभिन्न बाधाओं के उन्मूलन के प्रति शासन की सुशासकीय कार्यनीतियों की सक्रियता का द्योतक था। उनके अनेक वक्तव्यों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्थितियों के संदर्भ में लोगों को एक नव विचार प्रदान किया है। चाहे वक्तव्य शीघ्र ही भारत के विश्व की सबसे बड़ी तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का हो, सामरिक क्षेत्र में व्यापक उन्नति का हो, शासन को फाइलों से निकालकर फील्ड में कार्यव्यस्त करने का हो, वस्तु एवं सेवा कर व्यवस्था के द्वारा कर संग्रहण की सुव्यवस्था के बल पर प्रत्येक तिमाही में कर संग्रह में वृद्धि के बारे में हो, आगामी दिवाली में देशवासियों के लिए वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य में कमी का हो, अमेरिका हो चाहे कोई अन्य देश उसके मनमाने समझौते के सामने न झुकने का हो, कृषकों, बुनकरों, मछुआरों, लघु क्षेत्र के उद्यमियों व व्यापारियों के हित संरक्षण हेतु सुदृढ़ता से खड़े रहने का हो, अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र से भारत में विपक्ष को जैसे-तैसे राजनीतिक रूप में मजबूत बनाने के लिए देश की जनसांख्यिकी को बदलने का हो, देश में पाकिस्तान, बांग्लादेश तथा अन्य सीमांत देशों से हुई अथवा हो रही अवैध घुसपैठ का हो। इसके अलावा सुशासन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सिद्धांतों एवं कार्यपरायण उत्तरदायित्वों के 100 वर्षीय योगदान का हो, अथवा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेतृत्व में केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के गत 12 वर्षीय शासन की समयावधि में चहुंदिश अपेक्षाकृत वृहद् उपलब्धियों का वक्तव्य हो, लगभग सभी क्षेत्रों एवं विषयों के बारे में प्रधानमंत्री ने भारतीय जनता को दायित्वबोध के साथ अवगत कराया कि वे राष्ट्र व राष्ट्रीयता के लिए आजीवन समर्पित रहेंगे। प्रधानमंत्री के भाषण के आलोक में आवश्यकता इस विचार की है कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य सामने जैसा भी दिखाई दे रहा है, वास्तव में वह सत्य नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप भारत के विरुद्ध जो व जैसी भी राजनीति, अर्थनीति, भाषणनीति एवं कार्यनीति क्रियान्वित करते हुए दिखाई दे रहे हैं, वह अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का एक नवीन कार्यव्यवहार है, जो अधिसंख्य लोगों को सीधे-सीधे समझ नहीं आ रहा है। इस कूटनीति में न केवल अमेरिका, भारत तथा विश्व के अन्य देशों के संप्रभुगत हितों की सुरक्षा चिन्हित है, अपितु इसके बल पर समग्रविश्व के डीपस्टेट्स के विरुद्ध एक शक्तिशाली प्रतिरोधी तंत्र भी साकार हो रहा है। ब्रिक्स को इस तंत्र के आरंभिक उभार के रूप में देखा, समझा जा सकता है। इस संदर्भ में भारत अपने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अपनी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय भूमिका, दायित्व एवं कार्यों को भलीभांति संपन्न कर रहा है। आत्मसम्मान एवं गौरव के साथ अपनी जीवन-यात्रा करने वाले देशों में चाहे भारत हो अथवा कोई अन्य देश, सभी स्थानों पर मुद्रा, मादक व द्रव्य पदार्थों, मानव तस्करी, वेश्यावृत्ति, इत्यादि क्षेत्रों में जो अवैध व्यापार व्यापक स्तर पर होता हुआ आया है तथा अब भी निरंतर हो रहा है, उसमें अमेरिका एवं यूरोप के धनी देशों के वे डीपस्टेट्स खरबपति कुछेक खूंखार लोग लिप्त हैं जो अवैध धन के बल पर पनपी अपनी सनक को पूरी दुनिया पर थोपना चाहते हैं। इसके लिए वे देशों के सामने अपने मनमाने प्रस्ताव रखते हैं। यदि देश राष्ट्रीयता, संप्रभुता के आधार पर ऐसे प्रस्तावों का विरोध करते हैं, तो ये लोग वहां अलोकतांत्रिक ढंग से सत्ता परिवर्तित करके अपने संकेतों पर चलने वाले उन देशों के राजनीतिक दलों, नेताओं, व्यापारियों को सत्तारूढ़ कर देते हैं। लीबिया, इराक, सीरिया, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान ऐसे ही देश हैं जहां दुनिया के खरबपति डीपस्टेट्स ने अपने अनुसार सत्ताओं को बनाने-बिगाडऩे का खेल खेला है। ऐसे डीपस्टेट्स ने नाटो के सदस्य 27 यूरोपीय देशों पर भी एक ढंग से अपना आधिपत्य स्थापित कर रखा है। विश्व की प्रमुख संस्थाएं- विश्व व्यापार संगठन, विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, संयुक्य राष्ट्र महासभा इत्यादि सभी की सभी ऐसे डीप स्टेट्स के मनमाने प्रस्तावों के आधार पर ही अपनी वैश्विक नीतियां बनाती हैं तथा उनमें मनमाना परिवर्तन करती हैं। विश्व के ऐसे मानवता विरोधी घातक तंत्र को ध्वस्त करने के लिए गत दस वर्षों से भारत के नेतृत्व में कूटनीति स्तर पर जैसे व जितने प्रयास किए जा रहे हैं, वह इस तंत्र को बुरी तरह चुभने लगे हैं। फलस्वरूप डीप स्टेट्स तंत्र ने भारत को दबाने के लिए चीन का सहारा लेकर सीमाक्षेत्रों पर दोनों देशों के मध्य संघर्ष बढ़ाने की कुचेष्टा की, बांग्लादेश में तख्तापलट करवाया, म्यांमार में अराजकता फैलाई, नेपाल व श्रीलंका को अस्थिर किया, पाकिस्तान के माध्यम से आतंक फैलाने की युक्तियां अधिक प्रभावी नहीं हुईं तो पहलगाम करवाकर भारत को ऑपरेशन सिंदूर करने के लिए विवश किया और जब पाकिस्तान को परास्त करने वाले अल्पावधि के युद्ध में डीप स्टेट्स ने देखा कि कैसे भारत की सामरिक शक्तियां रूस व इजरायल के सहयोग से उनके नियंत्रण वाले हथियार निर्माताओं की सामरिक शक्तियों को चुनौती देने लगी हैं, तो उन्होंने अमेरिकी शासन पर दबाव डालकर शुल्क वृद्धि का नव कूटनीतिक अभियान छेड़ दिया है। इस आकलन के आधार पर स्पष्ट हो जाता है कि अमेरिका की ओर से राष्ट्रपति ट्रंप के रूप में जो व्यक्ति हमें भारत का प्रत्यक्ष शत्रु दिखाई दे रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में योजनाएं बनाकर काम करने से सफलता मिलेगी, लेकिन कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी और दिन भागदौड़ में व्यतीत होगा। अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। पुराने कर्ज से छुटकारा मिल सकता है। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। परिजन, दोस्त, रिश्तेदारों का पूरा सहयोग मिलेगा। जमीन–जायदाद के मामले में पड़ने से बचें, अन्यथा कानूनी विवाद में फंस सकते हैं। आपका व्यवहार पार्टनर को खुशी देगा। तरक्की के नए मार्ग खुलेंगे।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज का दिन मिलाजुला रहेगा। कामकाज अच्छा चलेगा और धन लाभ के योग भी रहेंगे, लेकिन छोटी–छोटी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और दिन भाग दौड़ में व्यतीत होगा। शारीरिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा विवाद होने की संभावना रहेगी। सेहत सामान्य रहेगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और परिजन का भरपूर सहयोग मिलेगा। लेन–देन से बचें।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। व्यापार–धंधा अच्छा चलेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आकस्मिक धन लाभ के योग भी बन रहे हैं। नौकरी में मनचाहा स्थानांतरण या पदोन्नति की संभावना रहेगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। दाम्पत्य जीवन भी सुखद रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। सेहत को लेकर सावधान रहें। सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। यात्रा पर जाने से बचें।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। गृह–नक्षत्रों की स्थिति अनुकूल रहने से भाग्य–वृद्धि के योग बन रहे हैं। कारोबार अच्छा चलेगा और धन लाभ की स्थिति रहेगी। नौकरी में तरक्की मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में काम की अधि–कता रहेगी, लेकिन सहयोगियों की मदद से कार्य सफल होंगे। आकस्मिक धन प्राप्ति हो सकती है। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और परिजन के साथ दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सेहत भी अच्छी रहेगी। यात्रा पर जाने का आयोजन हो सकता है।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज का दिन मिलाजुला रहेगा। व्यापारिक गतिविधि मध्यम रहेंगी और छोटी–छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यभार की भी अधिकता रहेगी, लेकिन सहकर्मियों की मदद से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और परिजन का भरपूर सहयोग मिलेगा। पैसों के लेन–देने और कोर्ट–कचहरी के कार्यों से दूर रहना बेहतर होगा। सेहत को लेकर सावधान रहें। विद्यार्थियों को सफलता के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार–धंधा मध्यम रहेगा और कार्यभार की अधिकता रहने से दिन भाग दौड़ में व्यतीत होगा। कार्यक्षेत्र में आशानुरूप सफलता नहीं मिलने से मन में व्यग्रता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। ईश्वर भक्ति मन को शांति प्रदान करेगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और परिजन का सहयोग भी मिलेगा। धन व्यय की अधिकता रहेगी। सेहत का ध्यान रखें।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज का दिन मिलाजुला रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धन लाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और कार्य सफलता के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव कर सकते हैं। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा, लेकिन ध्यान रहे कि आपकी बातों से किसी को ठेस न पहुंचे। सेहत को लेकर सतर्क रहें और वाहन चलाते समय सा–

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार विस्तार की योजनाएं बनाएंगे। कार्यक्षेत्र में वातावरण आपके अनुकूल रहेगा और सहकर्मियों का भरपूर सहयोग मिलेगा, जिससे कार्य आसानी से पूरे होंगे। काम को लेकर किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा, लेकिन किसी बात को लेकर विवाद होने की भी आशंका रहेगी। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा है। सेहत का ध्यान रखें।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में वातावरण आपके अनुकूल रहेगा और सहकर्मियों का सहयोग भी मिलेगा, लेकिन आशानुरूप कार्यों में सफलता नहीं मिलने से मन व्यथित रहेगा। व्यापार–धंधे में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों के प्रति रुचि बढ़ेगी। परिवार का माहौल ठीक रहेगा, लेकिन वाणी पर नियंत्रण रखना होगा, वरना किसी से विवाद होने की आसंका रहेगी। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें और खानपान का ध्यान रखें।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यवसाय में लाभ और नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं। कारोबार विस्तार को लेकर योजनाएं शुरू कर सकते हैं। प्रॉपर्टी में निवेश लाभदायक सिद्ध होगा। कार्यभार की अधिकता रहेगी, लेकिन कार्यों में सफलता मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और परिजन के साथ समय आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। परिजन–मित्रों के साथ किसी यात्रा या पिकनिक पर जा सकते हैं। सेहत भी बनी रहेगी।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज का दिन मिलाजुला रहेगा। व्यापार–धंधा अच्छा चलेगा और कारोबार विस्तार की योजनाएं बनेंगी, लेकिन नए कार्यों की शुरुआत करने से बचें, वरना बड़ा नुकसान होने की संभावना रहेगी। कार्यों में सफलता मिलने से धन लाभ होगा, अना–वश्यक धन व्यय की भी अधिकता रहेगी। रुका हुआ पैसा मिल सकता है। उधार लेन–देन से बचें। परिश्रम और प्रयासों से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिजन का भरपूर सहयोग मिलेगा। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलने से खुश रहेंगे। आय में वृद्धि के योग भी बन रहे हैं। हालांकि, कार्यभार की अधिकता रहेगी और कार्यों में सफलता के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ेगा। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और परिजन और मित्रों का भी भरपूर सहयोग मिलेगा। जोखिम लेने से नुकसान उठाना पड़ सकता है, इसलिए निर्णय सोच–समझकर लें। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। सेहत को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## आज का पंचांग

दिनांक : 21 अगस्त 2025 , गुरुवार
विक्रम संवत : 2082
मास : भाद्रपद ,कृष्ण पक्ष
तिथि : त्रयोदशी दोपहर 12:46 तक
नक्षत्र : पुष्य रात्रि 12:09 तक
योग : व्यतिपात सायं 04:14 तक
करण : वणिज दोपहर 12:46 तक
चन्द्रराशि : कर्क
सूर्योदय : 06:00 , सूर्यास्त 06:37 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:08 , सूर्यास्त 06:37 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:00 , सूर्यास्त 06:30 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:52, सूर्यास्त 06:28 ( विजयवाडा )

### शुभ चौघड़िया

शुभ : 06:00 से 07:30
चल : 10:30 से 12:00
लाभ : 12:00 से 01:30
राहुकाल : दोपहर 01:30 से 03:00
शुभ : 04:30 से 06:00
दिशाशूल : दक्षिण दिशा
उपाय : तिल्ली खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : गुरुवार पुष्य अमृत सिद्धि योग रात्रि 12:09 तक , भद्रा दोपहर 12:46 से रात्रि 12:49 तक , मासिक शिवरात्रि व्रत , गण्डमूल रात्रि 12:10 से, चातुर्मास व्रती को भाद्रपद में दही खाना वर्जित है

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# यमुना नदी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए गठित की जाएगी संयुक्त कमेटी : नायब सिंह सैनी




**चंडीगढ़, 20 अगस्त (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मां गंगा की तर्ज पर यमुना नदी को भी स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए सीडब्ल्यूसी, हरियाणा सरकार और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की एक संयुक्त समिति गठित की जाएगी। यह समिति यमुना नदी की सफाई के साथ–साथ इससे संबंधित अन्य समस्याओं के समाधान पर भी कार्य करेगी।

मुख्यमंत्री आज नई दिल्ली के श्रम शक्ति भवन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल की अध्यक्षता में ''इंटर स्टेट कॉर्डिनेशन रिलेटेड टू यमुना वाटर रेजुविनेशन'' को लेकर आयोजित बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बैठक में केन्द्रीय शहरी आवास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में सरकार बनने के बाद से योजनाओं को तीव्र गति से तैयार किया जा रहा है और उन्हें धरातल पर उतारने का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि यमुना नदी की स्वच्छता के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। नदी में गिरने वाले गंदे पानी के नालों को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के माध्यम से स्वच्छ करके नदी में प्रवाहित करने की प्रक्रिया को गति प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि यमुना नदी की सफाई के अभियान के तहत अब तक 16 हजार मीट्रिक टन कचरा निकाला जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प अनुसार निर्धारित लक्ष्य के तहत यमुना को स्वच्छ एवं निर्मल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यमुना की स्वच्छता दोनों सरकारों की सर्वोच्च प्राथमिकता है और शीघ्र ही जनता यमुना नदी का स्वच्छ रूप देख सकेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल जिले के पल्ला गांव से यमुना नदी में गिरने वाली ड्रेन का बीओडी स्तर 80 है। इस पानी को और अधिक स्वच्छ बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद के ओखला में यमुना नदी के पानी के बीओडी स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसकी गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए 44 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं, जिनसे प्रतिदिन लगभग 620 एमएलडी पानी शुद्ध किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, 510 एमएलडी पानी को स्वच्छ बनाने के लिए 9 और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण और पानी को लेकर किसी भी तरह की राज्यों की कोई सीमाएं नहीं होती। इसके लिए दोनों राज्यों को मिलकर कार्य करना होगा तभी यमुना नदी को पूर्ण रूप से स्वच्छ एवं साफ बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रदूषित पानी सीधे रूप से यमुना नदी में न डाला जाए। इसके लिए अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नजफगढ़ झील व ड्रेन की भी मॉनिटरिंग करने के लिए दिल्ली व हरियाणा के प्रतिनिधियों व विशेषज्ञों की सेवाएं ली जाएंगी तथा हरियाणा के उद्योगों से निकलने वाले दूषित पानी के बीओडी लेवल की भी जांच की जाएगी। नायब सिंह सैनी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले की घोर निंदा करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

बैठक में केंद्रीय सचिव देवश्री मुखर्जी, दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेन्द्र कुमार, हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनित गर्ग, अतिरिक्त मुख्य सचिव सिंचाई विभाग अनुराग अग्रवाल सहित सिंचाई एवं पर्यावरण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# हरियाणा में अपराध बेलगाम, भाजपा सरकार जिम्मेदार : दिग्विजय चौटाला



**चंडीगढ़, 20 अगस्त (एजेंसियां)।** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि 'युवा जोड़ो अभियान' के चलते जेजेपी के प्रति युवाओं का क्रेज दिन–प्रति बढ़ा है और बड़ी संख्या में युवा जेजेपी के साथ जुड़ रहे है। उन्होंने कहा कि जेजेपी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है और प्रदेश के मुद्दों को प्रमुखता के साथ उठा रही है। बुधवार को दिग्विजय चौटाला गुरुग्राम में युवा जोड़ो अभियान के तहत युवाओं के साथ रूबरू थे।

दिग्विजय चौटाला ने भाजपा सरकार को विफल बताते हुए कहा कि आज कमजोर शासक के कारण हरियाणा का बुरा हाल हो चुका है और प्रदेश के नागरिक बढ़ते अपराध के चलते डर के साये में जीने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि भिवानी में मनीषा हत्याकांड के बाद अब इंद्री में भी एक नाबालिग लड़की की लाश मिली है। उन्होंने कहा कि कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस मनीषा हत्याकांड सुलझाने में नाकाम रही है। दिग्विजय ने कहा कि सरकार को अपराध पर लगाम लगाने के लिए पुलिस को खुली छूट देनी चाहिए ताकि प्रदेश के हालात सुधरे।

दिग्विजय चौटाला ने यह भी कहा कि भाजपा दोहरी नीतियों अपनाकर जनता के साथ धोखा कर रही है। उन्होंने कहा कि जब सरकार में जेजेपी हिस्सेदार थी तो बुढ़ापा पेंशन भी बढ़ी और नई मंडियां भी बनी लेकिन अब भाजपा सरकार में बुढ़ापा पेंशन बढ़ाने की बजाय लाभार्थियों की संख्या घटाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बुढ़ापा पेंशन में आय की शर्त लगाना गलत है, यह बुजुर्गों के हितों के साथ खिलवाड़ हैं। विभिन्न कार्यक्रमों में पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा दिग्विजय चौटाला का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर अनेक युवाओं ने जेजेपी में शामिल होने की घोषणा की और पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# हरियाणा सरकार आयुष्मान के नाम पर गरीबों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रही है : सैलजा

**अंबाला, 20 अगस्त (एजेंसियां)।** सांसद कुमारी सैलजा न हरियाणा की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना का मूल उद्देश्य गरीब परिवारों को निशुल्क व गुण–वत्तापूर्ण इलाज देना था, परन्तु राज्य में यह योजना सरकारी उपेक्षा और वित्तीय कुशासन की भेंट चढ़ गई है। सांसद का आरोप है कि भुगतान में लगातार देरी और बजट आवंटन की कमी के कारण निजी अस्पताल आयुष्मान कार्ड धारकों के इलाज से हाथ खींच रहे हैं, जिससे जरूरतमंद मरीजों को अपनी जेब से खर्च करना पड़ रहा है। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार सबसे बड़ी बताकर योजना का प्रचार तो करती है, पर बुनियादी व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं करती। सरकार ने इसके लिए करीब 700 करोड़ का बजट रखा है जबकि मरीजों की संख्या को देखते हुए निजी अस्पताल संचालकों ने बजट कम से कम 2000 करोड़ रुपये रखने की मांग की थी, इस आयुष्मान भारत योजना के तहत करीब तीन लाख मरीज ईलाज करा चुके हैं।

सांसद ने कहा कि मरीजों की संख्या 45 प्रतिशत बढ़ी है तो उसी आधार पर बजट भी बढ़ाना चाहिए। सांसद ने कहा कि इस योजना के तहत 1300 अस्पताल सूचीबद्ध है जिनमें से 675 निजी अस्पताल है और शेष सरकारी है। सरकार निजी अस्पताल संचालकों के बिलों का भुगतान समय पर नहीं कर रही है और जो भी बिल जाते है उनमें मनमाने ढंग से कटौती की जा रही है। निजी अस्पताल संचालक चार बार बकाया भुगतान की मांग को लेकर उपचार बंद कर चुके हैं।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि अस्पतालों को समय पर बकाया नहीं मिल रहा, जिसके चलते कई अस्पतालों ने कार्डधारकों के लिए दवाइयों, सर्जरी और भर्ती तक पर रोक लगा दी है। सांसद ने कहा कि गरीब मरीज अस्पतालों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें काउंटर पर 'क्लेम रुका है' या 'लिमिट पूरी' जैसे जवाब मिलते हैं। यह सीधे–सीधे गरीब की सेहत से खिलवाड़ है।

उधर सरकार 3,050 करोड़ रुपये जारी करने का दावा करती रही है पर हकीकत यह है कि अधिकतर अस्पताल अभी भी भुगतान का इंतज़ार कर रहे हैं।

# जैसा खाएंगे अन्न वैसा हो जाएगा मन, हर रूप में हो हिंसा का त्याग : कुमुदलताजी म.सा.



**भीलवाड़ा, 20 अगस्त (एजेंसियां)।** भगवान महावीर ने इस धरा पर जीयो ओर जीने दो का संदेश दिया। उसे अपनाते हुए हम जीवन के हर रूप में हिंसा को कम करना है। जैसा हम अन्न खाएंगे वैसा हमारा मन हो जाएगा। जैन समाज यदि जागृत नहीं हुआ तो वह दिन दूर नहीं जब दो तरह के जैनी शाकाहारी व मांसाहारी जैनी हो जाएंगे। अंडा कभी शाकाहार नहीं हो सकता है। हम इस हालात से बचने के लिए बच्चों को धर्म ओर जैनत्व के संस्कारों से जोड़ना होगा। ये विचार अनुष्ठान आराधिका ज्योतिष चन्द्रिका महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. ने आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति द्वारा सुभाषनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में दिवाकर कमला दरबार में पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के अष्ट दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन के पहले दिन बुधवार को प्रवचन में व्यक्त किए। जिनवाणी श्रवण करने श्रावक श्राविकाएं उमड़े। पहले दिन प्रवचन का विषय ''आत्मशुद्धि की असली पूंजी पर्युषण जीवन की असली पूंजी अहिसा''रहा। सुबह प्रवचन से पूर्व वास्तुशिल्पी पद्मकीर्तिजी म.सा. ने अतंगडदशा सूत्र का वाचन किया। दोपहर 2 से 3 बजे तक विद्याभिलाषी साध्वी राजकीर्तिजी म.सा. ने कल्पसूत्र का वाचन किया। दोपहर में स्वास्तिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पर्युषण महापर्व के पहले ही दिन तेला तप करने की भावना के साथ सैकड़ो श्रावक–श्राविकाओं ने उपवास के प्रत्याख्यान लिए। प्रवचन में साध्वी कुमुदलताजी म.सा. ने जीवन में हिंसा को किस तरह कम कर सकते इस पर चर्चा करते हुए कहा कि बाल्टी की बजाय शॉवर से स्नान ओर स्विमिंग पुल में नहाना भी जीव हिंसा को बढ़ाने का रूप है। बाजार में खाने से पहले ये जरूर देखे कि उसमें कोई मांसाहारी चीज तो नहीं मिली हुई है। हवाई यात्रा करते समय यथासंभव वहां मिलने वाले भोजन से बचे ओर जिस बर्तन में मांसाहार परोसा जा रहा उसी से शाकाहारी भोजन भी परोसे तो पाप के भागीदार होंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे वस्त्रों व सामग्री का उपयोग नहीं करे जो चमड़े या जानवरों से तैयार होती हो। हम सिल्क के वस्त्र पहनेंगे तो धर्मस्थान पर साधना व भक्ति में मन नहीं लग पाएगा। जीवन में छोटी–छोटी हिंसा का त्याग करे ओर पशुओं को अभयदान देने पर जीवन पवित्र व पावन बन जाता है। धर्मसभा में स्वर साम्राज्ञी महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने कहा कि पर्युषण जीवन शुद्धि का आध्यात्मिक शिविर है। पर्युषण पर्व मनाना तब सार्थक होगा जब ये हमारे जीवन में बदलाव लाए। राग द्वेष छोड़ कर्मो के बंधन तोड़े। तन से पहले मन की शुद्ध जरूरी है ओर चिंतन करे कि हमारा जीवन किधर जा रहा है। हमे अधर्म को छोड़ पुण्य की तरफ बढ़ना है। पर्युषण पर्व हमे अपने कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि जैन कहलाना आसान है पर जैन बनना मुश्किल है। कभी भी अनाज व पानी झूठा नहीं छोड़े। प्रकृति की सुरक्षा के लिए पेड़ काटना बंद करे। साध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने मधुर प्रेरणादायी भजनों की भी प्रस्तुति दी। पर्युषण महापर्व के दूसरे दिन सुबह 8.30 बजे से अतंगडदशा सूत्र का वाचन होगा।

### डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा का दिल्ली दौरा

# राजस्थान में चिकित्सा सेवाओं और शिक्षा के विकास को लेकर केंद्रीय मंत्री के साथ चर्चा



**जयपुर, 20 अगस्त (एजेंसियां)।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव से मुलाकात कर विभागीय विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

उपमुख्यमंत्री ने दिल्ली में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर द्वारा आयोजित सोसाइटी के द्वितीय उपवेशन में सम्मिलित होकर विभागीय विषयों पर केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की अध्यक्षता में विस्तृत चर्चा की तथा उपस्थित जनों को संबोधित किया।इस दौरान आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के सुदृढ़ीकरण, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा अनुसंधान कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में विचार–विमर्श हुआ।

बैठक में केन्द्रीय आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, वित्तीय सलाहकार अब्बास, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा सहित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारीगण, एनआईए सोसाइटी के सदस्यगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने संस्थान द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हम आशा व्यक्त करते हैं कि आयुष मंत्रालय के मार्गदर्शन में यह संस्थान आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा।

### आरजीएचएस घोटाले पर सरकार का हंटर

# मुख्य सचिव का अल्टीमेटम, 15 दिन में निपटें आरजीएचएस और भर्ती में फर्जीवाड़े के केस



**जयपुर, 20 अगस्त (एजेंसियां)।** राजस्थान सरकार अब उन कर्मचारियों और अभ्यर्थियों पर शिकंजा कसने जा रही है जिन्होंने या तो आरजीएचएस योजना का दुरुपयोग किया या फिर फर्जी तलाक/प्रमाणपत्र लगाकर नौकरी हासिल की। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सोमवार को आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में 15 दिन के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यह कदम सरकार की पारदर्शिता और ईमानदारी की मंशा को दर्शाता है, मगर साथ ही यह सवाल भी खड़े करता है कि आखिर सिस्टम की इतनी बड़ी खामियां वर्षों तक अनदेखी क्यों की गईं?

हाल ही में आरजीएचएस योजना में हुई गड़बड़ियों ने सरकार को कठोर कदम उठाने पर मजबूर किया है। कई मामलों में पाया गया कि कर्मचारियों ने गलत दवाइयों के नाम पर घरेलू सामान खरीदा या अपात्र रिश्तेदारों का इलाज करवाया। शिक्षा विभाग ने तो पिछले दिनों ही ऐसे छह शिक्षकों को निलंबित कर दिया था। अब सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी विभाग में मिली अनियमितता पर बख्शा नहीं जाएगा।

मुख्य सचिव ने यह भी निर्देश दिए कि तलाक, आय, ईडब्ल्यूएस, खेल या दिव्यांगता प्रमाणपत्रों में हेराफेरी कर नौकरी पाने वाले अभ्यर्थियों पर भी कार्रवाई होगी।कर्मचारी चयन आयोग ने हाल ही में ऐसे कई मामलों की पहचान की है। 'कागजी तलाक' और फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्रों के जरिए नौकरी हथियाने वालों को चिन्हित कर जांच शुरू की जा चुकी है। यह कदम सरकार की मंशा को तो दर्शाता है, लेकिन साथ ही यह भी उजागर करता है कि भर्ती प्रक्रिया में निगरानी की बड़ी खामियां लंबे समय से मौजूद हैं।

शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दे

# प्रदेश में खाद संकट के खिलाफ कई जगह प्रदर्शन

## यूरिया के लिए लग रही हैं लंबी-लंबी कतारें

**लखनऊ, 20 अगस्त (एजेंसियां)।**

कृषि विभाग का दावा है कि हर जिले में सात से 10 दिन का यूरिया का स्टॉक मौजूद है। जबकि, हकीकत यह है कि यूरिया के लिए कहीं प्रदर्शन हो रहा है तो कहीं किसान कतार में खड़े नजर आ रहे हैं। कृषि विभाग के आंकड़ों के मुताबिक करीब 16 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है, जिसमें करीब छह लाख मीट्रिक टन यूरिया मौजूद है। कई कंपनियों की रैक रास्ते में है, जो दो दिन में पहुंच जाएंगी।

इस बीच कई जिलों में स्थानीय स्तर पर वितरण की नई रणनीति बनाई गई है। इसके तहत जिन समितियों पर मंगलवार को यूरिया का वितरण किया गया है, वहां बुधवार के बजाय बृहस्पतिवार को वितरण किया जाएगा। बुधवार को दूसरी समितियों पर खाद वितरण किया जाएगा। इस रोस्टर से पूरे जिले की समितियों पर खाद वितरण बारी- बारी से होता रहेगा। इस बीच मंगलवार को अयोध्या में यूरिया वितरण के दौरान हंगामा हुआ। खंडासा के कुरावन



सहकारी किसान केंद्र पर पुलिस ने लाठी भाजते हुए स्थिति नियंत्रित की। साधन सहकारी समिति जजवारा अड़सठ पर धक्का-मुक्की के दौरान सचिव को चोट आई है। साधन सहकारी समिति तेलियागढ़ पर किसानों ने प्रदर्शन किया। बाराबंकी में 6599 मीट्रिक टन यूरिया मौजूद होने का दावा किया गया है। यहां रोस्टरवार समितियों पर खाद बांटने की रणनीति अपनाई गई है। बलरामपुर में साधन सहकारी समितियों पर सुबह से ही किसान लाइन लगाए नजर आए। सुल्तानपुर, अमेठी, सीतापुर, गोंडा में सुबह से ही किसान लाइन लगाए रहे।

सिद्धार्थनगर में टोकन की व्यवस्था से खाद बांटी जा रही है। बृहस्पतिवार को 1600 मीट्रिक टम अतिरिक्त यूरिया पहुंच रही है। साधन सहकारी समिति बेल्टीकर पर मंगलवार को राजस्व निरीक्षक और पुलिस की मौजूदगी में खाद बंटवाई गई। यहां की सहकारी समिति सेहुड़ा कटहना सहित अन्य समितियों पर अभी तक खाद नहीं पहुंची है।

ऐसे में दूसरी समितियों पर भीड़ लग रही है। महराजगंज जिले में एक ही किसान अलग-अलग समिति पर यूरिया के लिए लाइन लगाए देखे गए हैं। इस वजह से भी समस्या बढ़ी है। देवरिया में161 समितियों पर अभी तक 17 हजार के सापेक्ष 15,636 मीट्रिक टन खाद भेजी गई है। इस वजह से यहां किसानों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

बस्ती में मंगलवार को कई स्थानों पर पीओएस मशीन का सर्वर प्रभावित रहा, जिसकी वजह से खाद का वितरण नहीं हो पाया। जिले में 24 जुलाई तक वितरण लक्ष्य की अपेक्षा 56 प्रतिशत अधिक बांट का वितरण हो गया। जांच के दौरान पता चला कि वितरण में बड़े पैमाने पर धांधली हुई थी। सोनभद्र के कोन ब्लाक में मंगलवार को एआर कोआपरेटिव देवेंद्र प्रताप सिंह व बीडीओ जितेंद्र नाथ दुबे की मौजूदगी में यूरिया बंटवाई गई। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस भी मौजूद रही। दिनभर में करीब 200 किसानों को खाद मिली, जबकि 300 से अधिक लौट गए। समितियों पर 267 रुपए प्रति बोरी मिलने वाली यूरिया निजी दुकानदार 400 से 500 रुपए में बेच रहे हैं। किसानों को जिंक या सल्फर भी थमाया जा रहा है।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा, कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ खाद वितरण को लेकर बैठक की गई है। निजी कंपनियों से लगातार बात की जा रही है। दो दिन में अतिरिक्त रैक आ जाएगी। अभी भी जिलों में पर्याप्त खाद मौजूद है।

किसानों से अपील है कि वे परेशान न हों। अपनी जरूरत के हिसाब से ही खाद लें। घर में न रखें। किसानों को सब्सिडी वाले उर्वरकों आसानी से मिलते रहे, इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। जिला स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत किया जा रहा है। कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं। कृषि विभाग सभी संबंधित एजेंसियों से मिलकर काम कर रहा है ताकि आपूर्ति में कोई बाधा न आए और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके।

### यूपी में खाद की किल्लत के बीच भारी मुनाफा कमा रहे तस्कर

## नेपाल में 10 गुनी कीमत पर बिक रहा भारत का यूरिया



**लखनऊ, 20 अगस्त (एजेंसियां)।**

उत्तर प्रदेश में यूरिया की कमी से हाहाकार मचा हुआ है। किसान यूरिया के लिए लाइन में लगे हैं लेकिन उन्हें नहीं मिल पा रही है। वहीं, तस्कर किसानों, निजी खाद विक्रेताओं और समितियों के सचिवों से साठगांठ कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। नेपाल से सटे प्रदेश के सात जिलों में खाद की किल्लत सबसे ज्यादा है लेकिन तस्करी से नेपाल के खेतों में बहार है। तस्कर यहां खाद की 10 गुना ज्यादा कीमत वसूल कर मोटी कमाई कर रहे हैं।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने खाद तस्करी के मामले में संवेदनशील सिद्धार्थनगर पहुंचकर कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके बाद भी तस्कर भारतीय खाद को नेपाल तक पहुंचा रहे हैं। इस खेल में 266.50 रुपए में मिलने वाली एक बोरी यूरिया नेपाल पहुंचते ही 1500 से 2000 रुपए की बिक रही है।

इसी मोटी कमाई के कारण ही नेपाल सीमा से सटे पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज के साथ ही कुशीनगर, देवरिया, गोंडा, बाराबंकी, सहारनपुर, बरेली, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, बांदा, ललितपुर, मथुरा और चंदौली में खाद का संकट गहरा गया है। महराजगंज में खुनुवा से लेकर रेंगहिया तक खाद की तस्करी किसी से छिपी नहीं है।

नेपाल में यूरिया की प्रति बोरी कीमत 800 रुपए है लेकिन मधेश क्षेत्र में मांग की अपेक्षा आपूर्ति कम होने से कीमत 1500 से लेकर 2000 रुपए बोरी हो गई है। इसी का फायदा उठाने के लिए तस्करों ने कुछ किसानों, निजी खाद विक्रेताओं व समितियों के सचिवों से साठगांठ कर खेल शुरू कर दिया। देवी पाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल शुक्ल का कहना है कि नेपाल से सटे सीमावर्ती जिलों के डीएम व एसपी को एसएसबी के साथ समन्वय बनाकर खाद के अवैध परिवहन की सूचना पर तत्काल कार्रवाई के लिए कहा गया है। अगर कहीं भी खाद तस्करी का मामला पाया जाता है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। श्रावस्ती में तस्कर दुकानों से 400 से 500 रुपए में यूरिया खरीदकर साइकिल और दूसरे चोर रास्तों से नेपाल पहुंचा रहे हैं। यहां प्रति बोरी 1200 से 1500 रुपए मुनाफे की बात सामने आई है। बलरामपुर से यूरिया नेपाल के कोयलाबास, सिसवारा, ककरहवा, खबरी नाका, गुरुंग नाका, सुकली नाका के किसानों तक पहुंच चुकी है।

# वैदिक गणित और स्वास्थ्य की पढ़ाई भी करेंगे इंजीनियर

### संगीत और संस्कृत की भी शिक्षा ले सकेंगे

**लखनऊ, 20 अगस्त (एजेंसियां)।**

यूपी के 750 से अधिक सरकारी व निजी इंजीनियरिंग, प्रबंधन व फार्मेसी संस्थानों के सिलेबस में बदलाव किया जा रहा है। अब उनकी रुचियां भी इसमें शामिल होंगी। प्रदेश के 750 से अधिक सरकारी व निजी इंजीनियरिंग, प्रबंधन व फार्मेसी संस्थानों में बीटेक, मैनेजमेंट व फार्मेसी के छात्र अब वैदिक गणित, भारतीय ज्ञान प्रणाली, वसुधैव कुटुंबकम, खगोल विज्ञान, ज्योतिष, भारतीय संगीत व महिला स्वास्थ्य से जुड़ी विषयों की पढ़ाई करेंगे। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत माइनर व इले-क्टिव कोर्स के रूप में इनकी शुरुआत इसी सत्र से करने जा रहा है।

विश्वविद्यालय की हाल ही में हुई विद्या परिषद की बैठक में भारतीय ज्ञान प्रणाली पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शुरू करने को हरी झंडी दी गई है। इसके तहत इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट व फार्मेसी के छात्रों को मुख्य विषय की पढ़ाई के साथ ही बहुमुखी विकास के लिए अन्य क्षेत्र की जानकारी भी कराई जाएगी। इसमें वे वैदिक गणित, संगीत, संस्कृत, विज्ञान, टाउन प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, वेलनेस एंड साइकोलॉजी आदि विषयों की पढ़ाई कर सकेंगे।

इसके लिए विश्वविद्यालय के घटक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शुरू किए जाएंगे। इसकी शुरुआत फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग (एफओएपी) से होगी। इसके लिए 50 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है। इस सेंटर से अन्य संस्थानों के छात्र ऑनलाइन पढ़ाई करेंगे। इसी तरह राजभवन की पहल पर महिला स्वास्थ्य से जुड़ी पढ़ाई भी माइनर कोर्स के रूप में की जा सकेगी। इसके लिए विश्वविद्यालय ने तैयारी पूरी कर ली है।

विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक एफओएपी के बाद अन्य घटक संस्थानों में भी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खोलने की तैयारी है। इसी क्रम में कई प्रमुख औद्योगिक संस्थानों के साथ मिलकर दर्जन भर माइनर कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। इससे युवा उद्योगों की जरूरत के अनुसार तैयार व समायोजित भी होंगे।

कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) ने वैल्यू एजुकेशन को बढ़ावा देने के लिए कुछ मॉडल करिकुलम तैयार किए हैं। इसी क्रम में अंतरिक्ष विज्ञान में माइनर कोर्स शुरू किया जाएगा। इसकी तैयारी चल रही है। ऐसे कोर्स करने के बाद छात्रों के लिए रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने कहा, भारतीय ज्ञान प्रणाली, समृद्ध सांस्कृतिक और दार्शनिक परंपराओं का संग्रह है। इसमें दर्शन, विज्ञान, कला, चिकित्सा और गणित जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इसको एनईपी में शामिल किया गया है ताकि छात्रों को अपनी जड़ों से जोड़ा जा सके। इसी क्रम में विश्वविद्यालय में यह कोर्स शुरू किया जा रहा है।

# जलालाबाद अब परशुरामपुरी के नाम से जाना जाएगा

**शाहजहांपुर, 20 अगस्त (एजेंसियां)।**

शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद नगर को अब परशु-रामपुरी के नाम से जाना जाएगा। इसका नाम बदल दिया गया है। इस पर केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। इस संबंध में गृह मंत्रालय से पत्र जारी किया गया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती ने भी पिछले दिनों शा-हजहांपुर का नाम बदले जाने की मांग की थी। जलालाबाद का नाम बदल कर परशुरामपुरी रखे जाने पर केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आए इस निर्णय ने संपूर्ण सनातनी समाज को गौरव प्रदान किया है।

उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी किए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदन दे दिया था। प्रदेश के प्रमुख सचिव ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के सचिव को पत्र भेजकर नाम परिवर्तन की स्वीकृति शीघ्र देने की अपेक्षा की थी। इस पर गृह मंत्रालय ने स्वीकृति दे दी है। बीते दिनों प्रदेश के प्रमुख सचिव की ओर से केंद्रीय गृह सचिव को पत्र भेजा गया था।

जिसमें कहा गया था कि जलालाबाद भगवान परशुराम की जन्मस्थली है। वहां भगवान परशुराम का काफी पुराना ऐतिहासिक मंदिर भी है। इसलिए जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी रखे जाने की मांग की जाती रही है।

नगर पालिका परिषद ने मार्च 2018 व सितंबर 2023 में इस मांग के प्रस्ताव बोर्ड बैठक में भी पारित किए। अप्रैल में शाहजहांपुर के डीएम ने बोर्ड की बैठक में पारित प्रस्ताव संलग्न कर नाम परिवर्तन को अपनी संस्तुति सहित पत्र शासन को भेजा था। पत्र में प्रमुख सचिव ने यह भी कहा था कि केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने बीते अप्रैल में ही लोगों की आस्था को देखते हुए नगर का नाम परशुरामपुरी घोषित किए जाने की मांग शासन से की थी। उक्त मांग तथा पालिका बोर्ड के प्रस्ताव पर प्रदेश सरकार ने अपनी सहमति जताते हुए नगर का नाम परशु-रामपुरी किए जाने का अनुमोदन दे दिया था। इस प्रस्ताव पर गृह मंत्रालय ने मंजूरी देते हुए बुधवार को पत्र जारी कर दिया।

भगवान परशुराम की यह नगरी आसपास क्षेत्र में ही नहीं बल्कि दूरदराज जनपदों के लोगों की आस्था से जुड़ी रही है। इस नगर का नाम परशुरामपुरी घोषित किए जाने की मांग भी लंबे समय से चली आ रही था। भगवान परशुराम की इस नगरी को शासन की ओर से 24 अप्रैल 2022 को जन्मस्थली घोषित किया गया था। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने मंदिर प्रांगण में आयोजित सभा में इसकी घोषणा की थी। इस दौरान उन्होंने मंदिर प्रांगण का सुंदरीकरण करते हुए पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने का वादा भी किया था।

### मुफ्ती सलीम नूरी ने कहा, हमारे देश का संविधान सबसे बेहतर

# मुल्क का वफादार ही मजहब और रजा का असली पैरोकार

**बरेली, 20 अगस्त (एजेंसियां)।** जो मुल्क का वफादार है, वही मजहब और रजा का असली पैरोकार है। हमारा संविधान सबसे बेहतर है। बरेली में उर्स-ए-रजवी के दूसरे दिन मंगलवार को इस्लामिया मैदान में अंतरराष्ट्रीय नामूस-ए-रिसालत, सौहार्द और मसलक-ए-आला हजरत कॉन्फ्रेंस में दरगाह प्रमुख सुब्हान रजा खान का पैगाम सुनाते हुए मुफ्ती सलीम नूरी ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि मुल्क में सभी को अपने मजहबी कार्यक्रम करने की आजादी है। सभी मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए काम करें। सरकारें आती-जाती हैं, पर मुल्क का इतिहास बहुत पुराना है। राजनीतिक दलों से इत्तेफाक अलग चीज है। मुल्क से वफादारी इससे जुदा है। इस मिट्टी में सभी का लहू शामिल है। हमें अपने बच्चों को शरीयत के साथ ही संविधान भी पढ़ाना चाहिए।



उन्होंने कहा कि आपसी सौहार्द के लिए देश की खानकाहों को आगे आना होगा। आज जिन मदरसों को शक की निगाह से देखा जा रहा है, टीपू सुल्तान, बहादुर शाह जफर, अल्लामा फजले हक खैराबादी सहित आजादी के कई मतवालों ने यहीं तालीम हासिल की थी। मुसलमानों और मदरसों को देशभक्ति के लिए किसी सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं। कॉन्फ्रेंस में कारी सखावत मुरादाबादी ने कहा कि अमेरिका ने दुनिया के कई मुल्कों को बर्बाद कर दिया। आज अमेरिका की मदद से ही इजराइल, फलस्तीन को बर्बाद कर रहा है। पाकिस्तानी उलमा और यू ट्यूबरों से दीन न सीखें। सुन्नी उलमा की किताबों से दीन की तालीम लें। उन्होंने जुमे की नमाज के बाद खुतबे में सौहार्द को बढ़ावा देने की अपील की।

कश्मीर से आए मुफ्ती अब्दुल रऊफ ने कहा कि मसलक-ए-आला हजरत पर कायम रहें। वहाबी विचारधारा से बचें। मौलाना मुख्तार बहेड़वी ने कहा कि मुफ्ती आजम हिंद ने देश के विभाजन के वक्त खिंची खाई को अपने इल्म से पाटने का काम किया था। यह कॉन्फ्रेंस दरगाह प्रमुख मौलाना सुब्हान रजा खान व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी की सदारत व सैयद आसिफ मियां की देखरेख में हुई। इसमें मौलाना कमर रजा, मौलाना जाहिद रजा, मुफ्ती बशीर उल कादरी, कारी अब्दुर्रहमान कादरी, मुफ्ती अख्तर, मौलाना असलम टनकपुरी, नेपाल के नसरुद्दीन रजवी, मॉरीशस से आए मुफ्ती नदीम, मुफ्ती रियाजुल हसन आदि ने भी खिताब किया। संचालन कारी यूसुफ रजा संभली ने किया।

## लव जेहाद केस में 3 साल की कैद

**बरेली, 20 अगस्त (एजेंसियां)।**

बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र में एक युवती पर जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के मामले में जिला जज सुधीर कुमार की अदालत ने तौफीक को तीन साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 29 हजार रुपए का जुर्माना लगाया, जिसमें से आधी राशि पीड़िता को दी जाएगी। पीड़िता ने 20 अक्टूबर 2024 को सिरौली थाने में शिकायत दर्ज की थी कि तौफीक ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर निकाह के लिए धर्म बदलने का दबाव बनाया। उसने युवती का नाम बदलकर शबनम रख दिया और बार-बार उसी नाम से पुकारता था। तौफीक रास्ता रोककर परे-शान करता था और पीड़िता के साथी को जान से मारने की धमकी भी दी थी। उसके खिलाफ पहले से चोरी और लूट के मामले दर्ज थे। पुलिस ने उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन अधिनियम और बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया।

# सरगना छांगुर के धर्मांतरण गैंग में सपा नेता भी शामिल

**लखनऊ, 20 अगस्त (एजेंसियां)।**

सरगना छांगुर के धर्मांतरण गिरोह में सपा का नेता भी शामिल पाया गया है। कुशीनगर की एक पीड़िता ने विश्व हिंदू रक्षा परिषद के लखनऊ कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी आपबीती सुनाई। पीड़िता ने बताया कि समाजवादी पार्टी के नेताओं ने उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया, उसका धर्मांतरण कराया और फिर शारीरिक शोषण के बाद उसे छोड़ दिया।



पीड़िता ने बताया कि 2017 में जब वह हाई स्कूल की छात्रा थी, तब उसकी मुलाकात बबलू खान उर्फ रफी खान से हुई। बबलू उसे अपने घर ले गया और तीन दिन तक उसका रेप करता रहा। बाद में उसने अपने दोस्त नौशाद उर्फ नाटा नवाब और आलमगीर अंसारी से मिलवाया, जो उसे छांगुर के पास ले गए। पीड़िता ने बताया कि छांगुर ने उसे नशीला पदार्थ और जूठा पान खिलाकर नौशाद के साथ उसका निकाह करवाया और धर्मांतरण करा दिया।

आरोपियों की पहचान समाजवादी पार्टी के नेता के रूप में हुई है, जिनकी तस्वीरें सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ भी हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि नौशाद उसे मुंबई ले गया, जहां वह एक साल तक रही और लगातार उसका शारीरिक शोषण किया गया। यह पहली बार नहीं है जब छांगुर गैंग के जघन्य अपराधों का खुलासा हुआ। इससे पहले बेंगलुरु और औरैया की पीड़ितों ने भी अपनी कहानी सुनाई थी। बेंगलुरु की पीड़िता ने बताया था कि सऊदी अरब में उसके साथ गैंगरेप हुआ और उसे ब्लैकमेल कर 10 लाख एंठे गए। आरोपी राजू राठौर ऊर्फ वसीम ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती की थी। औरैया की पीड़िता ने बताया कि शराब की लत छुड़ाने के बहाने उसके पिता को झांसे में लिया गया और फिर आरोपित ने उससे शादी कर ली।

इन सभी मामलों में पीड़िताएं बताती हैं कि अपराधियों को स्थानीय पुलिस का संरक्षण प्राप्त था, जिसके कारण उनकी शिकायत दर्ज नहीं हो सकी। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अध्यक्ष ने पुलिस पर बिना पैसे के मदद न करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि छांगुर पीर के गिरोह पर सख्त कार्रवाई की जाए, क्योंकि उसके गुर्गे अभी भी बाहर घूम रहे हैं और पीड़ितों के लिए खतरा बने हुए हैं।

## डेढ़ करोड़ की ठगी में पवन सिंह पर एफआईआर

**वाराणसी, 20 अगस्त (एजेंसियां)।** भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह कानूनी संकट में फंस गए हैं। वाराणसी की कोर्ट ने 13 अगस्त 2025 को उनके खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। कारोबारी विशाल सिंह ने आरोप लगाया है कि साल 2018 की फिल्म बॉस में निवेश करवाकर करीब 1.25 करोड़ की ठगी की गई। पीड़ित विशाल का कहना है कि पवन सिंह और अन्य लोगों ने मोटे मुनाफे का वादा किया, लेकिन फिल्म रिलीज होने के बाद पैसे नहीं लौटाए। विशाल ने बताया कि जब उन्होंने पैसे मांगे तो टालमटोल शुरू हो गया। आरोप है कि पवन सिंह ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

पुलिस से शिकायत पर कार्रवाई न होने के बाद मामला कोर्ट पहुंचा। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने प्रथम द्रष्टया आरोप सही मानते हुए एफआईआर दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं। फिल्म के चार अन्य लोगों पर भी केस दर्ज होगा। मामला अब पुलिस जांच के अधीन है।

# ला लीगा 2025-26 : रियल मैड्रिड ने जीत के साथ की शुरुआत ,पहले मैच में ओसासुना को हराया




**मैड्रिड,20 अगस्त (एजेंसियां) ।**

फ्रांसीसी स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे के पेनल्टी गोल की बदौलत रियल मैड्रिड ने ला लीगा 2025-26 सीजन की शानदार शुरुआत की। मंगलवार को सैंटियागो बर्नबाउ में खेले गए मुकाबले में मैड्रिड ने ओसासुना को 1-0 से हराकर नए कोच जाबी अलोंसो को जीत का तोहफ़ा दिया। मैच का एकमात्र गोल दूसरे हाफ के शुरुआती मिनटों में आया, जब ओसासुना डिफेंडर जुआन क्रूज़ के फाउल पर मैड्रिड को पेनल्टी मिली। एमबाप्पे ने मौके को भुनाते हुए गेंद को गोलकीपर सर्जियो हेरेरा के विपरीत दिशा में भेजकर टीम को बढ़त दिलाई। यह गोल अंत तक निर्णायक साबित हुआ। रियल मैड्रिड की टीम इस मैच में इंग्लैंड के मिडफील्डर जूड बेलिंगहैम के बिना उतरी, जो कंधे की सर्जरी के कारण अक्टूबर तक मैदान से बाहर रहेंगे। वहीं, लिवरपूल से आए ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड ने ला लीगा में पदार्पण किया। साथ ही समर साइनिंग्स डीन हुईजसन और अल्वारो कैरेरास भी शुरुआती एकादश का हिस्सा बने। पहले हाफ में मैड्रिड को ओसासुना की मजबूत डिफेंस के सामने खास मौके नहीं मिले। सेंटर-बैक हुईजसन और मिलिटाओ की दूर से मार की कोशिशों को गोलकीपर हेरेरा ने रोका। वहीं, विनीसियस जूनियर की क्रॉस पर एमबाप्पे का शॉट साफ़ नहीं लग पाया। दूसरे हाफ में पेनल्टी के जरिए गोल करने के बाद मैड्रिड ने मैच पर नियंत्रण बना लिया। अलोंसो ने 18 वर्षीय अर्जेंटीनी विंगर फ्रांको मास्तान्तुओनो को भी पदार्पण का मौका दिया। उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन गोलकीपर हेरेरा ने उनके प्रयास को बचा लिया। ओसासुना को मैच में वापसी का मौका नहीं मिला। अंत में अबेल ब्रेटोनेस को इंजरी टाइम में गोंजालो गार्सिया को रोकने के प्रयास में हाथ उठाने पर लाल कार्ड दिखाया गया और टीम 10 खिलाड़ियों के साथ रह गई। इस जीत के साथ रियल मैड्रिड ने 2008 से चली आ रही परंपरा को जारी रखा है कि वह ला लीगा के अपने शुरुआती मुकाबले में कभी हारता नहीं है।

## बुमराह के समर्थन में उतरे चेतन शर्मा

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर और चयन समिति के प्रमुख रहे चेतन शर्मा ने कहा है कि कार्यभार प्रबंधन के तहत इंग्लैंड दौरे में केवल तीन मैच ही खेलने के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की आलोचना करना ठीक नहीं है। चेतन ने बुमराह का बचाव करते हुए कहा कि उनका फैसला सही था। जब फिजियो ने उन्हें सावधानी रखने को कहा है तो उसकी बात माननी चाहिये क्योंकि वे चीजों को बेहतर समझ सकते हैं। बुमराह पांच मैच की एंडरसन-तेंदुलरकर ट्रॉफी के दौरान पहले, तीसरे और चौथे टेस्ट में खेले थे। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि ये किसी मरीज के डॉक्टर की सलाह मानने की तरह है। साथ ही कहा कहा, ''अगर मेडिकल टीम सलाह देती है, अगर डॉक्टर मुझे कहता है कि मुझे एंटीबायोटिक खाने होंगे तो मुझे ऐसा करना होगा , इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, ''यदि हमारे फिजियो किसी खिलाड़ी को काम के बोझ के प्रबंधन के लिए कह रहे हैं तो मुझे लगता है कि हमें उनकी बात सुननी चाहिए क्योंकि वे चीजों को बेहतर समझते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### दीप्ति शर्मा का क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए भारतीय महिला टीम में चयन से आगरा में खुशी



**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के होनहार खिलाड़ी दीप्ति शर्मा का भारतीय महिला टीम में चयन से जिले में खुशी का माहौल है। दीप्ति का चयन क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए हुआ है। उत्तर प्रदेश के आगरा के शमशाबाद कस्बे में 24 अगस्त 1997 को जन्मी दीप्ति के पिता भगवान शर्मा भारतीय रेलवे से रिटायर्ड हैं। उनकी मां सुशीला शर्मा एक शिक्षिका हैं। दीप्ति ने तेज गेंदबाज रहे अपने बड़े भाई सुमित शर्मा से प्रेरित होकर क्रिकेट को अपना कॅरियर चुना। उत्तर प्रदेश की टीम में, 12 साल की उम्र में ही दीप्ति का चयन हो गया था। वर्ष 2014 में दीप्ति भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए चुनी गयीं। इसी वर्ष उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने वनडे कॅरियर की शुरुआत की। दीप्ति ने 2017 में आयरलैंड के खिलाफ मैच में पूनम राउत के साथ मिलकर 320 रनों की विश्व रिकॉर्ड ओपनिंग साझेदारी की। उसमें दीप्ति ने खुद 188 रन बनाये थे। महिला वनडे क्रिकेट में ये दूसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। दीप्ति को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वर्ष 2020 में अर्जुन पुरस्कार से नवाज़ा गया। दीप्ति अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं। दीप्ति डब्ल्यूपीएल में यूपी वारियर्स के लिए खेलते हुए हैट्रिक लेकर पहली भारतीय गेंदबाज बनीं। दीप्ति शर्मा को खेल में शानदार उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए यूपी पुलिस में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के पद पर नियुक्त किया गया है। दीप्ति के पिता भगवान शर्मा ने बताया कि दीप्ति बचपन से ही क्रिकेट के लिए पूर्ण समर्पित है। उसका वर्ल्ड कप में चयन आगरा के साथ-साथ देश के लिए भी गौरव का विषय है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन आगरा के अध्यक्ष सुशील जोशान ने कहा कि दीप्ति का चयन नई पीढ़ी के लिए एक रोल मॉडल का काम करेगा ।

### सिंकफील्ड कप में गुकेश ने दूसरे दौर में अब्दुसत्तोरोव को हराया प्रज्ञानानंद संयुक्त बढ़त पर

**नई दिल्ली।** मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने पहले दौर में हमवतन आर.प्रज्ञानानंद से मिली हार



से उबरते हुए बुधवार को दूसरे दौर में उज्बेक जीएम नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव को शिकस्त दी। सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए गुकेश ने अपने प्रतिद्वंदी को 50 चालों तक चले मुकाबले में हराया। इस बीच, प्रज्ञानानंद ने अमेरिका के फैबियानो कारुआना के खिलाफ एक आसान ड्रॉ खेला। कारुआना ने कहा, मैंने शुरुआत में उसे थोड़ा चौंका दिया और फिर मुझे लगता है कि मैंने थोड़ी ग़लती कर दी, जिससे मैं थोड़ा चिंतित हो गया। इसी वजह से मैंने एक प्यादा बलिदान करने का फैसला किया... लेकिन फिर भी यह अपेक्षाकृत सहज ड्रॉ रहा। दिन के अन्य एकमात्र निर्णायक मुकाबले में फ्रांस के अलीरेज़ा फिरोज़ा ने जीएम जान-क्रिज़्स्टोफ़ डूडा को एक लंबे खेल में हराया, जो 100 चालों तक चला। इस जीत के साथ ही फिरोज़ा अब टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं, जहाँ उनके साथ भारत के प्रज्ञानानंद और अमेरिकी जीएम लेवोन अरोनियन भी शामिल हैं।

### सलाह ने रचा इतिहास, तीसरी बार बने पीएफए प्लेयर ऑफ द ईयर

**लंदन।** लिवरपूल के स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सलाह ने एक नया इतिहास रच दिया है। वह प्रोफेशनल



फुटबॉलर्स एसोसिएशन (पीएफए) के मेंस प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड को तीसरी बार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। सलाह ने इससे पहले 2018 और 2022 में यह खिताब अपने नाम किया था। इस बार वह छह खिलाड़ियों की शॉर्टलिस्ट में शीर्ष पर रहे, जिसमें उनके लिवरपूल साथी एलेक्सिस मैक एलिस्टर, मैनचेस्टर यूनाइटेड के ब्रूनो फर्नांडेज़, न्यूकैसल के स्ट्राइकर अलेक्जेंडर इसाक, चेल्सी के कोल पामर और आर्सेनल के डेक्लन राइस शामिल थे। 33 वर्षीय सलाह को यह सम्मान लिवरपूल की पिछले सीज़न की प्रीमियर लीग खिताबी जीत में उनके अहम योगदान के लिए मिला। उन्होंने 2024-25 सीज़न में 29 गोल दागे और 18 असिस्ट दिए, जिससे वे लीग के टॉप स्कोरर बने। सलाह को इस सीज़न में प्रीमियर लीग प्लेयर ऑफ द सीज़न और फुटबॉल राइटर्स' एसोसिएशन फुटबॉलर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड भी मिला। इसके अलावा, एस्टन विला के मिडफील्डर मॉर्गन रोजर्स को यंग प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया, जबकि इंग्लैंड के पूर्व मैनेजर गैरेथ साउथगेट को 2025 पीएफए मेरिट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

# एशिया कप 2025 के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित, हरमनप्रीत होंगे कप्तान

**नई दिल्ली,20 अगस्त (एजेंसियां) ।**

हॉकी इंडिया ने बुधवार को आगामी हीरो पुरुष एशिया कप 2025 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी। यह टूर्नामेंट 29 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के नवनिर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। यह प्रतियोगिता बेल्जियम-नीदरलैंड्स में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफायर है। भारत को पूल-ए में जापान, चीन और कजाखस्तान के साथ रखा गया है। टीम इंडिया अपना पहला मुकाबला 29 अगस्त को चीन के खिलाफ खेलेगी, इसके बाद 31 अगस्त को जापान और 1 सितंबर को कजाखस्तान से भिड़ेगी। अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को एक बार फिर टीम का कप्तान बनाया गया है। टीम में अनुभवी खिलाड़ियों का मजबूत संतुलन नजर आता है। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी कृष्ण बी पाठक और सूरज करकेरा पर होगी। रक्षा पंक्ति में कप्तान हरमनप्रीत सिंह और अमित रोहिदास के साथ जर्मनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह शामिल होंगे। मिडफील्ड की कमान मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह संभालेंगे। आक्रमण पंक्ति में मंदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह विपक्षी डिफेंस के लिए चुनौती पेश करेंगे। नीलम संजीव ज़ेस और सेल्वम कार्ती को वैकल्पिक खिलाड़ी के रूप में टीम में जगह दी गई है। टीम चयन पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हमने एक अनुभवी टीम चुनी है, जो दबाव की परिस्थितियों में प्रदर्शन करने का अनुभव रखती है। एशिया कप हमारे लिए अहम है क्योंकि विश्व कप क्वालिफिकेशन दांव पर है। इसीलिए हमें ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत थी जिनमें धैर्य, लचीलापन और जीत का जज्बा हो। मुझे इस टीम के संतुलन और गुणवत्ता से बेहद खुशी है। हर विभाग—रक्षा, मिडफील्ड और आक्रमण—में हमारे पास नेता मौजूद हैं और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत होगी। एशिया कप 2025 के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीमःगोलकीपर-कृष्ण बी.पाठक, सूरज करकेरा। डिफेंडर्स- सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह। मिडफील्डर- राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद।




## आजम और मोहम्मद रिजवान अब पाकिस्तान के प्रमुख खिलाड़ी नहीः मोहम्मद हफीज



**लाहौर।** पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम और विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के लिए खराब दौर चल रहा है। इन दोनो की ही जरुरत लगता है पाक क्रिकेट को नहीं रही। इसी कारण एशिया कप के लिए टीम में जगह नहीं दिये जाने के बाद इन दोनो को केन्द्रीय अनुबंध से भी बाहर कर दिया गया है। पाक के ही एक पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद हफीज ने कहा है कि अब ये दोनो पाक क्रिकेट के लिए जरुरी नहीं रहे। हफीज ने कहा, इन दोनो को अब प्रमुख खिलाडी नहीं कह सकते। प्रमख खिलाड़ी वे होते हैं जो पाकिस्तान के लिए मैच जीतते है। हफीज ने कहा कि टीम को बड़े नामों पर निर्भर रहने की जगह पर युवाओं को आगे लाना होगा। उन्होंने कहा, अगर हम पिछले डेढ़-दो सालो पर नजर डाले तो लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सलमान अली आगा, सैम अयूब और हसन नवाज है। हम उनके बारे में बात क्यों नहीं कर रहे है। ये मौजूदा खिलाड़ी है जो पाकिस्तान के लिए मैच जीत रहे है। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि बाबर और रिजवान को टीम में अपनी स्थिति को लेकर चिंतित होने की जरूरत है। उन्हें पहले अपने को एक अच्छे खिलाड़ी के रूप में साबित करना होगा। प्रमुख खिलाड़ी बाद में आते है। दोनो पहले अच्छे थे लेकिन अब वे परिणाम नहीं दे पा रहे है। हफीज ने बताया कि पाकिस्तान के गेंदबाजो ने भी हाल ही में मैच विजेता प्रदर्शन नहीं किया है। हफीज ने कहा, नसीम शाह और शाहीन शाह अफरीदी के लिए भी यही बात लागू होती है। वे भी पाकिस्तान के लिए मैच विजेता नहीं रहे। है। साथ ही कहा कि हमें उन खिलाड़ियो पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो अगले 10 से 15 साल तक योगदान दे सके।

# श्रेयस और यशस्वी को बेहतर प्रदर्शन के बाद भी बाहर करना दुखद : अश्विन



**चेन्नई,20 अगस्त (एजेंसियां) ।**

पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने एशिया कप के लिए बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को शामिल नहीं किये जाने पर नाराजगी जतायी है। अश्विन ने कहा कि श्रेयस को शामिल नहीं किया जाना दुखद है। इससे प्रशंसक भी निराश हैं। अश्विन ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को भी बाहर रखे जाने पर भी सवाल उठाया है और कहा है कि उन्हें बेहतर प्रदर्शन के बाद भी जगह नहीं मिलना समझ से परे है।

अश्विन ने कहा, 'चयन ऐसा काम है जिसमें कोई तो बाहर रहेगा ही। जब आप उनसे बात करते हैं तो उनके चेहरों की निराशा और दुख को महसूस कर सकते हैं। उम्मीद है कि किसी ने श्रेयस और जायसवाल से बात की होगी।' अश्विन ने कहा, 'जब आपके पास तीसरे सलामी बल्लेबाज के रूप में यशस्वी है तो भी आप शुभमन गिल को लेकर आए। मैं शुभमन के लिए खुश हूं पर श्रेयस और यशस्वी के लिए दुखी हूं। दोनों के साथ अच्छा नहीं हुआ।

उन्होंने कहा, 'श्रेयसा ने टीम से बाहर होने के बाद भी चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार बल्लेबाजी की थी। अगर श्रेयस को बाहर किये जाने का जवाब यह है कि शुभमन शानदार फॉर्म में है तो श्रेयस भी है। इसलिए उसे भी जगह मिलनी चाहिये थी। यशस्वी इंग्लैंड में अंतिम मैच में कठिन पिच पर शानदार पारी खेली थी इसके बाद भी उसे बाहर कर दिया गया।

अश्विन ने कहा, 'श्रेयस की क्या गलती है। उसने केकेआर को आईपीएल जिताया. उसे नीलामी में भेज दिया गया. उसके बाद वह 2014 के बाद पहली बार पंजाब को फाइनल तक ले गया। उसने शॉर्टगेंद की अपनी कमजोरी भी दूर कर ली। इसलिए मैं उसे और यशस्वी को शामिल नहीं किये जाने से निराश हूं।'

वहीं पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर ने भी चयनकर्ताओं के फैसले की निंदा करते हुए कहा कि यह संकेत है कि अब टी20 क्रिकेट में श्रेयस के लिए काफी कम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, 'श्रेयस 20 सदस्यीय टीम में क्यो नहीं हैं। इससे साफ है कि वह भविष्य की योजनाओं को हिस्सा अब नहीं रहा।

## पाक से मैच के सवाल पर बीसीसीआई मैंनेजर बोले, चयन से जुड़ा सवाल ही पूछें



**मुम्बई।** एशिया के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के चयन को लेकर हुई पत्रकार वार्ता के दौरान एक सवाल से चयनसमिति के प्रमुख अजित अगरकर और भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव असहज हो गये। इस पत्रकार ने पूछा कि वर्तमान समय के तनावपूर्व माहौल में भारतीय टीम 14 सितंबर को पाकिस्तान के साथ होने वाले मैच को खेलेगी या नहीं। ऐसे में अगरकर और सूर्यकुमार जवाब देते इससे पहले ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड के मीडिया मैनेजर ने कहा, 'रुकिए अभी आप चयन से जुड़ा हुआ कोई सवाल ही पूछ सकते हैं अन्य सवाल नहीं।' गौरतलब है कि एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर प्रशंसकों का विरोध बढ़ता रहा है। कई लोग इस मैच के बहिष्कार की मांग कर रहा है। उनका कहना है कि जिस प्रकार पाक ने पहलगाल में आतंकी हमला कराया उसको देखते हुए पाक से कोई मैच नहीं खेलना चाहिये। संसद में भी यह मामला उठा है। कई सांसदों ने इस मैच को रद्द करने की मांग की है। पहलगाम हमले के बाद भारतीय टीम ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया था जिसके तहत ही भारत ने पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में स्थित आतंकी अड्डों पर हमले किये थे जिसमें कई आतंकी मारे गये थे। जिसके बाद पाक सेना ने भारत पर ड्रोन हमले किये थे जो भारतीय एयर डिफेंस ने नष्ट कर दिये थे।

# द हंड्रेड : ट्रेंट रॉकेट्स की धमाकेदार जीत कप्तान डेविड विली ने दिखाया जलवा

**नॉटिंघम,20 अगस्त (एजेंसियां) ।**

नॉटिंघम में द हंड्रेड टूर्नामेंट के तहत मंगलवार को खेले गए मुकाबले में कप्तान डेविड विली की अगुवाई में ट्रेंट रॉकेट्स ने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स को सात विकेट से हराया। विली ने अपनी घातक गेंदबाजी से मात्र 11 रन देकर तीन विकेट झटके और ओरिजिनल्स को 100 गेंदों में महज 98 रन पर रोक दिया। रॉकेट्स ने लक्ष्य 26 गेंद शेष रहते आसानी से हासिल कर लिया और अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

### विली का कहर और ओरिजिनल्स की ढहती पारी

मैच की शुरुआत से ही डेविड विली ने ओरिजिनल्स की कमर तोड़ दी। उन्होंने पहले ही सेट में युवा बल्लेबाज बेन मैककिनी को एलबीडब्ल्यू आउट किया। इसके बाद इन-फॉर्म बल्लेबाज जोस बटलर को कैच आउट कराया और अगले ही गेंद पर रचिन रवींद्र को गोल्डन डक पर चलता किया। मध्य ओवरों में रॉकेट्स के गेंदबाजों ने पूरी तरह दबाव बनाए रखा। रिहान अहमद ने हेनरिक क्लासेन और फिल साल्ट को बड़े शॉट खेलने पर मजबूर किया और दोनों को आउट किया। वहीं, सैम कुक ने मैथ्यू हर्स्ट और स्कॉट करी को पवेलियन भेजा।



ओरिजिनल्स के लिए सिर्फ लुईस ग्रेगरी टिक पाए जिन्होंने आखिरी 10 गेंदों में ताबड़तोड़ 26 रन बनाए और टीम को किसी तरह 98 तक पहुंचाया।

### रिहान अहमद की नाबाद पारी

98 रन का लक्ष्य आसान नहीं माना जा रहा था, लेकिन रॉकेट्स ने इसे एकतरफा बना दिया। हालांकि जो रूट (4) और टॉम बैंटन (12) जल्दी आउट हो गए, लेकिन रिहान अहमद ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 45 रन बनाए। उन्होंने स्पिनरों रवींद्र और नूर अहमद के खिलाफ बेखौफ शॉट खेले और लगातार बाउंड्री लगाई।

# ऑस्ट्रेलिया को है स्मिथ और मैक्सवेल के विकल्पों की तलाश

**सिडनी,20 अगस्त (एजेंसियां) ।**

ऑस्ट्रेलिया के कई पूर्व क्रिकेटरों का मानना है कि साल 2027 विश्व कप को देखते हुए टीम को अभी से बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ियों के विकल्प तलाशने होंगे। इसके साथ ही तय रणनीति के अनुसार तैयारियां करनी होंगी। स्मिथ और मैक्सवेल ने चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद ही एकदिवसीय प्रारुप को अलविदा कह दिया था।




इन दोनो का विकल्प तलाशना आसान नहीं है क्योंकि स्मिथ लंबी बारी खेलने वाले बेहतरीन बल्लेबाज हैं। वहीं मैक्सवेल गेंद औरा बल्ले दोनो से ही अहम भूमिका निभाते हैं। उसे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से ही खिलाड़ियों पर नजर रखनी होगी। मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल ओवेन और लांस मौरिस चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से बाहर हैं। ऐसे में किन खिलाड़ियों को स्टीव स्मिथ और ग्लेन मैक्सवेल की जगह मौका दिया जाए। ये सवाल इस सीरीज के अलावा आने वाली सीरीजों में भी ऑस्ट्रेलिया के लिए चिंता का कारण होगा। मार्नस लाबुशेन एकदिवसीय सीरीज खेलेंगे, क्योंकि अनुभवी बल्लेबाज भी टीम में होना चाहिए।

हालांकि, वे टेस्ट टीम से बाहर हो चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया को अब उनको कूपर कोनोली, आरोन हार्डी और मैट कुहनेमैन पर भरोसा करना होगा। इनमें से जिस भी खिलाड़ी को इस सीरीज में मौका मिलेगा और वह इन अवसरों का लाभ उठाना चाहेगा और स्मिथ और मैक्सवेल की जगह वह टीम में जगह बनाने की दावेदारी पेश करेगा। वहीं दूसरी ओर अफ्रीका की टीम के लिए बेहतर हालत में है। उसके पास हेनरिक क्लासेन की जगह मध्यक्रम में डेवाल्ड ब्रेविस जैसे बल्लेबाज है, जो टी20 में धाक जमान के बाद वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करेगा।

## कोच की भूमिका में नजर आयेंगे आरोन

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के अगले सत्र के लिए पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन को अपना गेंदबाजी कोच बनाया है। वह 2026 सत्र के लिए न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन की जगह कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। आरोन ने साल 2011 से साल 2015 के बीच भारतीय टीम की ओर से नौ टेस्ट और उतने ही एकदिवसीय मैच खेले थे। आरोन ने अपना अंतिम प्रतिस्पर्धी मैच इसी साल पांच जनवरी को जयपुर में गोवा के खिलाफ झारखंड के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में खेल था। झारखंड के घरेलू टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में पहुंचने में विफल रहने के बाद इस खिलाड़ी ने संन्यास ले लिया था। इस क्रिकेटर ने पिछले साल चेन्नई में एमआरएफ पेस फाउंडेशन में ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्राथ के साथ एक कोच के रूप में भी काम किया है। आरोन ने एक तेज गेंदबाज के रूप में अपनी पहचान बनाई थी। वह 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने के कारण सभी की नजरों में आये पर उसी दौरा उभरे उमेश यादव विकेट लेने की अपनी क्षमत के कारण चयनकर्ताओं की पहली पसंद बन गये ओर आरोन पीछे होते गये। उमेश ने जहां देश के लिए 50 से अधिक टेस्ट के साथ ही सीमित ओवरों के कई मुकाबले खेले। वहीं आरोन चोटिल होने के कारण अधिकतर समय बाहर रहे।

# शिक्षा में क्रांति के जनक: काली प्रसाद गादिरजू को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**हैदराबाद, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ईवाई के पूर्व क्षेत्रीय प्रबंध भागीदार और ई-थेम्स बिजनेस स्कूल के अध्यक्ष, काली प्रसाद गादिरजू को हाल ही में 'एजुकेशन लीडर्स समिट एंड अवार्ड्स 2025' में 'उच्च शिक्षा में नवाचार के अग्रणी' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें तेलंगाना में प्रबंधन शिक्षा को बदलने के लिए उनके अथक प्रयासों के लिए दिया गया है, जिसमें उद्योग-एकीकृत पाठ्यक्रम और जनरल एआई आधारित शिक्षण मॉडल शामिल हैं।गादिरजू का मानना है कि दुनिया के बदलने के बावजूद कॉलेज के पाठ्यक्रम में बदलाव न होना अस्वीकार्य है। आज, जब एआई, नई तकनीकें और बदलता ग्राहक व्यवहार हर क्षेत्र में क्रांति ला रहे हैं, तब



भी पारंपरिक शिक्षा मॉडल पुराने ज्ञान पर ही अटके हुए हैं।उन्होंने कहा, उद्योग को विशेषज्ञ कौशल वाले लोगों की तलाश है, लेकिन विश्वविद्यालय पुराने ज्ञान वाले स्नातक तैयार कर रहे हैं। भारत हर साल 1 करोड़ से अधिक स्नातक तैयार करता है, लेकिन उनमें से लगभग आधे रोजगार के लायक नहीं होते। गादिरजू के अनुसार, यह एक राष्ट्रीय आपातकाल है क्योंकि देश का सकल घरेलू उत्पाद लोगों की क्षमताओं पर निर्भर करता है।40 से अधिक वर्षों के वैश्विक कॉर्पोरेट अनुभव के साथ, गादिरजू ने शिक्षा के पारंपरिक तरीकों को बदलने का बीड़ा उठाया है। उनके नेतृत्व में, ई-थेम्स बिजनेस स्कूल दक्षिण भारत के सबसे तेजी से उभरते बीबीए संस्थानों में से एक बन गया है। टाइम्स बीबीए एजुकेशन रैंकिंग सर्वे 2025 में, ई-थेम्स को तेलंगाना में प्लेसमेंट के लिए नंबर 1 और हैदराबाद के निजी बीबीए कॉलेजों में नंबर 2 का स्थान मिला है।ई-थेम्स में उन्होंने 'टीएपी' लर्निंग मॉडल ( सिद्धांत, अनुप्रयोग, अभ्यास) पेश किया है। यह सुनिश्चित करता है कि छात्र सिर्फ सैद्धांतिक ज्ञान के साथ नहीं, बल्कि रोजगार योग्य कौशल, उद्योग की समझ और एक उद्यमी मानसिकता के साथ स्नातक हों।

गादिरजू का कहना है, आज के छात्रों को डिग्री से बढ़कर दिशा, पेशेवर कौशल और उद्योग से सीधा संबंध चाहिए। इसे साकार करने के लिए, ई-थेम्स ने केपीएमजी इंडिया के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की है। इसके तहत, कक्षा में वास्तविक व्यावसायिक मामलों, सिमुलेशन और उद्योग के दिग्गजों द्वारा पढ़ाए जाने वाले मास्टर क्लास को शामिल किया गया है।भारत के 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को देखते हुए, कुशल प्रबंधकों की मांग तेजी से बढ़ रही है। गादिरजू का मानना है कि बीटेक की जगह अब बीबीए छात्रों की पसंदीदा पसंद बन रहा है। उन्होंने कहा, स्टार्टअप्स, एमएसएमई , और बहुराष्ट्रीय कंपनियों को केवल कोडर्स की नहीं, बल्कि कुशल प्रबंधकों की आवश्यकता है। बीबीए स्नातक भारत के व्यावसायिक भविष्य की रीढ़ हैं।गादिरजू के अनुसार, भारत की विकास गाथा केवल इंजीनियरों द्वारा नहीं, बल्कि प्रबंधन स्नातकों द्वारा भी लिखी जाएगी। वे कहते हैं, बीबीए शिक्षा और उद्यम के बीच एक सेतु है, जहाँ महत्वाकांक्षा का अनुप्रयोग से मिलन होता है।

## न्यूज ब्रीफ

### अदृश्य घावों के खिलाफ लड़ाई : हैदराबाद की कार्यकर्ता को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**शहर की मानवाधिकार चैंपियन एकता विवेक वर्मा ने जीता 'अमेजिंग इंडियन' पुरस्कार**




**हैदराबाद, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद की सामाजिक और मानवाधिकार कार्यकर्ता, और इनविजिबल स्कार्स फाउंडेशन की संस्थापक, एकता विवेक वर्मा को एक राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है। उन्हें अमेजिंग इंडियन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उन 12 गुमनाम नायकों में से एक हैं, जिन्हें समाज के लिए उनके असाधारण योगदान के लिए पहचाना गया है।

हाल ही में नई दिल्ली में श्रम और रोजगार तथा युवा मामले और खेल मंत्री, मनसुख लक्ष्मणभाई मांडविया ने यह पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार ऐसे व्यक्तियों को सम्मानित करता है, जिनके साहस, करुणा और प्रतिबद्धता ने कई लोगों के जीवन को बदल दिया है।

एकता, जो घरेलू हिंसा और दुर्व्यवहार (डीवीए) विशेषज्ञ, प्रमाणित पोश ट्रेनर और चेवनिंग गुरुकुल फेलो हैं, घरेलू हिंसा का सामना कर रही महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के लिए लगातार काम कर रही हैं। अपने इनविजिबल स्कार्स फाउंडेशन के माध्यम से, उन्होंने दुर्व्यवहार से बचे लोगों को आश्रय, कानूनी सहायता, आजीविका सहायता और भावनात्मक उपचार प्रदान करने का काम किया है।

एकता ने कहा, यह सम्मान सिर्फ मेरे लिए नहीं है, बल्कि हर उस व्यक्ति के लिए है जिसने साहस के साथ दुनिया का सामना किया है। उन्होंने आगे कहा, मेरी यात्रा पारिवारिक व्यवस्था में भावनात्मक शोषण को देखने से शुरू हुई, और मैं जागरूकता, नीतिगत बदलाव और ऐसे दुर्व्यवहार से मुक्त समाज के लिए काम करने के लिए दृढ़ संकल्पित हूँ।इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन एंड मेडिएशन सेंटर, गाचीबोवली के सहयोग से उनकी हालिया पहल - गैर-कानूनी पेशेवरों के लिए भारत का पहला फैमिली मेडिएशन ट्रेनिंग प्रोग्राम - घरेलू विवादों के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया है।अमेजिंग इंडियन अवार्ड्स 2025 के निर्णायक मंडल में नीरजा बिड़ला, पद्मजा रूपारेल, संजीव बिखचंदानी, प्रसून जोशी और आशीषकुमार चौहान शामिल थे।

एकता का काम सुरक्षित और अधिक न्यायसंगत समाज बनाने में सहानुभूति, दृढ़ता और कार्रवाई की परिवर्तनकारी शक्ति का एक प्रमाण है।

### ई-बाइक डायमंडहेड को लॉन्च करेगी ओला इलेक्ट्रिक

**नई दिल्ली।** दो पहिया वाहन निर्माता कंपनी ओला इलेक्ट्रिक साल 2027 में अपनी बहुप्रतीक्षित ई-बाइक डायमंडहेड को लॉन्च करेगी। यह बाइक 0 से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार मात्र दो सेकंड में पकड़ सकती है। इसमें ओला का विशेष मूव ओएस ऑपरेटिंग सिस्टम, सेल्फ-ड्राइविंग फीचर और हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग के लिए कृत्रिम सिलिकॉन मिलेगा, जिससे यह पूरी तरह स्मार्ट मशीन बन जाएगी। इसकी अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये तक हो सकती है। ओला डायमंडहेड को हल्के लेकिन बेहद मजबूत एयरो लाइट मटेरियल से बनाया गया है, जिसमें एक्टिव एयरोडायनेमिक्स तकनीक दी गई है। यह न केवल हवा के प्रवाह को नियंत्रित करके बाइक को तेज गति से चलने में मदद करती है, बल्कि स्थिरता भी बनाए रखती है।



## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### मुस्लिम पर्सनल लॉ ...

शादी से जुड़े अधिकतर कानूनों में भी लड़की की शादी की उम्र 18 वर्ष रखी गई है, लेकिन मुस्लिम पर्सनल लॉ में यौवन अवस्था (प्युबर्टी) हासिल कर चुकी लड़की के विवाह को सही माना गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत यह विवाह बाल विवाह की श्रेणी में नहीं आता। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में कानून का कोई कानूनी प्रश्न नहीं उठता है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक नाबालिग मुस्लिम लड़की की शादी को जायज ठहराने वाले हाई कोर्ट के आदेश को राष्ट्रीय बाल आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। पॉक्सो के तहत नाबालिग लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाना अपराध है और मजहब के आधार पर बालिकाओं के यौन शोषण को अनुमति देना धर्म निरपेक्षता संवैधानिक सिद्धांत के विरुद्ध है। उस वक्त सुप्रीम कोर्ट ने ऐसी शादी को बच्चों के भविष्य के लिए खतरा बताया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में फिर सुनवाई हुई। अब सुप्रीम कोर्ट ने अपनी कुछ ही अर्सा पहले का अपना निर्णय बदल दिया और कहा कि अब यह शादी वैध है। सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपीसीआर की याचिका भी खारिज कर दी।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर कहते हैं कि यह बिल्कुल शरिया के आधार पर देश चलाने जैसा है। सुप्रीम कोर्ट ने शादी के लिए नाबालिग की सहमति को आधार माना है यह चिंताजनक है। इसी तरह के एक और मामले में कल फिर सुनवाई होनी है। यदि बच्चों को सेक्स की सहमति दे दी गई तो देश समाज की बर्बादी सुनिश्चित है।

### पीएम-सीएम-मंत्री...

उन्होंने कहा, अगर कल को किसी मुख्यमंत्री पर झूठा मुकदमा दर्ज कर उसे 30 दिन तक जेल में रखा जाए, तो वह अपने आप पद से हट जाएगा। यह पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी कहा कि भाजपा सरकार देश को पुलिस राज्य बनाना चाहती है। उन्होंने पूछा, प्रधानमंत्री को कौन गिरफ्तार करेगा? हम इन विधेयकों का पूरा विरोध करेंगे। तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि सरकार बिना किसी जवाबदेही के सत्ता, पैसा और नियंत्रण चाहती है। उन्होंने भी इन्हें तानाशाही वाले विधेयक बताया।

केंद्र ने इस विधेयक को लेकर बताया कि संविधान में किसी ऐसे मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है जिसे गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार किया गया हो और हिरासत में लिया गया हो। इसलिए ऐसे मामलों में प्रधानमंत्री या केंद्रीय मंत्रिपरिषद के किसी मंत्री और राज्यों या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के मुख्यमंत्री या मंत्रिपरिषद के किसी मंत्री को हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा तैयार करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 75, 164 और 239-- में संशोधन की जरूरत है। सरकार बुधवार को लोकसभा में इस आशय का संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। इसमें प्रावधान है कि संगीन अपराधों में लगातार 30 दिन तक हिरासत या गिरफ्तारी में रहने पर हर हाल में पद छोड़ना होगा। पद नहीं छोड़ने पर राष्ट्रपति की सलाह से ऐसे मंत्रियों को हटा दिया जाएगा।

केंद्र सरकार के मुताबिक, अभी केंद्र शासित प्रदेशों में केंद्र शासित प्रदेशों का शासन अधिनियम, 1963 (1963 का 20) के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए, ऐसे मामलों में मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा तैयार करने के लिए केंद्र शासित प्रदेशों का शासन अधिनियम, 1963 की धारा 45 में संशोधन की आवश्यकता है। संविधान (130वां संशोधन) विधेयक के नियमों को जम्मू-कश्मीर में मुख्यमंत्री और मंत्रियों पर लागू करने के लिए ही केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 लेकर आई है। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 में संशोधन के बाद गंभीर आपराधिक केस में गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को 30 दिन में हटाने का प्रावधान होगा।

इस विधेयक के तहत यदि कोई मंत्री लगातार 30 दिन तक गंभीर अपराध (5 वर्ष या उससे अधिक की सजा वाले अपराध) के आरोप में जेल में है, तो राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की सलाह पर उसे पद से हटा देंगे। यदि प्रधानमंत्री सलाह नहीं देते तो 31वें दिन के बाद वह मंत्री अपने आप पद से हटा हुआ माना जाएगा। यदि प्रधानमंत्री स्वयं 30 दिन तक ऐसे आरोप में जेल में हैं, तो उन्हें 31वें दिन तक इस्तीफा देना होगा। यदि इस्तीफा नहीं दिया, तो उनका पद स्वतः समाप्त हो जाएगा। इस विधेयक के तहत यदि कोई राज्य मंत्री 30 दिन तक जेल में है, तो राज्यपाल, मुख्यमंत्री की सलाह पर उसे पद से हटा देंगे। यदि सलाह नहीं दी जाती, तो 31वें दिन से मंत्री का पद अपने आप समाप्त हो जाएगा। यदि मुख्यमंत्री स्वयं 30 दिन तक जेल में रहते हैं, तो उन्हें 31वें दिन तक इस्तीफा देना होगा, अन्यथा उनका पद स्वतः समाप्त हो जाएगा। यही नियम दिल्ली की विधानसभा और मंत्रिपरिषद पर भी लागू होगा। यदि दिल्ली का मंत्री 30 दिन तक जेल में है, तो राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री की सलाह पर उसे पद से हटा देंगे। यदि मुख्यमंत्री 30 दिन तक जेल में रहता है, तो 31वें दिन तक उसे इस्तीफा देना होगा, वरना उसका पद स्वतः समाप्त हो जाएगा।

एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इन तीनों विधेयकों का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह बिल संविधान में निहित शक्ति-विभाजन के सिद्धांत का उल्लंघन है और जनता के जरिए चुनी हुई सरकारों के अधिकार को कमजोर करता है। ओवैसी ने कहा कि इससे कार्यकारी एजेंसियों को खुली छूट मिल जाएगी कि वे मामूली आरोपों और शक के आधार पर ही जज और जल्लाद दोनों बन जाएं। ओवैसी ने संसद में कहा कि यह सरकार किसी भी कीमत पर देश को पुलिस-स्टेट में बदलने पर तुली हुई है। उनके अनुसार, यह कदम चुनी हुई सरकारों पर सीधा हमला है और लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने वाला है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इन विधेयकों को लागू किया गया, तो यह भारत के लोकतंत्र पर ताबूत पर कील साबित होगा। ओवैसी ने इसे संविधान के साथ छेड़छाड़ कर जनता की आवाज दबाने की कोशिश बताया।

ओवैसी के बयान के बाद विपक्षी दलों ने भी सरकार पर निशाना साधा। उनका आरोप है कि भाजपा सत्ता के केंद्रीकरण और कार्यपालिका को असीमित ताकत देने का काम कर रही है। विपक्ष का कहना है कि इससे न्यायपालिका की भूमिका कमजोर होगी और लोकतंत्र केवल नाम का रह जाएगा। इन विधेयकों को लेकर संसद के बाहर भी राजनीतिक टकराव तेज हो गया है और आने वाले दिनों में यह मुद्दा बड़ी बहस का कारण बनेगा।

### रूस से तेल...

इसके कारण, 2019-20 में कुल तेल आयात में मात्र 1.7 प्रतिशत हिस्सेदारी से, 2024-25 में रूस की हिस्सेदारी बढ़कर 35.1 प्रतिशत हो गई और अब यह भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता है।

रूस से तेल खरीदना बंद करने की अमेरिकी सलाह पर बाबुश्किन ने कहा, रूस तेल का सबसे बड़ा उत्पादक है और भारत सबसे बड़ा उपभोक्ता है। किसी भी प्रकार की एकतरफा कार्रवाई से आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान, मूल्य निर्धारण नीतियों में असंतुलन और वैश्विक बाजारों में अस्थिरता पैदा होती है। इससे विकासशील देशों की ऊर्जा सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। मान लिए भारत रूसी तेल लेने से इन्कार कर देता है, तो इससे पश्चिम के साथ समान सहयोग नहीं हो पाएगा क्योंकि यह पश्चिमी स्वभाव में नहीं है, जो हाल के वर्षों में स्पष्ट रूप से देखा गया है। वे नए औपनिवेशिक शक्तियों की तरह व्यवहार करते हैं, वे अपने लाभ के बारे में सोचते हैं। यह दबाव अनुचित और एकतरफा है।

रोमन बाबुश्किन ने कहा, अगर पश्चिम आपकी आलोचना करता है, तो इसका मतलब है कि आप सब कुछ सही कर रहे हैं। हमें बिल्कुल यह उम्मीद नहीं है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। हम भारत के लिए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बारे में जानते हैं। यही सच्ची रणनीतिक साझेदारी है जिसका हम आनंद ले रहे हैं। चाहे कुछ भी हो जाए, चुनौतियों के दौरान भी, हम किसी भी समस्या को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रपति पुतिन की ओर से हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी को यूक्रेन के हालिया घटनाक्रम के बारे में जानकारी देने और साझा करने के लिए फोन कॉल किया गया, इसका मतलब है कि भारत रूस के लिए बहुत मायने रखता है। हम आपसी संतुष्टि के लिए कोई भी समाधान निकालने में सक्षम हैं। हमारी साझेदारी को गहरा करने से हमें साथ मिलकर आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

### किसी भी पार्टी...

अब तक वह रोहतास, नवादा, नालंदा, गया और शेखपुरा में यात्रा के जरिए चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर कई तरह के आरोप भी लगा चुके हैं। लेकिन, चौंकाने वाली बात यह है कि मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशित होने के 20 दिन बाद भी अब तक किसी भी राजनीतिक दल की ओर से दावा या आपत्ति नहीं की गई है। चुनाव आयोग ने बुधवार सुबह मतदाता पुनरीक्षण कार्य का ताजा बुलेटिन जारी किया।

चुनाव आयोग की ओर से कहा गया कि अब तक एक लाख 98 हजार 660 युवाओं (18 वर्ष या उससे अधिक) ने मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने और नए मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए फॉर्म भरा है। चुनाव आयोग ने फिर से अपील करते हुए कहा कि एक अगस्त को जारी की गयी बिहार की प्रारूप मतदाता सूची में कोई भी त्रुटि दूर करने के लिये अपने दावे और आपत्ति दर्ज करें। अभी तक किसी भी राजनीतिक दल ने एक भी दावा या आपत्ति नहीं दर्ज की है। चुनाव आयोग के अनुसार, राष्ट्रीय और राज्य स्तर के राजनीतिक दलों के बीएलए की संख्या एक लाख 60813 है। लेकिन, अब तक किसी भी राजनीतिक दल के बीएलए की ओर से प्रारूप निर्वाचक नामावली के संबंध में नाम जोड़ने या हटाने को लेकर दावा या आपत्ति नहीं किया गया है।

### बच्चों को गेमिंग ...

सरकार ने महसूस किया है कि ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग समाज के लिए एक बड़ी समस्या है और इसलिए केंद्र ने लोगों के लोगों की भलाई के लिए राजस्व हानि का जोखिम उठाने का भी फैसला किया है। एक मोटा अनुमान है कि हर साल 45 करोड़ लोग अपना पैसा गंवाते हैं। उन्हें इससे लगभग 20,000 करोड़ रुपए होने का कुल नुकसान होने का अनुमान है।

मसौदे के अनुसार, कानून का उल्लंघन करके ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाएं प्रदान करने वाले किसी भी व्यक्ति को तीन साल तक की कैद या 1 करोड़ तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। ऐसी सेवाओं का विज्ञापन करने वालों को दो साल तक की जेल और/या 50 लाख तक का जुर्माना हो सकता है। रियल मनी गेम्स के लिए लेनदेन की सुविधा प्रदान करने वाले बैंक और वित्तीय संस्थान भी तीन साल तक की जेल या 1 करोड़ के जुर्माने सहित दंड के लिए उत्तरदायी होंगे। बार-बार अपराध करने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। इसमें तीन से पांच साल की जेल और अधिक जुर्माना शामिल है। हालांकि, यह विधेयक ऑनलाइन मनी गेम्स खेलने वालों को अपराधी नहीं मानता, बल्कि उन्हें पीड़ित मानता है।

प्रस्तावित कानून में एक वैधानिक नियामक प्राधिकरण की स्थापना की भी बात कही गई है। इस प्राधिकरण के पास यह निर्धारित करने की शक्ति होगी कि कोई गेम ऑनलाइन मनी गेम के रूप में योग्य है या नहीं। सभी प्लेटफार्मों को प्राधिकरण की ओर से निर्धारित नियमों का पंजीकरण और पालन करना होगा। विधेयक एक ऑनलाइन मनी गेम को एक उपयोगकर्ता की ओर से शुल्क का भुगतान, धन या अन्य दांव जमा करके, धन या अन्य दांव के बदले में जीतने की उम्मीद में खेला जाता है, भले ही ऐसा गेम कौशल, मौका या दोनों पर आधारित हो।

सरकार की ओर से प्रस्तावित विधेयक में स्पोर्ट्स और आकस्मिक मनोरंजन या कौशल-आधारित गेम्स के प्रारूपों को मनी गेम नहीं मानने की बात कही गई है। इनमें मौद्रिक दांव शामिल नहीं होते हैं। अधिकारियों ने कहा कि कानून का उद्देश्य इस क्षेत्र में खंडित विनियमन को दूर करना और जुआ, वित्तीय शोषण, मानसिक स्वास्थ्य जोखिमों और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी अवैध गतिविधियों से जुड़ी चिंताओं से निपटना है। इसके साथ ही, विधेयक में ई-स्पोर्ट्स पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने की बात कही गई है। विधेयक में कहा गया है कि इस क्षेत्र में वैश्विक प्रतिस्पर्धा नवाचार को बढ़ावा दे सकती है और भारतीय स्टार्टअप के लिए अवसर प्रदान कर सकती है। इस क्षेत्र का विकास देश को गेमिंग डेवलपमेंट के केंद्र के रूप में स्थापित कर सकता है।

### 1.17 करोड़ लोगों ...

जैसी सरकारी संस्थाओं के डेटाबेस के साथ राशन कार्ड धारकों के विवरण का मिलान करके ऐसी सूची तैयार की है। इसके क्रॉस-सत्यापन की प्रक्रिया में विभाग ने पाया कि 94.71 लाख राशन कार्ड धारक करदाता हैं, जबकि 17.51 लाख चार पहिया वाहनों के मालिक हैं और अन्य 5.31 लाख राशन कार्ड धारक कंपनियों में निदेशक हैं।

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि केंद्र ने अयोग्य लाभार्थियों की पहचान करने और उन्हें हटाने के लिए यह डेटा उपलब्ध कराकर राज्यों की मदद की गई है ताकि प्रतीक्षा सूची में शामिल वास्तविक लोग योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि राशन कार्डों/लाभार्थियों की सूची की समीक्षा, अपात्र/डुप्लिकेट राशन कार्डों की पहचान और पात्र लाभार्थियों/परिवारों को शामिल करना राज्यों की जिम्मेदारी है।

एनएफएसए से मिली जानकारी के अनुसार पता चलता है कि 19 अगस्त तक 19.17 करोड़ राशन कार्ड जारी किए जा चुके हैं, और 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल लाभार्थियों की संख्या 76.10 करोड़ है। नियमों के अनुसार, सभी सरकारी कर्मचारी, एक लाख रुपए या उससे अधिक वार्षिक आय वाले परिवार, चार पहिया वाहन मालिक और करदाता मुफ्त खाद्यान्न पाने के पात्र नहीं हैं। सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों के सलाहकारों को लिखे पत्र में केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने राशन कार्ड प्रबंधन प्रणाली डेटाबेस में पाई गई विसंगतियों के बारे में सरकार के पहले के निर्देशों को दोहराया है।

### पहलगाम हमला ...

रनवे और विमानों से हैंगर नष्ट कर दिए, जिससे पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली को भारी नुकसान हुआ।

एनसीईआरटी के मॉड्यूल, पाठ्यपुस्तकों से अलग विभिन्न विषयों पर लघु प्रकाशन होते हैं जिनका उपयोग स्कूल अतिरिक्त संसाधन के रूप में कर सकते हैं। शिक्षक और छात्रों के बीच बातचीत के रूप में, माध्यमिक स्तर के मॉड्यूल, ऑपरेशन सिंदूर सम्मान और बहादुरी का एक मिशन में बताया गया है कि आजादी के बाद से, पाकिस्तान ने अक्सर भारत में शांति भंग करने की कोशिश की है कभी युद्ध के माध्यम से तो कभी आतंकवाद के माध्यम से।

ऑपरेशन सिंदूर से पहले, इस मॉड्यूल में 2019 के पुलवामा हमले और बालाकोट हवाई हमले के रूप में भारत की प्रतिक्रिया पर एक खंड शामिल है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि भारत ने नागरिक क्षेत्रों को नहीं बल्कि आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाने का विकल्प चुना। ऑपरेशन सिंदूर के विवरण के अलावा, मॉड्यूल में विदेशों में हमारे मिशनों द्वारा कूटनीतिक रूप से पहुंचने के लिए किए गए एक समन्वित और व्यापक अभ्यास का उल्लेख है।

मॉड्यूल में ऑपरेशन सिंदूर को एक रणनीतिक कदम बताया है जिसने दुनिया को बताया कि भारत अपने लोगों और मूल्यों की रक्षा करेगा और हमारे सशस्त्र बलों में विश्वास बहाल किया और नागरिकों को आश्वस्त किया कि न्याय में देरी नहीं होगी।

### कारोबारी घरानों में ...

यूपी के 18 शीर्ष कारोबारी परिवारों में नादर परिवार (एचसीएल टेक्नोलाजी) नोएडा, अनिल राज गुप्ता परिवार (हैवल्स इंडिया) नोएडा, बर्मन परिवार (डाबर इंडिया) गाजियाबाद, मनोहर अग्रवाल परिवार (हल्दीराम स्नैक्स) नोएडा, विवेक जैन परिवार (आईनॉक्स जीएफएल) नोएडा, संजय गुप्ता परिवार (एपीएल अपोलो ट्यूब्स) नोएडा, साहनी परिवार ( त्रिवेणी टरबाइन) नोएडा, धर्मपाल सत्यपाल परिवार (डीएस ग्रुप) नोएडा, सचिन अग्रवाल परिवार (पीटीसी इंडस्ट्रीज) लखनऊ, अनुराग गुप्ता परिवार (पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट) नोएडा, समीर गुप्ता परिवार (जैक्सन) नोएडा, झुनझुनवाला परिवार (एचईजी) नोएडा, पुरी परिवार (इसजैक हैवी इंजीनियरिंग) नोएडा, केआरबीएल परिवार (केआरबीएल) नोएडा, गौतम परिवार (शीला फोम) नोएडा, गौर परिवार (गौरसंस इंडिया) गाजियाबाद, श्रीकांत सोमानी परिवार (सोमानी सेरेमिक्स) नोएडा और अग्रवाल परिवार (वेसमैट) आगरा शामिल हैं।

### अंबानी परिवार की...

वहीं, जिंदल परिवार की सम्पत्ति भी 21 प्रतिशत बढ़कर 5.70 लाख करोड़ रुपए हो गई। बजाज परिवार सूची में एक स्थान नीचे खिसक कर चौथे स्थान पर आ गया। उनकी सम्पत्ति 21 प्रतिशत घटकर 5.64 लाख करोड़ रुपए रह गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि सम्पत्ति के लिहाज से देश के शीर्ष 300 परिवारों ने पिछले वर्ष प्रतिदिन 7,100 करोड़ रुपए की सम्पत्ति अर्जित की। हुरुन की रिपोर्ट के अनुसार, 1 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 8,700 करोड़ रुपए) से अधिक सम्पत्ति रखने वाले परिवारों की संख्या 37 बढ़कर 161 हो गई है। सूची में शामिल एक-चौथाई से अधिक व्यवसाय एक्सचेंजों में सूचीबद्ध नहीं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सूची में शामिल केवल 11 प्रतिशत व्यवसाय सेवा क्षेत्र से जुड़े। वहीं बाकि 89 प्रतिशत भौतिक उत्पाद बेचते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले वर्ष ऐसी नौ कंपनियां सूची से जुड़ी हैं जो परिवार के बाहर से नियुक्त पेशेवर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के जरिए व्यवसाय चलाना पसंद करती हैं। अब ऐसे परिवारों की कुल संख्या 62 है। सूची में मुंबई में सबसे अधिक 91 परिवार हैं

। इसके बाद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर से 62 और कोलकाता से 25 परिवार हैं। परिवारों में नई पीढ़ी की ओर से व्यवसाय चलाने के बजाय धन का प्रबंधन करने को प्राथमिकता दिए जाने के बारे में भी रिपोर्ट में चर्चा की गई है। बार्कलेज के निजी बैंक के प्रमुख नितिन सिंह ने कहा कि अगले पांच वर्षों में 130 लाख करोड़ रुपए की सम्पत्ति पीढ़ियों के बीच स्थानांतरित होने की उम्मीद है। रिकॉर्ड 71 परिवार अब समर्पित पारिवारिक कार्यालय संचालित कर रहे हैं।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

म्हारो शुभ लाभ भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, गुरुवार, 21 अगस्त, 2025

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी
भी समस्या या सुझाव के लिए
मो. 86888 68345 पर
संपर्क करें ।

# श्रीमद् भागवत कथा की पूर्णाहुति

## द्वारिका लीला, सुदामा चरित्र और हवन के साथ समापन



**हैदराबाद, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** हिमायतनगर के होटल प्लैटिनम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन बुधवार को हुआ। मधुसूदन-ललिता मोदानी परिवार द्वारा आयोजित इस कथा में अंतिम दिन बड़ी संख्या में भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रख्यात कथावाचक पंडित राघवाचार्य जी महाराज के मुखारविंद से भक्तों ने द्वारिका लीला, परीक्षित मोक्ष, सुदामा चरित्र और भगवद् गीता के अमृतमयी उपदेशों का रसपान किया। इस अवसर पर गीता पाठ, पूर्णाहुति और हवन का विधिवत आयोजन किया गया, जिसने समारोह को और भी दिव्य बना दिया।पंडित राघवाचार्य जी महाराज ने अपने प्रवचन में द्वारिका लीला के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और उनके भक्तों के प्रति प्रेम को जीवंत किया। सुदामा चरित्र के प्रसंग में उन्होंने भक्ति और समर्पण की महत्ता को रेखांकित किया, जिसने श्रोताओं के हृदय को गहरे तक छू लिया। परीक्षित मोक्ष की कथा ने जीवन-मरण के चक्र और मुक्ति के मार्ग को दर्शाया, जबकि गीता पाठ के दौरान उनके प्रवचन में कर्म, भक्ति और ज्ञान के समन्वय पर गहन प्रकाश डाला गया।

कथा के समापन पर आयोजित हवन और पूर्णाहुति का विशेष महत्व रहा। हवन की पवित्र अग्नि में भक्तों ने आहुतियां अर्पित कीं और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी श्रद्धा और समर्पण को व्यक्त किया। इस अवसर पर मंत्रोच्चार और भक्ति भजनों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन हुआ, जिसने सभी उपस्थित भक्तों को आध्यात्मिक शांति और संतुष्टि प्रदान की।

इस आयोजन में मधुसूदन-ललिता मोदानी के साथ-साथ नवलकिशोर-विजयलक्ष्मी, विजयकिशोर-प्रेमलता, गोविन्दलाल-कंचन, कमलकिशोर-आराधना, सुनील-एम्बर, आदित्य-पूजा, अक्षय-निकिता, मोहित-विधि और समस्त मोदानी परिवार ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

इसके अतिरिक्त, शुभ लाभ ग्रुप के प्रमुख गोपाल अग्रवाल और हैदराबाद के कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी कथा में भाग लेकर इसका आनंद लिया।

श्रीमद् भागवत कथा के सफल समापन के उपरांत मधुसूदन-ललिता मोदानी परिवार ने सभी भक्तों, सहयोगियों और आयोजन से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस आयोजन की सफलता को गुरुदेव के आशीर्वाद और भगवान श्रीकृष्ण की कृपा का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह कथा बिना किसी विघ्न-बाधा के संपन्न हुई, और हर क्षण भगवान ने हमारा मार्गदर्शन किया। यह आयोजन भक्तों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा।कथा के अंतिम दिन भक्तों का उत्साह चरम पर था। होटल प्लैटिनम का सभागार भक्तों की भीड़ से खचाखच भरा था, और सभी ने एक स्वर में इस आयोजन की भव्यता की सराहना की। मोदानी परिवार ने भविष्य में भी इस तरह के धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजनों को जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई, ताकि भक्तों को भगवान के चरणों में समर्पित होने का अवसर मिलता रहे।यह श्रीमद् भागवत कथा न केवल एक धार्मिक आयोजन था, बल्कि भक्ति, ज्ञान और संस्कृति का एक अनुपम संगम भी साबित हुआ।

पंडित राघवाचार्य जी महाराज के प्रवचनों ने भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया, और हवन-पूर्णाहुति ने इस आयोजन को एक अविस्मरणीय समापन प्रदान किया। हैदराबाद के भक्तों के लिए यह कथा एक ऐसी स्मृति बन गई, जो लंबे समय तक उनके हृदय में बनी रहेगी।




# विश्व का सबसे बड़ा रक्तदान शिविर 22 से

## तेलंगाना में विशेष आयोजन

**हैदराबाद, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ब्रह्माकुमारीज़, विश्व स्तर पर प्रसिद्ध सामाजिक-आध्यात्मिक संस्था, भारत और नेपाल में 22 से 25 अगस्त 2025 तक विश्व के सबसे बड़े रक्तदान अभियान का आयोजन करने जा रही है। यह ऐतिहासिक महा-अभियान ब्रह्माकुमारीज़ के सामाजिक सेवा प्रभाग के तत्वावधान में, भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, रेडक्रॉस सोसाइटी, रोटरी क्लब, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य न केवल रक्त संग्रह का विश्व रिकॉर्ड स्थापित करना है, बल्कि समाज में सेवा, एकता और करुणा की भावना को प्रोत्साहित करना भी है।इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता इसका विशाल स्तर है। एक ही समय में भारत और नेपाल के 1500 से अधिक स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों ने 1,00,000 यूनिट रक्त संग्रह का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, जो इसे विश्व का सबसे बड़ा बहु-स्थान रक्तदान अभियान बनाएगा। इस आयोजन में हजारों ब्रह्माकुमारीज़ सदस्य, युवा स्वयंसेवक और आम नागरिक उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।यह अभियान ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है, जिसे विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। यह दिन मानवता और भाईचारे के प्रति समर्पण का प्रतीक है, और यह रक्तदान अभियान इस भावना को और सशक्त करेगा।तेलंगाना में यह अभियान विशेष रूप से भव्य होगा। हैदराबाद के गच्चीबौली स्थित शांति सरोवर ब्रह्माकुमारीज़ परिसर सहित राज्य के विभिन्न केंद्रों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। ये शिविर न केवल रक्त संग्रह के लिए होंगे, बल्कि समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का भी एक मंच प्रदान करेंगे।रक्तदान को जीवन रक्षक और मानवता की सेवा का एक अनुपम कार्य माना जाता है। आंकड़ों के अनुसार, हर 3 सेकंड में विश्व में किसी न किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता होती है। एक यूनिट रक्त से तीन लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। यह प्रक्रिया सुरक्षित, सरल और जीवनदायी है, जो अस्पतालों की रक्त आपूर्ति की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ब्रह्माकुमारीज़ का यह अभियान न केवल रक्त की कमी को दूर करने में योगदान देगा, बल्कि समाज में एकता और करुणा की भावना को भी बढ़ावा देगा।ब्रह्माकुमारीज़ एक विश्वव्यापी सामाजिक-आध्यात्मिक संस्था है, जो 140 देशों में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रही है। इस संस्था को संयुक्त राष्ट्र शांति दूत पुरस्कार 7 बार प्राप्त हो चुका है, और यह णछ्खउएक्र तथा एउजडजउ में परामर्शदाता दर्जा रखती है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति की सदस्य के रूप में भी यह संस्था कार्यरत है। ब्रह्माकुमारीज़ लंबे समय से सामाजिक सेवा, शिक्षा, और आध्यात्मिक जागरूकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।ब्रह्माकुमारीज़ ने सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं, से इस ऐतिहासिक रक्तदान अभियान का हिस्सा बनने की अपील की है। बी.के. कुलदीप, निदेशक, ब्रह्माकुमारीज़ - शांति सरोवर, हैदराबाद, ने कहा, यह केवल एक रक्तदान शिविर नहीं, बल्कि मानवता और भाईचारे का उत्सव है। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि इस जीवन-रक्षक पहल में शामिल होकर समाज के लिए एक सकारात्मक बदलाव लाएँ।निकटतम रक्तदान शिविर की जानकारी के लिए, लोग् .लझीलळरश्रुळपस.ीस पर जा सकते हैं या अपने नजदीकी ब्रह्माकुमारीज़ केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

# सीरवी समाज जीडिमेटला का वार्षिक सम्मेलन 24 से

**हैदराबाद, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जीडिमेटला स्थित श्री आई माता मंदिर, जो सीरवी समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है, में समाज बंधुओं की विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में श्री आई माताजी के 610वें अवतरण दिवस और वार्षिक सम्मेलन के उपलक्ष्य में 24 और 25 अगस्त 2025 को दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। यह आयोजन भादवा सुदी एकम और बीज (दूज) के पावन अवसर पर होगा, जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

सीरवी समाज जीडिमेटला के अध्यक्ष मांगीलाल काग और सचिव नारायणलाल बर्फा ने संयुक्त रूप से बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी भादवा सुदी बीज महोत्सव को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार है:

24 अगस्त 2025 (रविवार) को भादवा सुदी एकम के अंतर्गत प्रातःकाल: श्री आई माता मंदिर को विशेष फूलों और आकर्षक लाइटिंग से सजाया जाएगा। माताजी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

**रात्रि 9 बजे से:** मंदिर प्रांगण में भव्य रात्रि जागरण का आयमप। इस दौरान भक्तों द्वारा आई माताजी के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित किए जाएंगे। गणेश वंदना और आई माताजी की पूजा-अर्चना के साथ आरती का आयोजन होगा। भक्ति भजनों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो जाएगा।

25 अगस्त 2025 (सोमवार) को भादवा सुदी बीज के अंतर्गत **प्रातः 8:15 बजे:** ज्योत प्रज्वलन के साथ पूजा-अर्चना का



शुभारंभ होगा। समाज बंधु श्री आई माताजी के चरणों में श्रीफल भेंट करेंगे और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

**धर्मसभा:** अध्यक्ष मांगीलाल काग की अध्यक्षता में मुख्य अतिथियों और पधारे मेहमानों का स्वागत किया जाएगा। कोषाध्यक्ष भंवरलाल काग द्वारा आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। सचिव नारायणलाल बर्फा समाज द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी साझा करेंगे।

**सम्मान समारोह:** समाज के पदाधिकारियों का सम्मान होगा और सभी समाज बंधु अपने विचार व्यक्त करेंगे। नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण: सुबह 11 बजे नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह और पुरानी कमेटी का विदाई समारोह आयोजित किया जाएगा।

**महाप्रसादी:** मंदिर प्रांगण में सभी भक्तों और समाज बंधुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था होगी।अध्यक्ष मांगीलाल काग ने समाज बंधुओं से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखकर इस पवित्र आयोजन में पूरे उत्साह के साथ भाग लें। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज की एकता और भक्ति को और सशक्त करेगा। सचिव नारायणलाल बर्फा ने बताया कि सभी पदाधिकारी और कार्यकारिणी समिति के सदस्य भक्तों की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे।यह दो दिवसीय महोत्सव श्री आई माताजी के 610वें अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है, जो सीरवी समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह आयोजन न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज के लोगों को एकजुट करने और सामाजिक विकास कार्यों को प्रोत्साहित करने का भी अवसर प्रदान करता है। मंदिर को विशेष सजावट और भजनों से सजे इस आयोजन में समाज बंधुओं की उपस्थिति से वातावरण और भी भक्तिमय और उत्साहपूर्ण होगा।

# गांधी भवन में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित



**हैदराबाद, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की जयंती के अवसर पर बुधवार को गांधी भवन में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके योगदान को स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस नेता एन.के. सिंह, तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ईशु पल्ली, सीएच. विनोद सिंह, करन सिंह सहित सेवा दल के अनेक सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी ने राजीव गांधी जी के दूरदर्शी नेतृत्व, तकनीकी नवाचारों और युवा सशक्तिकरण की दिशा में किए गए कार्यों को याद किया।राजीव गांधी का योगदान सभा में वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी की ओर अग्रसर करने की नींव रखी। उनके कार्यकाल में सूचना प्रौद्योगिकी, पंचायती राज और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल हुई। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।सामूहिक श्रद्धांजलि सभा के अंत में सभी उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी और उनके सपनों के भारत के निर्माण हेतु संकल्प लिया।

# 108 श्रीमद् भागवत कथा 01 जनवरी से

**हैदराबाद, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजस्थानी जागृति समिति हैदराबाद के तत्वावधान में नव वर्ष 2026 में 108 श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक कार्यक्रम 01 से 7 जनवरी 2026 तक सात दिनों तक चलेगा।

कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर 3.00 से शाम 7.00 बजे तक, बाहेती भवन, सिद्धांबर बाजार, हैदराबाद में किया जाएगा। वृंदावन निवासी बाल व्यास श्री चैतन्य कृष्ण दास बृजवासी अपनी अमृतमय वाणी से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे। इस प्रतिष्ठित कथा वाचक की उपस्थिति इस कार्यक्रम की विशेषता है।



समिति अध्यक्ष श्रीनिवास सोमानी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 108 समाज के सभी परिवारों को एक स्थान पर एकत्रित करना है। मलमास में श्रीमद् भागवत कथा में परिवार अपने पितरों को सम्मिलित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि परिवार के पितरों, माता-पिता या किसी भी सदस्य की फोटो लगाई जाएगी। उनके नाम से मूल पाठ किया जाएगा। पूरे परिवार को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जा सकता है।

श्रीमद् भागवत कथा के अनुसार, परिवार के पितरों के नाम से एक बार श्रीमद् भागवत कथा कराने से पितरों के मोक्ष का द्वार खुलता है। समिति ने सभी धर्मावलंबी भाइयों से अनुरोध किया है कि वे इस 108 श्रीमद् भागवत कथा में अपने पितरों के लिए सम्मिलित होकर पुण्य के भागीदार बनें।

आयोजकों ने अधिक से अधिक परिवारों से अपने इष्ट मित्रों सहित पधारकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने का आग्रह किया है। अधिक जानकारी के लिए समिति अध्यक्ष श्रीनिवास सोमानी से 9396545077, 9246545077 पर संपर्क किया जा सकता है।

34वीं पुण्यतिथि
हार्दिक श्रद्धांजलि



पितृ देवता श्री गिरधारीलालजी अग्रवाल
प्रेम आपका था हम पर, करते है नमन आपको।
श्रद्धा के सब सुमन समर्पित, रखेंगे सदैव स्मरण आपको ।।
आज 34वीं पुण्यतिथि पर शत् शत् नमन्
सन्निविष्टकर्ता : ईश्वरलाल - कांता, विष्णुगोपाल - सरला (भतीजे - बहू), मुकुन्दलाल अग्रवाल - संतोष, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल - माया, शंकरलाल अग्रवाल - अरुणा (पुत्र-पुत्रवधू), नटवर मीनू, राधे - निशा, रामा - पिंकी, आशीष - सारिका, राहुल - निधी, अनुज - कविता, निखिल - खुशबु (पौत्र-पौत्रवधू), आकाश - सुमिरन (पड़पौत्र - वधू) उज्वल, क्रिश, चिराग, पलकित, यक्षित (पड़पौत्र), शारदा बाई, ललिता बाई (पुत्री) सरोज बाई - शिवशंकरजी अग्रवाल (पुत्री-दामाद)
नरसिंगदास आत्माराम बडागाँववाले

# केंद्रीय हिंदी संस्थान में आंध्र प्रदेश के हिंदी अध्यापकों के लिए नवीकरण पाठ्यक्रम का भव्य उद्घाटन

**हैदराबाद, 18 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

केंद्रीय हिंदी संस्थान, हैदराबाद केंद्र द्वारा आंध्र प्रदेश राज्य के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के गुरुकुल विद्यालयों के हिंदी अध्यापकों के लिए 18 अगस्त से 30 अगस्त, 2025 तक '488वें नवीकरण पाठ्यक्रम' का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन समारोह सोमवार को भव्य रूप से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के निदेशक प्रो. सुनील बाबुराव कुळकर्णी ने आभासीय मंच के माध्यम से की। उन्होंने नई शिक्षा नीति में मातृभाषा को दिए गए महत्त्व की सराहना करते हुए कहा कि एक सफल शिक्षक के पास बहु-कौशल होने चाहिए, जिससे वह अपने विद्यार्थियों को अधिक सशक्त बना सके। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों के मूलभूत कौशल को निखारने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।मुख्य अतिथि के रूप में मुंबई से डॉ. जवाहर कर्नावट (पूर्व महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा) ने दक्षिण भारत के लोगों को तीन भाषाएं (मातृभाषा, हिंदी और अंग्रेजी) जानने के लिए सौभाग्यशाली बताया।

उन्होंने कहा कि त्रिभाषा फॉर्मूला देश में हिंदी के प्रसार के लिए अत्यंत आवश्यक है।विशिष्ट अतिथि के रूप में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. ऋषभदेव शर्मा ने हिंदी के बढ़ते वैश्विक बाजार पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि फिल्म, पत्रकारिता और मल्टीमीडिया जैसे माध्यमों से हिंदी अपने उच्चतम शिखर पर पहुँच गई है।

इस अवसर पर, पाठ्यक्रम संयोजक और क्षेत्रीय निदेशक डॉ. फत्ताराम नायक ने कहा कि एक अध्यापक को हमेशा विद्यार्थी बनकर सीखते रहना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागियों में जो बदलाव आएगा, वह उनके छात्रों और सहकर्मियों को स्पष्ट रूप से दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक का कर्तव्य राष्ट्र के लिए सच्चे नागरिक तैयार करना है।




इस दो सप्ताह के प्रशिक्षण के दौरान कई विषयों पर व्याख्यान दिए जाएंगे, जिनमें हिंदी व्याकरण, साहित्य का इतिहास, भारतीय ज्ञान परंपरा, भारतीय संस्कृति, भाषाविज्ञान, लेखन कौशल और शिक्षण मनोविज्ञान शामिल हैं। डॉ. राजीव कुमार सिंह हिंदी शिक्षण में ए.आई. और रोजगार की संभावनाओं पर विशेष व्याख्यान देंगे।

इस कार्यक्रम में 40 प्रतिभागियों (21 महिलाएं, 19 पुरुष) ने पंजीकरण कराया है। प्रतिभागियों ने अपनी व्याकरण संबंधी समस्याओं को दूर करने की अपेक्षा व्यक्त की, जिस पर संस्थान के प्राध्यापकों ने उन्हें आश्वस्त किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपेश व्यास ने किया और अंत में डॉ. एस. राधा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ उद्घाटन समारोह का समापन हुआ। इस दौरान तकनीकी सहयोग श्री सजग तिवारी और डॉ. संदीप कुमार ने प्रदान किया।

# कादम्बिनी क्लब हैदराबाद की विहार यात्रा और कवि गोष्ठी सम्पन्न




**हैदराबाद, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कादम्बिनी क्लब हैदराबाद की 397वीं मासिक गोष्ठी का आयोजन रविवार, 17 अगस्त को महिला दक्षता समिति एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन, चंदानगर में डॉ. सरोज बजाज के सौजन्य से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस माह की गोष्ठी को एक विहार यात्रा और काव्य गोष्ठी के रूप में आयोजित किया गया, जैसा कि क्लब की अध्यक्षा डॉ. अहिल्या मिश्र और कार्यकारी संयोजिका मीना मुथा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया।

क्लब के सदस्य दोपहर 12:30 बजे महिला दक्षता समिति द्वारा संचालित नर्सिंग कॉलेज के परिसर में पहुँचे, जहाँ उन्होंने सुंदर परिसर, नर्सिंग कॉलेज, पुस्तकालय और गर्ल्स हॉस्टल का भ्रमण किया। इसके बाद, सभी उपस्थित साहित्यकारों ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।

भोजन के उपरांत, साहित्यिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में डॉ. अहिल्या मिश्र (अध्यक्षा), डॉ. सरोज बजाज (संस्थापक, महिला दक्षता समिति) और वरिष्ठ पत्रकार एवं 'भास्वर भारत' के संपादक डॉ. राधेश्याम शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित हुए। दीप प्रज्ज्वलन और माँ शारदे की छवि पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। शिल्पी भटनागर ने निराला द्वारा रचित सरस्वती वंदना की मधुर प्रस्तुति दी।अपने स्वागत भाषण में डॉ. अहिल्या मिश्र ने डॉ. सरोज बजाज को क्लब की संरक्षिका बताया और कहा कि स्त्री शिक्षा के प्रति दोनों का समान समर्पण रहा है। उन्होंने डॉ. राधेश्याम शुक्ल की उपस्थिति को क्लब के लिए सौभाग्य बताया और कहा कि 32 वर्षों से चल रही क्लब की यात्रा का श्रेय सभी सदस्यों को जाता है।

डॉ. सरोज बजाज ने अपने उद्बोधन में महिला शिक्षा के प्रति अपने प्रयासों को साझा किया। उन्होंने बताया कि गांवों में लड़कियों की शिक्षा में पिछड़ापन देखकर उन्होंने नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की, ताकि उन्हें उच्च और तकनीकी शिक्षा मिल सके। उन्होंने समाज सेवा और साहित्य सेवा के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि डॉ. राधेश्याम शुक्ल ने डॉ. अहिल्या मिश्र और डॉ. सरोज बजाज के कार्यों की सराहना की और नई पीढ़ी से राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने भारत की अंतर्राष्ट्रीय पहचान को और ऊँचा उठाने तथा अशिक्षा व अज्ञान को दूर करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में क्लब की ओर से डॉ. सरोज बजाज और डॉ. राधेश्याम शुक्ल को शॉल और माला से सम्मानित किया गया। 'क से कविता' की ओर से प्रवीण प्रणव ने भी इन दोनों का सम्मान किया। डॉ. सरोज बजाज ने भी महिला दक्षता समिति की ओर से डॉ. अहिल्या मिश्र का सम्मान किया।

इसके बाद, अनुवादक जी. परमेश्वर के सानिध्य में काव्य गोष्ठी शुरू हुई।

प्रवीण प्रणव ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसी आमने-सामने की गोष्ठियाँ सभी को लेखन के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने डॉ. सरोज बजाज और डॉ. राधेश्याम शुक्ल के प्रति आभार व्यक्त किया। मीना मुथा ने कार्यक्रम का सुंदर संचालन किया। नर्सिंग कॉलेज की तरफ से सभी प्रतिभागियों को उपहार स्वरूप पौधे भेंट किए गए।

# अचलगच्छ जैन संघ में पर्युषण महापर्व का भव्य शुभारंभ

**हैदराबाद, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्री अचलगच्छ जैन संघ, हैदराबाद सिटी द्वारा संचालित श्री शांतिनाथ मंदिर में पर्युषण महापर्व का भव्य शुभारंभ बुधवार, 20 अगस्त 2025 से हो गया है। इस दौरान रामकोट स्थित कच्छी भवन में 27 अगस्त तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे।

संघ के चेयरमैन रमणीक नागडा और मैनेजिंग ट्रस्टी पोपटलाल छेड़ा ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह आयोजन पूज्य साध्वी श्री चारूदर्शनाश्रीजी म.सा. और साध्वी श्री कैवल्यदर्शनाश्रीजी म.सा. सहित अन्य साध्वियों की शुभ निश्रा में हो रहा है। ये सभी पूज्य संतगण वात्सल्यवारिधि पूज्य अरुणप्रभाश्रीजी म.सा. की शिष्याएं हैं। इस महापर्व को वर्तमान गच्छाधिपति पूज्य कलाप्रभसागरसूरीश्वरजी म.सा. और अन्य आचार्यों की आज्ञा और आशीर्वाद से आयोजित किया जा रहा है।



ट्रस्टी अनीष छेड़ा ने बताया कि पर्युषण महापर्व 20 अगस्त से शुरू होकर 27 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 9 बजे से प्रवचन, 11:30 बजे से अक्षयनिधि, समवसरण और 14 पूर्व तप एकासणा का आयोजन किया जाएगा।

शाम को 7 बजे से प्रतिक्रमण और 'आंगी एंजल्स' द्वारा भगवान की भव्य अंगरचना की जाएगी। रात 8 बजे से काचीगुडा स्थित जिनेश्वरधाम में भक्ति संध्या का आयोजन होगा, जिसमें सा रे गा मा पा भक्ति ग्रुप के संगीतकार योगेशभाई गोसर और उनकी टीम भक्तिमय माहौल बनाएगी।

24 अगस्त (रविवार): 14 स्वप्न के चढ़ावे, भगवान जन्मवांचन और श्रीसंघ स्वामीवात्सल्य का आयोजन किया जाएगा। इस दिन का स्वामीवात्सल्य मातुश्री राजबाई लीलधर जीवराज नागडा परिवार, वरंडी मोटी की ओर से रखा गया है।27 अगस्त (बुधवार): बारसा सूत्र का वाचन होगा।

28 अगस्त (गुरुवार): तपस्वी पारणा और श्रीसंघ नवकारशी का आयोजन होगा, जिसका लाभ मातुश्री मंजुलाबेन धनवंतराय छगनलाल मेहता परिवार, जामनगर की ओर से लिया गया है।

इस वर्ष के चातुर्मास संघपति का लाभ मातुश्री राजबाई पदमशी मोता परिवार और मीनाबेन गुलाबचंद मोता परिवार, कुवापधर कच्छ को प्राप्त हुआ है।

इस अवसर पर संघ के चेयरमैन रमणीकलाल नागडा, ट्रस्टी तलकशी गड़ा, अनीष छेड़ा, विपुल गाला, प्रचार संयोजक रिद्धीश जागीरदार, और अन्य सदस्य जैसे हरखचंद सावला, प्रदीप नागडा, राजीव मामणिया, भरत शाह, नवीन मारू, प्रवीण काराणी, महेंद्र पासड और सुरेश गाला उपस्थित थे।अचलगच्छ जैन संघ के पदाधिकारियों ने शहर के सभी धर्म प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे इन धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होकर परमात्मा शासन का लाभ उठाएं और पर्व की शोभा बढ़ाएं।



शापुर नगर स्थित पंवार निवास पर सीरवी समाज जीडिमेटला द्वारा नवनिर्वाचित सह सचिव मंगलराम पंवार के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के भुण्डाराम बर्फा, राजुराम लचेटा, सोहनलाल हाम्बड़, चौथाराम पंवार, थानाराम पंवार, सुजाराम काग, भुराराम व समाज बन्धु।



श्री माँ वैष्णो देवी के दर्शन के बाद उपस्थित गोशामहल मैदान मित्र मंडल के सदस्य राजेश करवा, सरिता करवा, गोपालदास राठी, संतोष राठी, रमेश चंद्र बंग, शोभा देवी बंग, हरीश गिल्डा, सरोज गिल्डा, ओमचंदक और शोभा चांडक ।

# राज राजेश्वरी गार्डन में पर्युषण पर्व का प्रथम दिवस खाद्य संयम दिवस के रूप में मनाया गया



**हैदराबाद,20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राज राजेश्वरी गार्डन, डायमंड पॉइंट, सिख विलेज में आज पर्युषण पर्व का प्रथम दिवस श्रद्धा-पूर्वक खाद्य संयम दिवस के रूप में मनाया गया। इस पावन अवसर पर साध्वी डॉ. गवेषणाश्री जी के मंगल सान्निध्य में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें मंच संचालन साध्वी श्री मेरु प्रभा जी ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत श्रावक-श्राविकाओं द्वारा मंगलाचरण से हुई, जिसमें लाडनूं, कालू, लूणकरणसर, छोटी खाटू, हनुमानगढ़, रामगढ़, फतेहपुर, किशनगढ़ जैसी विभिन्न स्थानों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके पश्चात साध्वी दक्ष प्रभा जी ने खाद्य संयम एवं पर्यूषण दिवस पर गीतिका का गायन किया और अपने विचार व्यक्त किए।साध्वीश्री डॉ. गवेषणाश्री जी ने अपने प्रवचन में कहा कि जैन धर्म का यह पर्व आत्मशुद्धि का महापर्व है। उन्होंने कहा कि पर्यूषण पर्व आत्मा की शुद्धि और आत्मिक विकास का प्रतीक है। यह पर्व मानव मन को नई दिशा, आत्म-उत्थान और संयम की ओर प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व भौतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक है, जिसमें आत्म-समर्पण और आत्म-प्रेरणा का महत्व है।

साध्वी मयंक प्रभा जी ने कहा कि यह तपस्यापूर्ण पर्व अहिंसा, आत्मनिरीक्षण और आत्मा की अनुभूति का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि जैन परंपरा में इस पर्व का विशेष महत्व है, जो आठ दिन तक चलता है और आत्मशुद्धि के विभिन्न उपायों को प्रेरित करता है। साध्वी दक्ष प्रभा जी ने आहार संयम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ रहने, प्रसन्नता व सौंदर्य वर्धन के लिए आहार संयम अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संयम मन, वचन और कर्म में दिखना चाहिए और इसे जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन ने भाग लिया और प्रवचन से प्रेरणा प्राप्त की। वातावरण श्रद्धा, भक्ति और संयम से ओतप्रोत रहा। सभी श्रद्धालुओं ने आगामी आठ दिनों के पर्युषण पर्व को संकल्पित मनाने का संकल्प लिया।तेरापंथ सभा सिकंदराबाद ने इस आयोजन का उत्तम व्यवस्था की। सभा के वरिष्ठजनों एवं कार्यकर्ताओं ने साध्वी श्रीजी के प्रवचन की प्रशंसा की और कहा कि उनके प्रवचन से समाज में धर्म, संयम और सेवा की भावना को नई ऊर्जा मिल रही है।इस अवसर पर सभा अध्यक्ष सुशील जी संचेती ने स्वागत वक्तव्य दिया, निर्मला जी बैद ने भगवान महावीर का जीवन दर्शन स्वरचित पुस्तक भेंट की, किशोर मंडल ने बैनर का विमोचन किया, और युवक परिषद ने भिक्षु दर्शन कार्यशाला का बैनर भी अनावरण किया। महासभा सदस्य लक्ष्मीपत जी बैद ने सभी संस्थाओं को संबंधित सूचनाएँ प्रेषित की।कार्यक्रम का समापन तेरापंथ सभा सिकंदराबाद के मंत्री हेमंत जी संचेती द्वारा आभार व्यक्त कर किया गया।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें X SCRailwayindia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**ई-निविदा सं. ईएलएस-बीजेडए-ईटीएन-06-2025-26 दि. : 18-08-2025** PUB/0992

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत अधोहस्ताक्षरी द्वारा 08-09-2025 **को** 15:00 बजे तक निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित है।

**क्र.सं. 1. निविदा सं.** बी/ई.221/टीआरएस/आरसी/544 ई-निविदा सं. ईएलएस-बीजेडए-ईटीएन-06-2025-26 दिनांक: 18-08-2025 **कार्य का विवरण** कार्य का नाम: पारंपरिक और 3-फेज बी.जी. इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के सहायक मोटरों की मरम्मत/ पुनर्वास/ ओवरहॉलिंग, दो (02) साल की अवधि के लिए। **पूरा करने की अवधि:** 24 महीने (2 वर्ष) **निविदा मूल्य ₹:** 1,65,59,132.33/- **पूर्व धरोहर राशि ₹:** 2,32,800/- निविदा बंद होने की तिथि और समय: 08-09-2025 15:00 **बजे**

1.निविदा की शर्तें/अन्य विवरण जैसे कि कार्य का पूरा नाम, समान प्रकृति के कार्य, पात्रता मानदंड आदि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध हैं।
2.इच्छुक निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी निविदा के लिए कोई भी बदलाव/शुद्धिपत्र देखने के लिए निविदा बंद होने की तिथि से पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ।
3.निविदा सूचना सीनियर डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, ट्रैक्शन रोलिंग स्टॉक, इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाड़ा के कार्यालय में स्थित नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित है, जिसे देखा जा सकता है।
4.रेलवे बिना कोई कारण बताए निविदा को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**हमारी साइट पर जाएँ: www.ireps.gov.in**

**सीनियर डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (टीआरएस) इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाड़ा**
**कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से**

**ई-निविदा सं. ईएलएस-बीजेडए-ईटीएन-07-2025-26 दि. : 18-08-2025** PUB/0993

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत अधोहस्ताक्षरी द्वारा 08-09-2025 **को** 15:00 बजे तक निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित है।

**क्र.सं. 1. निविदा सं.** बी/ई.221/टीआरएस/आरसी/545 ई-निविदा सं. ईएलएस-बीजेडए-ईटीएन-07-2025-26 दि. : 18-08-2025 **कार्य का विवरण** कार्य का नाम: पारंपरिक और 3-फेज बी.जी. इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के सहायक मोटरों की रीवाइंडिंग, दो (02) साल की अवधि के लिए। पूरा करने की अवधि: 24 **महीने (2 वर्ष)** निविदा मूल्य ₹: 80,62,460.50/- पूर्व धरोहर राशि ₹: 1,61,300/-निविदा बंद होने की तिथि और समय: 08-09-2025 15:00 **बजे**

1.निविदा की शर्तें/अन्य विवरण जैसे कि कार्य का पूरा नाम, समान प्रकृति के कार्य, पात्रता मानदंड आदि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध हैं।
2.इच्छुक निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी निविदा के लिए कोई भी बदलाव/शुद्धिपत्र देखने के लिए निविदा बंद होने की तिथि से पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ।
3.निविदा सूचना सीनियर डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, ट्रैक्शन रोलिंग स्टॉक, इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाड़ा के कार्यालय में स्थित नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित है, जिसे देखा जा सकता है।
4.रेलवे बिना कोई कारण बताए निविदा को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**हमारी साइट पर जाएँ:** www.ireps.gov.in

**सीनियर डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (टीआरएस) इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाड़ा**
**कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से**

**ई-निविदा सं. ईएलएस-बीजेडए-ईटीएन-08-2025-26 दि.: 18-08-2025** PUB/0994

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत अधोहस्ताक्षरी, 08-09-2025 **को** 15:00 **बजे तक** निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करता है।

**क्र.सं. 1. निविदा सं.** बी/ई.221/टीआरएस/आरसी/546 ई-निविदा सं. ईएलएस-बीजेडए-ईटीएन-08-2025-26 दिनांक: 18-08-2025 **कार्य का विवरण** कार्य का नाम: **3-फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के लिए 6531 केवीए ट्रांसफार्मर की मरम्मत/पुनर्वास, मात्रा: 04 नग (ईएलएस/बीजेडए: 01 नग, ईएलएस/केजेडजे: 01 नग, डीएसएल/बीजेडए: 01 नग और डीएसएल/जीवाई: 01 नग)।** पूरा करने की अवधि: 36 **महीने (3 वर्ष)** निविदा मूल्य ₹: 1,96,66,942.24/- पूर्व धरोहर राशि ₹: 2,48,300/- निविदा बंद होने की तिथि और समय: 08-09-2025 15:00 **बजे**

1.निविदा की शर्तें/अन्य विवरण जैसे कि कार्य का पूरा नाम, समान प्रकृति के कार्य, पात्रता मानदंड आदि वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध हैं।
2.इच्छुक निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी निविदा के लिए कोई भी बदलाव/शुद्धिपत्र देखने के लिए निविदा बंद होने की तिथि से पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ।
3.निविदा सूचना सीनियर डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, ट्रैक्शन रोलिंग स्टॉक, इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाड़ा के कार्यालय में स्थित नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित है, जिसे देखा जा सकता है। 4.रेलवे बिना कोई कारण बताए निविदा को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**हमारी साइट पर जाएँ: www.ireps.gov.in**

**सीनियर डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (टीआरएस) इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाड़ा**
**कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से**

**ई-निविदा सं. ईएलएस-बीजेडए-ईटीएन-09-2025-26 दि. : 18-08-2025** PUB/0995

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत अधोहस्ताक्षरी द्वारा 08-09-2025 **को 15:00 बजे तक** निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित है।

**क्र.सं. 1. निविदा सं.** बी/ई.221/ टीआरएस/आरसी/547 ई-निविदा सं. ईएलएस-बीजेडए-ईटीएन-09-2025-26 दि. : 18-08-2025 **कार्य का विवरण** कार्य का नाम: **ईएलएस/बीजेडए – इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाड़ा में 3-फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के 7775 केवीए ट्रांसफार्मर की मरम्मत/पुनर्वास/रीकंडीशनिंग।** पूरा करने की अवधि ₹: 36 **महीने (3 वर्ष)** निविदा मूल्य ₹: 1,51,82,956.92/- पूर्व धरोहर राशि : 2,25,900/- निविदा बंद होने की तिथि और समय: 08-09-2025 15:00 **बजे**

1.निविदा की शर्तें/अन्य विवरण जैसे कि कार्य का पूरा नाम, समान प्रकृति के कार्य, पात्रता मानदंड आदि वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध हैं।
2.इच्छुक निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी निविदा के लिए कोई भी बदलाव/शुद्धिपत्र देखने के लिए निविदा बंद होने की तिथि से पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ।
3.निविदा सूचना सीनियर डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, ट्रैक्शन रोलिंग स्टॉक, इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाड़ा के कार्यालय में स्थित नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित है, जिसे देखा जा सकता है।
4.रेलवे बिना कोई कारण बताए निविदा को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**हमारी साइट पर जाएँ: www.ireps.gov.in**

**सीनियर डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (टीआरएस) इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाड़ा**
**कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से**

**ई-निविदा सं. एन-एसजी-36-2025-26-3-आईएनटी-13 दि.: 14.08.2025** PUB/0996

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत सीनियर डीएसटीई/एनईडी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित है।

**निविदा सं. और दि. :** एन-एसजी-36-2025-26-3-आईएनटी-13 दिनांक 14.08.2025 **कार्य का नाम:** नांदेड़ मंडल के तहत बीडीयू-जे के बीच एलसी नंबर 72, बीएमएफ-एमआरवी के बीच एलसी 168, और एलएसआर-पीअ-जेड स्टेशनों के बीच एलसी 37 का प्रस्तावित इंटरलॉकिंग। **अनुमानित परियोजना लागत ₹:** 1,11,72,854/- **बोली सुरक्षा ₹:** 2,05,900/- **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीने **बोली बंद होने की तिथि (बोली देय तिथि):** 09.09.2025 को 15:00 बजे **बोली खोलने की तिथि:** 09.09.2025 को 15:00 बजे के बाद **प्रस्ताव की वैधता:** बोली बंद होने की तिथि से 60 दिन **निविदा पुस्तिका की लागत:** 0/-

सभी बोलियां भारतीय रेलवे के ई-टेंडरिंग पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर होंगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। अधिक जानकारी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।

**A1229** **सीनियर डीएसटीई/एनईडी**

अतिरिक्त निविदा शर्तों/विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपाया वेबसाइट : www.ireps.gov.in या http://www.scr.indianrailways.gov.in देखें



DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, KUDALAMAHA LAXMI, is legally dependent Mother of Service No.17025093K, Rank: NK, Name: KUDALA PRASAD, Unit: 33 CORE ZONAL WKSP C/o. 99 APO Residing at Vill: HARSHABADA, PO: NOWGOM, Tch: NANDIGAM, Dist: SRIKAKULAM, State: ANDHRA PRADESH, Pin: 532201, I have Changed my name from KUDALAMAHA LAXMI to KUDHALLA MAHALAXMI, My Date of Birth is 01-01-1971, Affidavit P DAYAVATHI, LLM date 19/08/2025

**CHANGE OF NAME**

I, KUDALA RAMAIAH, is legally dependent Father of Service No. 17025093K, Rank: NK, Name: KUDALA PRASAD, Unit: 33 CORE ZONAL WKSP C/o. 99 APO Residing at Vill: HARSHABADA, PO: NOWGOM, Teh: NANDIGAM, Dist: SRIKAKULAM, State: ANDHRA PRADESH, Pin: 532201, I have Changed my name from KUDALA RAMAIAH to KUDHALLA RAMARAO, My Date of Birth is 01-01-1964, Affidavit date 19/08/2025

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, SURYA DEVI is legally Mother of Service No-14665902W,Rank-NK, Name-Nagendra Bharath P Residing at D.No-30-17-4/1, Vadlapudi RH Colony, PO- Vadlapudi, Teh&Mandal-Gajuwaka, Distt-Visakhapatnam,PIN-530046,State-Andhra Pradesh. I have changed my name from SURYA DEVI to PALIPILLI SURYADEVI and also date of birth changed from 01/07/1958 to 01/07/1965 Affidavit dated 20 Aug 2025 before Notary G Ramchander Advocate Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, NANTHINI AJAY PRADEEP is legally wedded Spouse of Service No-15179408Y, Rank-HAV, Name-Ajay Pradeep J Residing at H.No-3/70B, JK & UM Bhavan,PO-Kalpady, Distt-Kanya Kumari, PIN-629204,State-Tamil Nadu. I have changed my name from NANTHINI AJAY PRADEEP to NANTHINI U M and date of birth is 03/06/1992 Affidavit before X Spl Judicial Magistrate Hyderabad

# बाढ़ से हुए नुकसान को रोकने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : जुपल्ली



**आसिफाबाद, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राज्य के आबकारी, पर्यटन, संस्कृति एवं पुरातत्व मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने कहा है कि पिछले एक सप्ताह से हो रही भारी बारिश के कारण बाढ़ से हुए नुकसान को रोकने के लिए अधिकारी समन्वय के साथ काम करेंगे। बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट भवन में आयोजित एक समीक्षा बैठक में उन्होंने यह बात कही।

बैठक में आदिलाबाद विधान परिषद के सदस्य दांडे विट्ठल, जिला कलेक्टर वेंकटेश दोत्रे, पुलिस अधीक्षक कांतिलाल सुभाष, विधायक कोवा लक्ष्मी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करें और राहत उपायों को तुरंत लागू करें।

प्रारंभिक अनुमानों के अनुसार, जिले में 64,503 एकड़ में कपास, चावल और अन्य फसलें बर्बाद हो गई हैं, जिससे लगभग 3,100 किसान प्रभावित हुए हैं। मंत्री ने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मौके पर जाकर नुकसान का विस्तृत विवरण तैयार करें ताकि प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जा सके।

इसके अलावा, बारिश के कारण कई पशुओं की भी मौत हुई है। मंत्री ने पशु चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि वे जल्द से जल्द एक रिपोर्ट तैयार करें ताकि नियमानुसार मुआवजा दिया जा सके।

भारी बारिश के कारण कई सड़कें, पुल और पुलिया क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे यातायात बाधित हो रहा है। मंत्री ने पंचायत राज, सड़क एवं भवन निर्माण विभागों को निर्देश दिया कि वे जल्द से जल्द मरम्मत कार्य शुरू करें ताकि लोगों को कोई असुविधा न हो।

इसके अलावा, बैठक में बताया गया कि सिरपुर-टी में समाज कल्याण गुरुकुल स्कूल की इमारत जर्जर हो गई है और छात्रों को स्थानांतरित करने में दिक्कत आ रही है। सदस्यों ने वन विभाग द्वारा इंदिराम्मा आवासों के निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने की भी अपील की।

जिला कलेक्टर वेंकटेश दोत्रे ने बताया कि बाढ़ के दौरान निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है और लोगों की मदद के लिए जिला कलेक्ट्रेट में 24 घंटे का नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।आसिफाबाद निर्वाचन क्षेत्र की विधायक कोवा लक्ष्मी ने प्रभारी मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने पर श्री राव को बधाई दी और क्षेत्र में सड़कों के निर्माण तथा वट्टी वागु और कोमुरम भीम परियोजनाओं से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।मंत्री ने आसिफाबाद मंडल के मालन गोंडी गाँव के एक पीड़ित, सिदाम गंगू को 1.5 लाख रुपये का मुआवजा दिया, जिनकी बकरियां बारिश के कारण मर गई थीं।बैठक से पहले, मंत्री ने आसिफाबाद मंडल के राजुरा गाँव जाने वाली सड़क पर एक पुल का निरीक्षण किया और जिला केंद्र में कोमुरम भीम की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस बैठक में कई संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

# शैक्षणिक मानकों के कार्यान्वयन को लेकर मंत्री जुपल्ली ने असंतोष व्यक्त किया



**आसिफाबाद, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिले के प्रभारी मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने जिले में शैक्षिक मानकों के कमजोर कार्यान्वयन पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। बुधवार को आसिफाबाद के अपने दौरे के दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए यह बात कही।

मंत्री ने मंगलवार रात को जैनूर मंडल के मारलवाई आश्रम स्कूल का दौरा किया, जहाँ वे जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे के साथ रुके। उन्होंने छात्रों से गणित और अंग्रेजी के सवाल पूछे, लेकिन छात्रों द्वारा संतोषजनक जवाब न दे पाने पर उन्होंने शिक्षकों के प्रदर्शन पर गहरी नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, लेकिन इसके बावजूद शिक्षण मानकों को सही ढंग से बनाए नहीं रखा जा रहा है।

मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने मीडिया को बताया कि उन्होंने जिला कलेक्टर और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे शिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए तुरंत कदम उठाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर छात्र कम से कम बुनियादी स्तर पर पढ़-लिख सके।

# तड़गुर गांव में रांचन्ना मंदिर का कलश स्थापना किया गया



**मदनूर, 20 अगस्त ( शुभ लाभ ब्यूरो )।** मदनूर मंडल बड़ा तड़गुड़ गांव के स्थानिक जनता ने बताए की स्थानिक पुरातन व प्रसिद्ध रचना मंदिर का जीर्णोद्धार के साथ कलश स्थापना होने गांव के मठाधीश सदगुरू 108 शंकर लिंग शिवाचार्य महाराज,अक्षय शंकर अप्पा स्वामी मदनूर के मंत्र उपचार के साथ गवरी गणपति, कलश पूजा हवन महा आरती के साथ भक्ति भाव से एक भक्त ने तड़गुड़ गांव में एक आती सुंदर मंदिर का जीर्णोद्धार व कलश स्थापना

किया इस का अर्थ है किसी मंदिर का पुनर्निर्माण या नवीनीकरण करना, जिसमें उसकी मरम्मत, जीर्णोद्धार और भव्यता को वापस लाना है। इस समय भक्तों ने महाप्रसाद सेवन किया।

# शिक्षा क्षेत्र में सुधार पर सरकार का जोर, छात्रों से सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील



**आसिफाबाद, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आबकारी, पर्यटन, संस्कृति और पुरा-तत्व राज्य मंत्री और जिला प्रभारी मंत्री, जुपल्ली कृष्ण राव ने कहा है कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। उन्होंने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि वे सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का पूरा लाभ उठाकर जीवन में उच्च स्तर पर पहुँचे।

मंत्री मंगलवार रात जिले के जैनूर मंडल के मरलावई गाँव स्थित राजकीय बालक आश्रम विद्यालय के छात्रावास में रुके और उन्होंने बुधवार सुबह छात्रों के साथ नाश्ता भी किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास के रसोईघर, शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अम्मा आदर्श विद्यालय समिति के माध्यम से सभी सरकारी स्कूलों में आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करके छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी।

श्री राव ने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि छात्रों के आहार शुल्क में 40 प्रतिशत और प्रसाधन सामग्री शुल्क में 200 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि छात्रों को दोपहर के भोजन में मेनू के अनुसार पौष्टिक और समय पर भोजन मिले। इसके अलावा, छात्रों के स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया।

उन्होंने कहा कि कल्याण छात्रावासों में रहने वाले गरीब छात्रों को न्यूनतम बुनियादी सुविधाएँ, गुणवत्तापूर्ण भोजन और उनकी पढ़ाई में मदद मिलनी चाहिए। उन्होंने छात्रों से उनके भोजन और सुविधाओं के बारे में बात की और कुछ छात्रों से उनके विषय ज्ञान पर सवाल भी पूछे।

शिक्षकों से बातचीत में, मंत्री ने छात्रावासों में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण भोजन देने, उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी करने और उनकी समस्याओं को तुरंत हल करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा प्रणाली और शिक्षण विधियों में बदलाव की आवश्यकता है और सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी और अन्य लोग भी मौजूद थे।

# लोगों को बचाने के लिए विशेष बचाव दल का गठन : किशोर झा



**मंचेरियाल, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** किसी भी कठिन चुनौतियों का सामना करना पुलिस विभाग में एक विशेष टीम सबसे भयानक परिस्थितियोंमें खडे होने और आग, भूकंप, बाढ़ और अन्य आपदाओं के दौरान लोगों को बचाने के लिए तैयार इस टीम के सदस्य अपनी जान की परवाह किए बिना खतरे में फंसे लोगों को बचाते हैं पिछले साल हुई आपदाओं को ध्यान में खते हुए रामागुंडम सीपी अंबर किशोर झा कलेक्टर कुमार दीपक और डीसीपी एगा डी.भास्कर ने कार्रवाई की है एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) के तत्वावधान में कमिश्रेट के प्रत्येक पुलिस स्टेशन से मेरिकल जैसे 90 कांस्टेबल चुने गए थे हैदराबाद नागोले में एक सप्ताह के लिए विशेष प्रशिक्षण देकर टीम को तैयार किया गया था पिछले साल लगातार भारी बारिश के कारण जिले के कई दूरदराज के गांव जलमान हो गए थे जिससे लोगों को काफी परे-शानी हुई थी जिला केंद्र स्तिथि एनटीआर नगर, पद्यशालीकलानी, रेडीकलानी, रल्लापेट, रामनगर और एलआईसी कॉलोनियां पूरी तरह जलमगन हो गई एक साल बाद भी पीड़ित नुकसान से उबर नहीं पाए थे प्रति परिवार लगभग 3 लाख रुपये का नुकसान हुआ था तत्कालीन सरकार ने उन्हें कोई सहायता नहीं दी जब भी बारिश का मौसम आता है जिले के लोग कांपने लगते हैं पिछले दिनों कालेश्वरम परियोजना के साथ बन रही सुंदिला और एलमपेल्ली परियोजनाओं में भारी पानी घुसने से मंचेरियाल शहर की कई कॉलोनियां बैकवाटर गोदावरी प्रवाह और कर्डर नहरों और नालों आर्ड बाढ़ के कारण जलमग्न हो गई थीं स्थानिय पुलिस और नगरपालिका कर्मचारियों ने प्रभावित लोगों को बचाने के लिए कड़ी मेहनत की परिवार वर्तमान में इस डर में जी रहे हैं कि अगर बारिश हुई तो उनके घर नष्ट हो जाएंगे हमने लोगों को बचाने के लिए एक विशेष बचाव दल का गठन किया है हमने मेरिकल जैसे कांस्टेबलों का चयन किया है और उन्हें कठोर प्रशिक्षण दिया है जो लोग बाढ़ में फँसे हैं या यात्रा कर रहे हैं और उन्हें परे-शानी हो रही हैं वे बस डायल 100 पर कॉल कर सकते है और स्थानीय पुलिस या बचाव दल के सदस्य तुरंत प्रतिक्रिया देंगे और सुरक्षा प्रदान करेंगे आपदा आने पर निराश न हों बारिश के मौसम में लोगों को सतर्क रहना चाहिए हमने आपदाओं के दौरान लोगों की जान बचाने के उदेश्य से बाढ़.बचाव दल का गठन किया है रामागुंडम कमिश्नर के अंतर्गत गठित बचाव दल कमिश्नर की देखरेख में काम करता है अगर लोगों को कहीं खतरा हो तो वे स्थानीय पुलिस स्टेशन या डायल 100 पर कॉल करके जानकारी दे सकते हैं और पुलिस बचाव दल तुरंत उस स्थान पर पहुँच जाएगा तकनीक और अत्याधुनिक उपकरणों के आधार पर टीम के सदस्य खतरे में पड़े लोगों की जान बचाने की कोशिश करते हैं चाहे कहीं पेड़ गिर जाए सड़के और पुल बह जाए और यातायात रुक जाए या बाढ़ के कारण लोग पानी में फँस जाएँ और कॉलोनियों में पानी घुस जाए जब विभिन्न प्राकृतिक आपदाएँ आती है तो इस बचाव दल के सदस्य बिना अपनी जान की परवाह किए लोगों को बचाते हैं 30 लोगों वाली तीन टीमें 24 घंटे जनता के लिए उपलब्ध रहती है।

# किनवट में अतिवृष्टि से फसल को नुकसान तहसीलदार को सौंपा गया ज्ञापन




**किनवट, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** किनवट शहर और तहसील में हुई मूसलाधार बारिश के कारण किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। भारी वर्षा से शहर में घरों में पानी घुसने तथा कई स्थानों पर खेती जलमग्न हो जाने से भारी नुकसान हुआ है। इस अतिवृष्टि से हुए नुकसान का तुरंत सर्वेक्षण करवाकर क्षतिग्रस्त लोगों को सरकारी आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराने की मांग को लेकर तहसील कांग्रेस पार्टी ने किनवट तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि शहर और तहसील में हुई मूसलाधार बारिश के कारण पैनगंगा नदी, नादिया और अन्य नाले उफान पर आ गए हैं। नदी किनारे बसे गांवों और शहर के निचले इलाकों में बारिश का कहर देखने को मिला है। घरों और खेतों में बारिश का पानी घुसने से काफी नुकसान हुआ है।इससे किसानों के मुंह तक आने वाला निवाला छिन गया है, जिससे उनकी चिंता बढ़ गई है। इस प्राकृतिक आपदा के समय कांग्रेस पार्टी ने अतिवृष्टि से हुए नुकसान को लेकर तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार मो. रफीक को ज्ञापन के माध्यम से तुरंत सर्वेक्षण कराने और क्षतिग्रस्त लोगों को आर्थिक सहायता सरकार द्वारा तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की है।सौंपे गए ज्ञापन पर तहसील कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत रेड्डी, शहर अध्यक्ष गिरीश नेमानीवार, पूर्व नगर अध्यक्ष मूर्ति अण्णा, वरिष्ठ नेता सिराज जिवाणी, आंबाजी पाटील लोणीकर, अभय महाजन, सुभाष नायक, सुभाष बाभुलकर, वसंत राठोड़, जवाद आलम, संदीप निखाते, शेख परवीन, शेख इमरान, शार्दुला शेख, लक्ष्मीपति दोन-पेलीवार, अब्दुल खालिद नाकामुंशी, शरद कोतापेलीवार, फारुक बाबा, माधव खेडकर, मुजाहिद शेख, अनिल बांगड़े आदि नेताओं के हस्ताक्षर हैं।

# केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ पात्र आदिवासियों तक पहुँचाया जाए : धोत्रे




**आसिफाबाद, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा शुरू की जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र आदिवासियों तक पहुँचाने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। मंगलवार को, जिला मुख्यालय स्थित एकीकृत जिला कलेक्ट्रेट भवन के सभाकक्ष में राष्ट्रीय ग्राम उत्थान अभियान एवं आदि कर्मयोगी अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों के साथ आयोजित बैठक में दरती आभा जन उपस्थित थीं। इस अवसर पर बोलते हुए, जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री जुगाड़ योजना के अंतर्गत, जिले के 12 मंडलों के 102 गाँवों के आदिवासियों को ब्लॉक स्तरीय (मंडल) मास्टर प्रशिक्षकों एवं ग्राम स्तरीय प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जाना चाहिए ताकि केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाएँ प्रत्येक आदिवासी परिवार तक पहुँच सकें। उन्होंने कहा कि मिशन भागीरथ, आदिम जाति कल्याण, ग्रामीण विकास, चिकित्सा स्वास्थ्य, वन, शिक्षा एवं बाल कल्याण विभागों से ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षकों एवं पंचायत स्तरीय कर्मचारियों का चयन किया जाए। प्रशिक्षण के पश्चात् जिले के 12 मंडलों के 102 गांवों में ग्राम सभाओं का आयोजन कर गतिविधियों की योजना बनाई जाए।

यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक गांव में आयोजित होने वाली ग्राम सभा में गांवों में कार्यरत प्रत्येक विभाग के कर्मचारी, स्वयं सहायता समूहों के सदस्य, गांव के बुजुर्ग, युवा समूह एवं स्वयंसेवी संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित हो। कहा गया कि प्रत्येक ग्राम सभा में पंचायत राज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, विद्युत एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

# यूरिया की भारी कमी को लेकर किसानों का विरोध प्रदर्शन



**मंचेरियाल, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के जोगुलम्बा गडवाल राजन्ना सिरसिला वारंगल और महबूबाबाद समेत कई ज़िलों में किसान यूरिया की भारी कमी के विरोध में सड़कों पर उतरे जो उनकी फसलों के लिए बेहद ज़रूरी उर्वरक है कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन के दौरान सड़क जाम और धरने भी हुए जोगुलम्बा गडवाल में किसानों ने बुधवार को प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (झ-उड) कार्यालय के सामने धरना दिया मुख्य सड़क जाम कर यातायात ठप कर दिया यूरिया की अनुपलब्धता के विरोध में यह विरोध प्रदर्शन किया गया किसानों का आरोप है कि अधिकारी चार दिनों से उन्हें गुमराह कर रहे थे ज़रूरी आपूर्ति का वादा कर रहे थे लेकिन कभी नहीं पहुँचा।बीआ-रएस नेता हनुमंतु नायडू ने किसानों के साथ एकजुटता दिखाई और उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने में विफल रहने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की उन्होंने कहा कि बीआरएस सरकार के दौरान ऐसी कोई कमी नहीं देखी गई नायडू ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इस मुद्दे का तुरंत समाधान नहीं किया तो बड़े विरोध प्रदर्शन होंगे पुलिस के साथ बातचीत और कृषि अधिकारियों द्वारा तत्काल कदम उठाए जाने के आश्वासन के बाद किसान तितर-बितर हो गए राजन्ना सिरसिला में एल्लारेड्डीपेट मंडल के बोप्पापुर गाँव के किसानों ने यूरिया की अपर्याप्त आपूर्ति पर चिंता व्यक्त की क्योंकि पूरे गाँव के लिए केवल 240 बैग आवंटित किए गए थे उन्होंने एक डिलीवरी ट्रक को रोक दिया और माँग की कि पूरा यूरिया स्थानीय स्तर पर वितरित किया जाए चंदुर्थी और इल्लंतकुंटा जैसे अन्य मंडलों में किसानों ने बताया कि उन्हें यूरिया की डिलीवरी के लिए झ-उड केंद्रों पर घंटों बिताने पड़े। स्टॉक सीमित होने के कारण उन्हें अक्सर जगह आरक्षित करने के लिए कतारों में जूते-चप्पल रखने पड़ते थे बीआरएस नेता चालमेदा लक्ष्मीनरसिंह राव ने कांग्रेस सरकार पर खराब योजना बनाने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि अगर यही स्थिति बनी रही तो वे तीव्र विरोध प्रदर्शन करेंगे वारंगल में नरसंपेट निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत खानापुर मंडल के बुधरावपेट में किसानों ने यूरिया की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया।पूर्व विधायक पेड्डी सुदर्शन रेड्डी भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए और इस संकट के लिए कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन को ज़िम्मेदार ठहराया उन्होंने उन किसानों की हताशा पर प्रकाश डाला जो कई दिनों से कतारों में खड़े हैं और अक्सर खाली हाथ लौट रहे हैं महबूबाबाद में भी स्थिति उतनी ही भयावह थी नेल्लिकुदुर मंडल में किसान सुबह 5 बजे से ही स्थानीय सोसाइटी केंद्र पर यूरिया बैग हासिल करने के लिए बारिश का सामना करते हुए कतार में खड़े हो गए और कई किसानों ने अपनी जगह बनाए रखने के लिए चप्पलें भी पहन ली थोरूर मंडल में सरकारी लापरवाही के आरोपों को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए आरोप लगाया गया कि कतार में खड़े किसानों द्वारा रखी गई पासबुक और आधार की प्रतियों को झ-उड कर्मचारियों ने बाथरूम में फेंक दियाएक घटना में वारंगल जिले के नल्लाबेली मंडल के मेडिपल्ली में यूरिया वितरण के दौरान झड़प हो गई जिसमें एक किसान मामूली रूप से घायल हो गया स्थानीय बीआरएस नेताओं ने कांग्रेस सरकार पर यूरिया की कृत्रिम कमी पैदा करने और कालाबाजारी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया बीआरएस नेत-ाओं ने पर्याप्त यूरिया वितरण सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है यूरिया की कमी के कारण खरीफ की बुवाई विशेष रूप से धान और मक्का की बुवाई बाधित हुई है क्योंकि किसानों को देरी का सामना करना पड़ रहा है जिससे फसल की पैदावार पर खतरा मंडरा रहा है।

## संस्कार फ़्यूज़न की तृतीय तैयारी बैठक आयोजित

# संस्कार महोत्सव की तैयारियां जोरों पर




**हैदराबाद, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** संस्कार फ़्यूज़न द्वारा आगामी संस्कार महोत्सव 2025 की तैयारियों के लिए तीसरी तैयारी बैठक का आयोजन हैदराबाद में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस बैठक में विभिन्न समितियों ने अपने-अपने क्षेत्रीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किए और आयोजन की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में समाज और युवा शक्ति की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया।

बैठक में लगभग 40 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें विभिन्न समितियों के प्रतिनिधि और स्वयंसेवक शामिल थे। सभी समितियों ने अपने क्षेत्रीय कार्यों की प्रगति और भावी योजनाओं के बारे में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। इन प्रतिवेदनों में प्रचार-प्रसार, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की योजना, लॉजिस्टिक्स व्यवस्था और सामुदायिक सहभागिता जैसे प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा हुई। सदस्यों ने संस्कार महोत्सव को एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक बनाने के लिए अपने सुझाव और विचार साझा किए।बैठक के दौरान संस्कार महोत्सव के तीन प्रमुख प्रायोजकों का विशेष सम्मान किया गया। सम्मानित प्रायोजकों में शामिल थे: सागर जी चांडा, पंकज जी चांदक और अभिषेक जी गुप्ता ।इन प्रायोजकों के सहयोग को आयोजन की सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताया गया। उनके योगदान ने न केवल महोत्सव की आर्थिक आधारशिला को मजबूत किया, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक उद्देश्यों को भी प्रोत्साहन दिया।संस्कार महोत्सव के प्रचार-प्रसार के लिए चारमीनार पुलिस स्टेशन सीमा क्षेत्र में एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में चारमीनार पुलिस स्टेशन के एसएचओ चंद्रशेखर जी की उपस्थिति में स्थानीय लोगों को महोत्सव की प्रचार सामग्री वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को इस सांस्कृतिक आयोजन से जोड़ना और सामुदायिक जागरूकता बढ़ाना था। प्रचार सामग्री में महोत्सव की तारीख, स्थान और प्रमुख आकर्षणों की जानकारी शामिल थी, जिसे लोगों ने उत्साहपूर्वक स्वीकार किया।संस्कार फ़्यूज़न के अध्यक्ष श्री भारत चांडा ने बैठक के समापन पर सभी सदस्यों, प्रायोजकों और सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, समाज और युवा शक्ति के सहयोग से यह संस्कार महोत्सव न केवल एक आयोजन होगा, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का एक ऐतिहासिक मंच सिद्ध होगा। हमारा उद्देश्य हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाना और समाज में एकता व भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित करना है।

संस्कार महोत्सव 2025 हैदराबाद में सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का एक अनुपम उत्सव होने की उम्मीद है। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं को बढ़ावा देगा, बल्कि युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने और सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक में चर्चा किए गए बिंदुओं और प्रायोजकों के सहयोग से यह आयोजन भव्य और प्रभावशाली होने की पूरी संभावना है।

## अग्रवाल समाज तेलंगाना की जॉब समिति और करियर काउंसलिंग टीम की बैठक सम्पन्न




**हैदराबाद, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज तेलंगाना की जॉब समिति और करियर काउंसलिंग टीम की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार, 17 अगस्त को राघवरत्न अग्रवाल समाज कार्यालय में आयोजित की गई।

समिति के चेयरमैन प्रेम अग्रवाल ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी जॉब मेला-2 की तैयारियों पर चर्चा करना था। बैठक में सभी सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रेम अग्रवाल ने कहा कि अगली बैठक में जल्द ही जॉब मेले की अंतिम तिथि तय करके उसकी घोषणा की जाएगी।बैठक में प्रमुख रूप से प्रेम अग्रवाल, ललित अग्रवाल, राज अग्रवाल, सीए ऋषभ, नवीन अग्रवाल, रोशन अग्रवाल, रुशील अग्रवाल, अपेक्ष अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, योगेश्वर अग्रवाल, रोनक अग्रवाल, मेघा अग्रवाल और किरण गोयंका सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## राधे राधे ग्रुप द्वारा नित्य अन्नप्रसाद सेवा



**हैदराबाद, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बुधवार को राधे राधे ग्रुप, हैदराबाद द्वारा नित्य अन्नप्रसाद (नाश्ता) सेवा का आयोजन किया गया। यह सेवा सुबह 7:01 बजे पब्लिक गार्डन, पिलर-ए1265, नामपल्ली और बेगम बाजार गौशाला के पास संपन्न हुई।

यह अन्न सेवा भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि के शुभ अवसर पर राधे राधे ग्रुप द्वारा की गई। इस सेवा का उद्देश्य ॐ श्री अन्नपूर्णा देव्यै नमः के मंत्र के साथ ज़रूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराना है।



प्रमुख समाजसेवी और 'गौरत्न' से सम्मानित जसवंत भाई पटेल को हाल ही में विशाखापट्टनम गुजराती समाज का अध्यक्ष बनने पर अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने बधाई दी है। इस मौके पर बोनाला श्रीनिवास, रिद्धिश जागीरदार, रंजन शाह, मुकेश चौहान और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे, जिन्होंने जसवंत भाई पटेल को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## अग्रवाल मैरेज ब्यूरो का 31 अगस्त को शुभारंभ

**हैदराबाद, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल मैरेज ब्यूरो का शुभारंभ 31 अगस्त को एम.एल.ए. कॉलोनी, बंजारा हिल्स, रोड नंबर 12 पर होगा। इसके संचालक मुकुंद लाल अग्रवाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि आज के समय में विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए सही जीवनसाथी ढूँढना एक कठिन कार्य है। इस समस्या को दूर करने के लिए वे यह सेवा शुरू कर रहे हैं। वर्तमान में उनके पास 500 से अधिक बायोडाटा उपलब्ध हैं, जिनमें 1990 से लेकर 2002 तक के युवक-युवतियों के बायोडाटा शामिल हैं। यहाँ हर बजट के परिवारों के लिए विकल्प मौजूद हैं और तलाकशुदा लोगों के भी बायोडाटा उपलब्ध हैं।यह सेवा अग्रबंधुओं के लिए पूरी तरह से निःशुल्क है, और इसे केवल समाज सेवा के उद्देश्य से शुरू किया गया है। सभी बायोडाटा को पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा। विशेष रूप से, लड़कियों के बायोडाटा लड़कों के परिवार को सीधे नहीं दिए जाएँगे।

लड़की वालों को उनके बजट के अनुसार लड़कों के बायोडाटा दिखाए जाएँगे।






## वात्सल्य के महासागर जैनाचार्य श्रीमद्विजयराजयश सूरीश्वरजी म.सा. का देवलोक गमन



**हैदराबाद, 20 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** वात्सल्य के महासागर, पूज्य गच्छाधिपति, महान जैनाचार्य श्रीमद्विजयराजयश सूरीश्वरजी म.सा. के देवलोक गमन पर श्री सहस्त्रफणा पार्श्वनाथ श्वेतांबर जैन संघ, रसूलपुरा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जैन रत्न रमेश पी. तातेड़ द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पूज्य भावरत्नाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा-08 की छत्रछाया में मंदिर प्रांगण में सामूहिक भक्ति-आराधना और स्वाध्याय का आयोजन हुआ।इस अवसर पर, संघ के सदस्यों ने पूज्य आचार्यश्री को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनकी स्मृति में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। यह भी बताया गया कि रसूलपुरा, सिकंदराबाद स्थित श्री सहस्त्रफणा पार्श्वनाथ जैन मंदिर में प्रतिष्ठा महोत्सव उन्हीं के पावन कर कमलों से संपन्न हुआ था। आचार्यश्री का संपूर्ण जीवन साधना, त्याग, करुणा और धर्मप्रभावना का अनुपम आदर्श रहा है।इस कार्यक्रम में संघाध्यक्ष संघवी निर्मल कोठारी, मंत्री सुधीर आर. कोठारी, ट्रस्टीगण, अशोक मेहता, जैन रत्न रमेश पी. तातेड़, संघवी रमन कोठारी, प्रकाशमल भंडारी, मुकेश कटारिया और संघ के सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।









स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.